सुप्रभात
रांची, बुधवार
15.02.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, दशमी, संवत 2079 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 213



12 पार्टनर का फोन चेक करती थीं कैटरीना

B.A. COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY, JAMSHEDPUR
RAJENDRA VIDYALAYA (RV) GROUP OF INSTITUTIONS
APPROVED BY AICTE & AFFILIATED TO JHARKHAND UNIVERSITY OF TECHNOLOGY
ESTD : 2007 BACET
Flagship Courses : B.Tech, BBA, BCA
Seat Booking Open for 2023
WHY CHOOSE US?
•Consistent Placement over 95% •Special Cell for Entrepreneurship& Start-Up Initiatives.
•Bank Education Loan Facility. •Thrust on Research & Development.
•Scholarship upto 1 Crore. •Skill-Based Education aligned with Industry needs.
Contact us for Seat Booking on:
9955339035, 7982054031, 0657-2442533
www.bacet.ac.in | Email : admission@bacet.ac.in
City Office : Rajendra Vidyalaya, Sakchi, Jamshedpur-831001

### लातेहार और चतरा जिले के विकास कार्यों की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में सीएम हेमंत सोरेन बोले

# योजनाओं की रफ्तार पर सरकार का फोकस

- चतरा जिले के टंडवा प्रखंड में जल जीवन मिशन की धीमी गति पर श्रीराम ईपीसी कंपनी को शो कॉज
- मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के कम आवेदनों और उसके निष्पादन में ढिलाई पर जताई चिंता

**खबर मन्त्र टोली**

**लातेहार/ रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य सरकार का पूरा फोकस योजनाओं को रफ्तार देने में है। श्री सोरेन मंगलवार को लातेहार में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 2023 योजनाओं के क्रियान्वयन का वर्ष है। योजनाओं की प्रगति की लगातार निगरानी हो रही है। योजनाएं वास्तविक रूप से धरातल पर उतरे। योजनाएं सही समय पर पूरी हो। आम लोगों को तमाम योजनाओं का पूरा लाभ मिले। इसमें अधिकारियों-कर्मचारियों की अहम भूमिका है। कहा कि सरकारी कर्मियों के वेतन पर सरकार बजट का एक बड़ा हिस्सा खर्च करती है। इसके बाद भी अगर योजनाओं की गति धीमी हो। योजनाओं का लाभ लोगों को नहीं मिले, तो आपको बैठाकर वेतन देना कहीं से मुनासिब नहीं होगा।

**योजनाओं के आंकड़ों में हेराफेरी बर्दाश्त नहीं :** उन्होंने कहा कि उपलब्धियों को दिखाने के लिए आंकड़ों में हेराफेरी की जाती है। लेकिन, आज सूचना तंत्र काफी मजबूत हो चुका है। अब समीक्षा बैठकों में आंकड़ों के साथ उससे संबंधित फोटो भी देखूंगा। अलग झारखंड राज्य बनने के दो दशक गुजर जाने के बाद भी अगर किसी गांव-पंचायत या इलाके में लोगों की मूलभूत जरूरतें पूरी नहीं कर सके, तो यह सरकार के साथ पूरे राज्य के लिए चिंता की बात है।

उन्होंने अधिकारियों से स्पष्ट तौर पर कहा कि किसी भी योजना को लेकर कोई भी कंफ्यूजन है तो उसे जिला या मुख्यालय स्तर के वरीय अधिकारियों को तुरंत जानकारी दें। सीएम ने कहा कि सरकार की ऐसी कई योजनाएं हैं। जिसे कई विभाग आपस में समन्वय बनाकर संचालित कर सकते हैं। इसके लिए विभाग आपस में को-ऑर्डिनेशन करें और योजनाओं को जमीन पर उतारने में कोई कमी नहीं रहने दें।

## कृषि तथा वन उत्पाद को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय बाजार उपलब्ध करायेंगे : सीएम

### गायत्री बिल्डकॉन होगी टर्मिनेट

मुख्यमंत्री ने लातेहार शहर में न्यू पुलिस लाइन जाने के रास्ते में नदी पर 2016 से बन रहे पुल का निर्माण कार्य अब तक अधूरा रहने पर कड़ी नाराजगी जतायी। उन्होंने पुल बना रही गायत्री बिल्डकॉन को टर्मिनेट करने का निर्देश दिया। उन्होंने चतरा जिले के टंडवा प्रखंड में जल जीवन मिशन के तहत जलापूर्ति योजना का कार्य कर रही श्रीराम इपीसी कंपनी को भी कार्य की धीमी गति को लेकर शो-कॉज जारी करने का निर्देश दिया है। उन्होंने चतरा उपायुक्त को इस योजना का रिव्यू कर रिपोर्ट देने को भी कहा। उन्होंने यह भी कहा कि जल जीवन मिशन से संबंधित कार्यों में किसी प्रकार की हेराफेरी नहीं होनी चाहिए। जल जीवन मिशन के तहत चतरा जिले के 30 और लातेहार जिले के 54 गांव को नल से पानी की सुविधा से आच्छादित करने का कार्य 31 मार्च तक पूरा हो जाना चाहिए। इसकी वीडियोग्राफी कराकर वेबसाइट पर भी अपलोडिंग हो जानी चाहिए। मुख्यमंत्री पशुधन योजना के लाभुकों की वर्तमान आय का डाटा बनाने का निर्देश ताकि अगले 2 वर्ष के बाद इस योजना के माध्यम से उनकी आय में कितनी बढ़ोतरी हुईए उसका आकलन किया जा सके। इस योजना के लाभुकों को अच्छी नस्ल के पशु देने का सीएम ने निर्देश दिया। मवेशियों के जिंदा रहने की भी ट्रेकिंग सरकार करेगी। कर्णपुरा में एनटीपीसी के थर्मल पावर स्टेशन के आसपास के इलाके में फ्लाई ऐश ब्रिक्स निर्माण से संबंधित कार्यों से लोगों को जोड़ने के लिए पहल शुरू होनी चाहिए।



**ये भी रहे उपस्थित :** समीक्षा बैठक में मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक वैद्यनाथ राम, रामचंद्र सिंह, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव अबू बकर सिद्दीकी, मनीष रंजन, कृपानंद झा, एडीजी संजय आनंद लाटकर, पुलिस महानिरीक्षक एवी होमकर, लातेहार के उपायुक्त भोर सिंह यादव, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, अबु इमरान, राकेश रंजन तथा दोनों जिलों के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।



मंगलवार को झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस ने देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ का जलार्पण किया। इसके पहले देवघर परिसदन में पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया। इसके राज्यपाल ने सपरिवार बाबा बैद्यनाथ की पूजा कर बाबा का आशीर्वाद लिया। प्रशासनिक भवन में तीर्थ पुरोहितों ने मंत्रोच्चार के साथ उन्हें संकल्प कराया।

### भीमचूल्हा टर्नल निर्माण स्थल पर मचायी उत्पात

**मोहम्मदगंज, पलामू।** थाना क्षेत्र के पूर्व मध्य रेल के मोहम्मदगंज सतबहिनी स्टेशन के बीच भीमचूल्हा टनल निर्माण स्थल पर बीती रात्रि करीब दो बजे उग्रवादियों ने जमकर उत्पात मचाते हुए वहां मौजूद कर्मियों के साथ गाली-गलौज और फायरिंग की। उन्होंने एक बोलेरो समेत अन्य वाहनों में भी आग लगा दी थी, जिसमें बोलेरो खाक हो गयी। पूर्व में निर्माण कंपनी से लेवी मांगने की भी सूचना है। थाना प्रभारी अक्षय कुमार ने बताया कि पुलिस घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पहुंची, तबतक उपद्रवी भाग चुके थे। स्थल से टीएसपीसी के नाम से एक पर्चा भी बरामद किया है। पुलिस छानबीन में जुट गयी है।

# अजय कुमार सिंह बने डीजीपी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में नये डीजीपी की नियुक्ति को लेकर बीते कुछ दिनों से जारी चर्चा पर आखिरकार विराम लग गया है। 1989 बैच के आइपीएस अधिकारी अजय कुमार सिंह को झारखंड पुलिस का नया महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक (डीजीपी) नियुक्त किया गया है। अजय कुमार सिंह अबतक झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक का पद संभाल रहे थे। उनके पास भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार भी था। वे 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। 11 फरवरी को निर्वतमान डीजीपी नीरज सिन्हा के रिटायर होने के बाद से डीजीपी का पद खाली था। मंगलवार की शाम अजय कुमार सिंह को डीजीपी बनाने की अधिसूचना राज्य सरकार ने जारी कर दी। गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इस आशय का पत्र जारी किया है।

### सोमवार को तय हो गया था नाम



डीजीपी के तौर पर अजय कुमार सिंह की नियुक्ति का फैसला सरकार ने सोमवार को ही ले लिया था। अजय कुमार सिंह ने मुख्य सचिव और गृह सचिव से मुलाकात की थी। तब से उनका नाम बतौर डीजीपी तय माना जा रहा था।

### नियुक्ति में विलंब पर उठे थे सवाल

गौरतलब हो झारखंड के नये डीजीपी की नियुक्ति में हो रहे विलंब को लेकर भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी और वरिष्ठ विधायक सरयू राय ने भी सवाल उठाया था। उन्होंने ट्विट कर हेमंत सोरेन सरकार पर तीखा हमला बोला था।

## पंकज मिश्रा से बात करने वाले इंजीनियर समेत तीन को समन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** एक हजार करोड़ के अवैध पत्थर खनन घोटाले की जांच कर रहे इडी ने पंकज मिश्रा से बातचीत करनेवाले इंजीनियर सहित तीन लोगों को समन भेजा है। हालांकि ईडी ने अवैध खनन घोटाले मामले में झामुमो नेता पंकज मिश्रा को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। इलाज के लिए पंकज मिश्रा को रिम्स में भर्ती कराया गया था। इसी दौरान उन्होंने कई लोगों से बातचीत की थी। इसी बातचीत के आधार पर साहिबगंज ऊर्जा विभाग के अधीक्षण अभियंता नाथन रजक को इडी ने समन जारी किया है। नाथन को 21 फरवरी को पूछताछ के लिए इडी कार्यालय बुलाया गया है। बताया जाता है कि नाथन ने कथित रूप से अवैध खनन के आरोपित पंकज मिश्रा से रिम्स में अवैध मुलाकात की थी। रजक पहले देवघर जिले में तैनात थे और वर्तमान में साहिबगंज में हैं। वहीं पंकज मिश्रा को फोन पर बात करवानेवाले दो अन्य लोगों को भी इडी ने समन भेजा है।

## जल, जंगल और जमीन से समझौता नहीं कर सकते आदिवासी : अर्जुन मुंडा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खूंटी।** जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री और खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा ने कहा कि आदिवासी के जीवन का आधार प्रकृति है। वे जंगलों के साथ जीवन जीते हैं। प्रकृति हमारी है और हम प्रकृति के हैं, इसी भावना से आदिवासी जंगलों के साथ जीवन जीते हैं। प्रकृति ही आदिवासियों की परंपरा, जीवन पद्धति और संस्कृति है। आदिवासी अपनी इस संस्कृति को छोड़ना नहीं चाहते, इसलिए किसी भी कीमत पर आदिवासी अपने जल, जंगल, जमीन से समझौता नहीं कर सकते हैं।



मुंडा मंगलवार को मुरहू प्रखंड के कुंजला गांव में आयोजित तिडू संकुरा पड़हा जतरा को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शासन पद्धति विकसित होने के बावजूद आदिवासी हमेशा स्वशासन व्यवस्था के साथ ही रहे। आदिवासियों की परंपरा पर कभी कोई हस्तक्षेप नहीं हुआ। आदिवासियों को उनका अधिकार देने में लगे अधिकारियों को भी इसका साफ निर्देश दिया गया है।

## सीए सुमन की जमानत पर हाइकोर्ट का फैसला सुरक्षित

### मनी लॉन्ड्रिंग मामला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में जेल की सलाखों के पीछे बंद सीए सुमन कुमार सिंह की बेल पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुमन कुमार निलंबित आइएएस पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा के सीए हैं। उनकी जमानत पर इडी और प्रार्थी का पक्ष सुनने बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम चौधरी की कोर्ट में सुनवाई हुई। अब कोर्ट उन्हें बेल देती है या फिर उनकी जमानत अर्जी खारिज हो जाती है, यह देखना महत्वपूर्ण होगा। ईडी ने बीते पांच मई को पूजा सिंघल के 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। जिसके बाद ईडी ने पूजा सिंघल और सीए सुमन सिंह को गिरफ्तार किया था। सुमन से हुई पूछताछ में ईडी को बेहिसाब पैसे और आय के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली थी।

# राज्य में खाद्यान्न व्यापार आज से बंद

- महंगाई और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने को झारखंड में बेमियादी हड़ताल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड राज्य कृषि उपज और पशुधन विपणन (संवर्धन और सुविधा) विधेयक, 2022 के विरोध में बुधवार 15 फरवरी से झारखंड में खाद्य वस्तुओं की आवक-जावक एवं कृषि संबंधी थोक व्यवसाय अनिश्चितकाल के लिए बंद रहेंगी। झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के आह्वान पर राइस मिल्स, फ्लॉवर मिल्स सहित अन्य खाद्य संबंधी मैन्युफेक्चरर भी अपने प्लांट से सेल बंद रखेंगे। जनविरोधी कानून के विरोध में जारी इस आंदोलन में फल एवं सब्जी के थोक विक्रेता भी शामिल हैं।



बेमियादी खाद्यान्न व्यापार की बंदी की पूर्व संध्या पर मंगलवार को चैंबर भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी दी।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि इस निर्णय से राज्य में खाद्य वस्तुओं की उपलब्धता प्रभावित होगी, जिससे निकट भविष्य में उपभोक्ताओं को भी कठिनाई होगी। कहा कि इसके बावजूद इस विधेयक के प्रभावी होने से राज्य में खाद्य वस्तुओं की कीमतों में मूल्यवृद्धि के साथ ही इंस्पेक्टर राज को प्रोत्साहन मिलने की प्रबल आशंका तथा उपभोक्ताओं को महंगाई से बचाने के लिए यह निर्णय हमारी विवशता है। न चाहते हुए भी हम अपना व्यापार बंद करने को विवश हैं। हम जनता से माफी चाहते हैं, क्योंकि यदि हम अब नहीं चेते तो भविष्य में महंगाई बढ़ेगी और बेरोजगारी की पराकाष्ठा बढ़ जायेगी। (शेष पेज 11पर)

### दो दिन में पंडरा बाजार समिति से 200 करोड़ रुपये का कारोबार

बंद को देखते हुए पंडरा बाजार समिति से 2 दिन के भीतर 200 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ है। यह कारोबार 15 फरवरी से आहूत राज्यव्यापी खाद्यान्न बंद करने की धमकी को लेकर किया गया है। बताते चलें कि राज्य के व्यापारियों ने कृषि विपणन बिल के खिलाफ 15 फरवरी से राज्य स्तर पर खाद्यान्न की आवक और बिक्री को बंद करने की घोषणा की है। इसी के मद्देनजर पंडरा बाजार समिति से दो दिनों के भीतर 200 करोड़ से ज्यादा के कारोबार हुए। दलहन, तेलहन और चावल आदि निर्धारित दर से 5 से 10 रुपये प्रति किलो तक ज्यादा दामों पर बिके। एक व्यापारी ने बताया कि राहर दाल सामान्यतः 95 से 98 रुपये की दर से बिक रहा था। परंतु बंदी की घोषणा के साथ ही 2 दिनों के भीतर 107 तक बिका यानी 2 दिनों में प्रति बोरा 12 रुपये तक की बढ़ोतरी दर्ज की गयी।

# एयरबस से 250-बोइंग विमान खरीदेगी एयरइंडिया

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन वीडियो कॉन्फ्रेंस से न्यू एयर इंडिया-एयरबस साझेदारी के शुभारंभ में शामिल हुए। इस दौरान टाटा संस के चेयरमैन ने कहा कि हमने एयरबस के साथ खास रिश्ता बनाया है। मुझे यह एलान करते हुए खुशी हो रही है कि हमने एयरबस से 250 एयरक्राफ्ट खरीदने को लेकर एक समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। इस बीच खबर यह भी है कि एयर इंडिया बोइंग से भी 220 विमान खरीदेगी। व्हाइट हाउस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने एयर इंडिया के लिए $34 बिलियन की सूची मूल्य के साथ 220 बोइंग बीए.एन हवाई जहाज खरीदने के लिए एक ऐतिहासिक समझौते की सराहना की।




### बोइंग से क्या हुआ सौदा

एयर इंडिया 34 अरब डॉलर में 220 विमान खरीदेगी। इसके अलावा 70 और विमान खरीदने का विकल्प भी रखा गया है। इससे कुल सौदा 45.9 अरब डॉलर के करीब पहुंचेगा। इस बीच प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से फोन पर बात की और इस ऐतिहासिक समझौते पर चर्चा की। (शेष पेज 11 पर)

## न्यूज डायरी

### सीबीएसइ 10वीं और 12वीं की बोर्ड परिक्षाएं आज से

**नयी दिल्ली।** सीबीएसइ ने 10वीं और 12वीं की बोर्ड की परीक्षाओं को लेकर नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। नोटिफिकेशन के अनुसार, बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं की शुरुआत 15 फरवरी से होगी। 10वीं कक्षा का पहला पेपर पेंटिंग और 12वीं की उद्यमिता का होगा। सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाओं में कुल 38 लाख से अधिक छात्र बैठेंगे। 10वीं की परीक्षाएं कुल 16 दिनों तक संचालित होंगी। 10वीं की आखिरी परीक्षा 21 मार्च 2023 को होगी। वहीं, 12वीं की परीक्षाएं कुल 36 दिनों तक संचालित होंगी। 10वीं के कुल 76 विषयों और 12वीं के कुल 115 विषयों की परीक्षाएं होंगी। वहीं, हाल ही में छात्रों के एडमिट कार्ड जारी कर दिये हैं। जिन अभ्यर्थियों ने अभी तक अपने एडमिट कार्ड डाउनलोड नहीं किए हैं, वह सीबीएसइ की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपने एडमिट कार्ड को डाउनलोड कर सकते हैं।

### राष्ट्रीय चैंपियनशिप में खूंटी के सात कराटेकार

**खूंटी।** कराटे इंडिया ऑर्गनाइजेशन की 17 से 19 फरवरी तक देहरादून में आयोजित होनेवाली सीनियर नेशनल कराटे चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए खूंटी के सात कराटे खिलाड़ी बुधवार को धनबाद से देहरादून के लिए रवाना होंगे। राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में भाग लेनेवाले चयनित खिलाड़ियों में पुरुष वर्ग में विक्रम सांगा, संतोष गोस्वामी, मुकेश बोदरा और महिला वर्ग में निराली गुड़िया, सुरभि सिंह, अंजली कुमारी तथा एलिसा केरकेट्टा शामिल हैं। इन सभी खिलाड़ियों का चयन गत माह रामगढ़ में आयोजित सीनियर राज्य कराटे चैंपियनशिप में हुआ था। सभी खिलाड़ियों ने राज्य कराटे चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत कर नेशनल चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया था।

### अब पूरब से पश्चिम तक तक यात्रा करेंगे राहुल

**नयी दिल्ली।** कन्याकुमारी से कश्मीर तक की भारत जोड़ो यात्रा की कामयाबी को कांग्रेस की राजनीतिक वापसी के लिए बुनियाद मान रही पार्टी ने देश के सबसे सुदूर पूर्व अरुणाचल प्रदेश से पश्चिम में गुजरात तक राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा 2.0 की योजना पर चर्चा शुरू कर दी है। इस यात्रा को अरुणाचल के लोहित जिले के परशुराम कुंड से शुरू कर महात्मा गांधी की जन्मस्थली पोरबंदर में समाप्त करने की रूपरेखा पर पार्टी चर्चा कर रही है।

### हजारीबाग: घर में घुस मारी गोली, रांची रेफर

**हजारीबाग।** शहर के बड़ा अखाड़ा मोहल्ला में दो अपराधियों ने प्रदीप मालाकार के घर में घुसकर गोली चला दी। अपराधियों की गोली से प्राची प्रकाश (32 वर्ष) नामक एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयीं। घायल प्राची प्रकाश को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के बाद उसे रांची रेफर कर दिया गया है। घटना मंगलवार शाम की बतायी जा रही है। बड़ा अखाड़ा बंगाली दुर्गा मंदिर के समीप मोहल्ला में प्रदीप मालाकार का घर है। अपराधियों की इस करतूत से मुहल्ले में दहशत का माहौल है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 53,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 71,000 रु./प्रति किलो |

## कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी

पत्रांक.........................खूँटी. **बन्दोबस्ती सूचना** दिनांक...................

वर्ष 2023–24 के लिए खूँटी बस पड़ाव, डेली मार्केट खूँटी, पार्किंग एवं साप्ताहिक हाट का बन्दोबस्ती दिनांक 25.02.2023 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से थाना परिसर, खूँटी में होगी। इच्छुक डाक वक्ता बन्दोबस्ती में भाग लेने हेतु दिनांक 24.02.2023 समय 5.00 बजे अपराह्न तक अपना आवेदन पत्र जमानत राशि का बैंक ड्राफ्ट के साथ कार्यालय में प्रधान सहायक के पास जमा कर सकते हैं। सैरात की विवरणी निम्न प्रकार हैः–

| क्रमांक | सैरात का नाम | सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | खूँटी बस पड़ाव | 63,37,500/- | 6,33,750/- |
| 2 | डेली मार्केट | 17,65,000/- | 1,76,500/- |
| 3 | पार्किंग बाजार टांड, खूँटी (साईकिल, दो, तीन एवं चार पहिया वाहन) | 6,62,000/- | 66,200/- |
| 4 | साप्ताहिक बाजार/हाट | 19,25,000/- | 1,92,500/- |

बन्दोबस्ती संबंधी नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। ह0/–

PR 290250 Urban Development(22-23)#D कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, खूँटी

## समाहरणालय,खूँटी (जिला भू अर्जन शाखा)

**–ःग्राम सभा का सूचनाः–**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यापालक पदाधिकरी, नगर पंचायत, खूँटी के पत्रांक 144 दिनांक 25.01.2023 के द्वारा **शहरी जलापूर्ति परियोजना** हेतु मौजा–बिरहू के भूमि अधिग्रहण हेतु अधियाचना प्राप्त हुआ है। उक्त अधियाचना के आलोक में भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 41 के तहत मौजा बिरहू में ग्राम सभा से सहमति प्राप्त किया जाना है। जिसके लिए निम्न तिथि को एक ग्राम सभा की बैठक का आयोजन किया गया है, जिसमें ग्राम सभा के सभी सदस्यों की उपस्थिति अपेक्षित है।

ग्राम सभा संबंधी विवरणी

परियोजना – शहरी जलापूर्ति परियोजना।

| क्र0 | अंचल का नाम | मौजा का नाम | थाना संख्या | रकबा (एकड़ में) | तिथि | ग्राम सभा स्थल | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खूँटी | बिरहू | 239 | 0.055 | 23.02.2023 | पंचायत भवन, बिरहू। | 12.00 बजे अपराहन् |

ह0/–

PR290275 (Land Reforms)22-23*D जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,खूँटी

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, राँची

**ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

पत्रांकः– दिनांक–

ई–निविदा संख्या :– 06/2022-23/RWD /RANCHI

| क्रम सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि/अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/EE/ RANCHI/ 13/2022-23 | राँची पुरूलिया रोड (हेसल रोड बेरवारी) से हेसल तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य।(ल0–0.720 कि0मी0) | 9773500.00 | सन्तानबे लाख तिहत्तर हजार पाँच सौ मात्र। | 6 माह | प्रथम |
| 2 | RWD/EE/ RANCHI/ 14/2022-23 | पंचायत कमड़े ग्राम द्वारिका नगर से मुण्डा मसना तक के विभिन्न गलियों का पथ एवं नाली का निर्माण कार्य। (ल0–1.050 कि0मी0) | 9710100 | सन्तानबे लाख दस हजार एक सौ मात्र। | 6 माह | प्रथम |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–14.02.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 25.02.2023 अपराहन 5.00 बजे तक।
4. जिला नियंत्रण कक्ष में, राँची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय :– 27.02.2023 अपराहन 3.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 28.02.2023 पूर्वाहन 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, राँची
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 :– 0651–2360137
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य के अधीन भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, राँची के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. संवेदक को UCAN Registration की छाया प्रति समर्पित करना अनिवार्य होगा।
10. संवेदक को GST निबंधन प्रमाण–पत्र की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
11. समान दर होने पर निविदा निश्पादन लॉटरी के माध्यम से कराया जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता

PR.NO.290147 Rural Development(22-23):D ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, राँची

## झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड

(CIN; U40108JH2013SGC001702)

विद्युत आपूर्ति अंचल, रामगढ, रामगढ कैन्टोमेन्ट, रामगढ, पिन कोड – 829122

ई–मेलः–ese.ramgarh@gmail.com , Phone no:- 06553-231987

**सूचना**

विद्युत आपूर्ति अंचल, रामगढ के अन्तर्गत उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि अपने बकाया विपत्र राशि का भुगतान शीघ्र करें, अन्यथा भुगतान नहीं करने की स्थिति में विद्युत कनेक्शन विच्छेदित किया जा सकता है।

यदि आपके क्षेत्र में विद्युत विपत्र से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या होती है तो समाधान हेतु आप क्षेत्रवार नीचे दिये गए पदाधिकारियों के मोबाईल नं0 पर सम्पर्क स्थापित कर सकते है।

| क्र0 सं0 | नाम | पदनाम | मोबाई नं0 |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री राजकुमार चौधरी | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, कुजू | 9431135706 |
| 2 | श्री लाल बिहारी रंजन | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, रामगढ | 9431135709 |
| 3 | श्री प्रभाकर कुमार | सहायक विद्युत अभियन्ता, गोला। | 9934163529 |
| 4 | श्री राजेन्द्र उराँव | कनीय विद्युत अभियन्ता, गोला | 8084263708 |
| 5 | श्री रोहितास कुमार | सहायक विद्युत अभियन्ता, भुरकुण्डा | 9431135735 |
| 6 | श्री तुलसीदास महतो | कनीय विद्युत अभियन्ता, चितरपुर | 9431135734 |
| 7 | श्री अजय कपरदार | कनीय विद्युत अभियन्ता, भुरकुण्डा एवं बरकाकाना | 9576895713 |
| 8 | श्री हरिमोहन चौधरी | सहायक विद्युत अभियन्ता, कुजू। | 9431135723 |
| 9 | श्री पंकज जयसवाल | कनीय विद्युत अभियन्ता, राँची रोड एवं गिददी | 9334716264 |
| 10 | श्री विनोद कच्छप | कनीय विद्युत अभियन्ता, कुजू/चरही। | 8002686003 |
| 11 | श्री कालीनाथ सिंह मुण्डा | सहायक विद्युत अभियन्ता, रामगढ। | 9431135722 |
| 12 | श्री अनिल कुमार मार्डी | कनीय विद्युत अभियन्ता, रामगढ–I | 8580306034 |
| 13 | श्री तुलसीदास महतो | कनीय विद्युत अभियन्ता, रामगढ–II | 9431135734 |
| 14 | श्री सूर्य कुमार षर्मा | साई कम्प्यूटर, वि0आ0अं0, रामगढ | 6205502301 |
| 15 | मो0 महताब आलम | साई कम्प्यूटर, वि0आ0प्र0, रामगढ | 9113775166 |
| 16 | मो0 असदुल्लाह अंसारी | साई कम्प्यूटर, वि0आ0प्र0, कुजू | 9262866645 |

रामगढ एवं भुरकुण्डा के शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं को online भुगतान करने में जैसे कि Google Pay, Paytm, Phonepe से समस्या हो रही है तो आप jbvnl.co.in पर जा कर Quick Pay Bill के द्वारा अपने विद्युत विपत्र का भुगतान करें।

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉलफी नं0 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

ह0/– विद्युत अधीक्षण अभियंता विद्युत आपूर्ति अंचल, धनबाद

PR 290283 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(22-23)#D

## कार्यालय – जिला मत्स्य पदाधिकारी, जामताड़ा

**खुली डाक द्वारा अल्पकालीन बन्दोबस्ती सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला जामताड़ा के अंचल फतेहपुर एवं अंचल करमाटांड़ का राजस्व तालाब/जलकरों का बन्दोबस्ती मत्स्य विभाग जामताड़ा द्वारा दिनांक 23.02.2023 को पूर्वाह्न 11.30 बजे एवं अपराह्न 1.30 बजे क्रमशः जिला मत्स्य कार्यालय, जामताड़ा में बन्दोबस्ती खुले डाक द्वारा किया जाना है।

बन्दोबस्ती की मुख्य शर्तें निम्न प्रकार है :–

1. डाक वक्ताओं को डाक में भाग लेने के पूर्व वार्षिक सुरक्षित जमा राशि का 10 प्रतिशत, जमानत राशि के रूप में अग्रिम जमा करनी होगी।
2. डाक समाप्ति पर असफल डाकवक्ताओं की जमानत राशि वापस कर दी जायेगी तथा सफल डाकवक्ता की जमानत राशि उच्चतम डाक राशि से समायोजन कर लिया जायेगा।
3. डाक समाप्ति के पश्चात् उच्चतम डाकवक्ता के द्वारा डाक की राशि कार्यालय में जमा करनी होगी, अन्यथा जमानत की राशि जब्त कर ली जायेगी।
4. बन्दोबस्ती के पश्चात् संबंधित पट्टेदार को 15 दिनों के अन्दर एकरारनामा अनिवार्य रूप से कराना होगा अन्यथा उनके साथ की गई बन्दोबस्ती को रद्द कर दी जायेगी।
5. अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक की तिथि को रद्द तथा स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

अल्पकालीन बन्दोबस्त होनेवाली जलकरों की विवरणी निम्नवत् है :–

अंचल –फतेहपुर

| क्र0 सं0 | जलकर का नाम | ग्राम | दाग सं0 | कुल रकवा | जलक्षेत्र | बन्दोबस्ती अवधि | वार्षिक सु0 जमा राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | खाटोजोरी बाँध | खाटोजोरी | 800 | 0.50 | 0.30 | 2022–23, 2023–24 से 2024–25 तीन वर्ष के लिए | 2,100.00 | |
| 2 | माधवपुर बाँध | माधवपुर | 835 | 1.70 | 1.50 | तदैव | 3,500.00 | |
| 3 | मोरीडीह बाँध | मोरीडीह | 1018 | 3.50 | 2.50 | तदैव | 4,900.00 | |
| 4 | जामबाद (भुलई) बाँध | भुलई | 224 | 2.50 | 2.00 | तदैव | 6,160.00 | |
| 5 | झिझुरी बाँध | झिझुरी | 1071 | 0.30 | 0.20 | तदैव | 2,100.00 | |
| 6 | भेलाबेड़िया बाँध | भेलाबेड़िया | 01 | 0.10 | 0.05 | तदैव | 900.00 | |
| 7 | मंझलाडीह बाँध | मंझलाडीह | 704 | 1.0 | 0.50 | तदैव | 3,500.00 | |
| 8 | उदलजोड़ी बाँध | उदलजोड़ी | 572 | 0.80 | 0.30 | तदैव | 900.00 | |
| 9 | माधवपुर बाँध | माधवपुर | 996 | 1.50 | 1.00 | तदैव | 2,100.00 | |
| 10 | झिनाकी बाँध | झिनाकी | 183 | 1.75 | 1.50 | तदैव | 2,800.00 | |
| 11 | झिनाकी बाँध | झिनाकी | 392 | 0.40 | 0.20 | तदैव | 900.00 | |
| 12 | अम्बाबांक बाँध | अम्बाबांक | 861 | 1.00 | 0.50 | तदैव | 2,520.00 | |

अंचल– करमाटांड़

| क्र0 सं0 | जलकर का नाम | ग्राम | पंचायत | खाता/खेसरा संख्या | कुल रकवा (एकड़ में) | जलक्षेत्र (एकड़ में) | बन्दोबस्ती अवधि | वार्षिक सु0 जमा राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | सामुपोखर | सामुपोखर | म्हाड़ | 414 | 1.50 | 1.25 | 2022–23, से 2023–24 तक | 3250.00 | |
| 2 | नावाडीह बाँध | नावाडीह | नावाडीह | 66 | 1.28 | 1.00 | तदैव | 1850.00 | |
| 3 | पाहाजोरिया बाँध | पाहाजोरिया | मोहनपुर | 153 | 6.20 | 4.50 | तदैव | 4000.00 | |
| 4 | हठबंधाडीह बाँध | हठबंधा | डुमरिया | 128 | 0.40 | 0.20 | वर्ष– 2022–23 तक | 800.00 | |
| 5 | बरियारपुर बाँध | बरियारपुर | नावाडीह | 02 | 0.50 | 0.40 | तदैव | 1000.00 | |
| 6 | शिकारपोसनी बाँध | शिकारपोसनी | शिकारपोसनी | 561 | 0.61 | 0.40 | तदैव | 1000.00 | |
| 7 | भराण्डा बाँध | भराण्डा | भराण्डा | 45 | 1.58 | 1.20 | तदैव | 1200.00 | |
| 8 | जोरीडीह बाँध | जोरीडीह | शिकारपोसनी | 324 | 1.32 | 1.00 | तदैव | 1500.00 | |
| 9 | पाहाजोरिया बाँध | पाहाजोरिया | मोहनपुर | 795 | 1.00 | 0.50 | तदैव | 1300.00 | |
| 10 | बरियारपुर बाँध | बरियारपुर | नावाडीह | 209 | 1.05 | 1.00 | तदैव | 800.00 | |
| 11 | डुमरिया बाँध | डुमरिया | डुमरिया | 404 | 0.40 | 0.30 | तदैव | 800.00 | |
| 12 | पिपरासोल बाँध | पिपरासोल | डुमरिया | 440 | 2.23 | 2.00 | तदैव | 1500.00 | |
| 13 | मोहनपुर टैंक | मोहनपुर | मोहनपुर | 1127 | 0.30 | 0.25 | तदैव | 1200.00 | |
| 14 | कवरी टैंक | कावेरी | डुमरिया | 390 | 3.55 | 1.50 | तदैव | 2000.00 | |
| 15 | देवली बाँध | छेवली | मंटटॉड | 209 | 1.05 | 0.80 | तदैव | 1500.00 | |
| 16 | आमनडीहाँ बाँध | आमनडीहाँ | शिकारपोसनी | 114 | 1.77 | 1.50 | तदैव | 1400.00 | |
| 17 | कालाझरीया बाँध | कालाझरीया | मंटटॉड | 1476 | 6.31 | 3.50 | तदैव | 3800.00 | |

PR290276 (Fish)22-23*D जिला मत्स्य पदाधिकारी, जामताड़ा


## राज्य सरकार नियोजन नीति को लेकर भ्रम की राजनीति न करे

# विधिसम्मत स्थानीय नीति बनाने में भाजपा सरकार की करेगी मदद : बाबूलाल मरांडी

**एनडीए की सरकार ने झारखंड के गांवों में सड़क और बिजली पहुंचायी**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/रामगढ़।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि एनडीए की सरकार ने झारखंड के गांवों में सड़क और बिजली पहुंचायी है। श्री मरांडी मंगलवार को रामगढ़ के गोला के संग्रामपुर में एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के समर्थन में आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विधिसम्मत स्थानीय और नियोजन नीति बनाये, भाजपा मदद करेगी। राज्य सरकार दिल्ली के महंगे वकीलों पर करोड़ों खर्च करती है, अपने आपको भ्रष्टाचार से बचाने की खातिर। सरकार चार पांच करोड़ रुपये उन्हीं महंगे वकीलों को देकर विधिसम्मत स्थानीय और नियोजन नीति बनवाये, जिसे कोर्ट में चुनौती न दी जा सके। उन्होंने कहा कि जब अर्जुन मुंडा की सरकार में उपमुख्यमंत्री हेमंत सोरेन थे तो उन्होंने स्थानीय नीति खतियान आधारित बनाने की मांग को लेकर समर्थन वापस ले लिया था। उस समय राज्य और केंद्र दोनों ही जगह यूपीए की सरकार थी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की अकर्मण्यता के कारण बेरोजगारी बढ़ गयी है। विधि-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गयी है। तीन साल में विकास के लगभग ठप है। उन्होंने कहा आज राज्य में कानून व्यवस्था जर्जर हो चुकी है। राज्य में लूट, चोरी, डकैती, हत्या की घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हुई है। राज्य में कोई सुरक्षित नही है। बहन बेटियों के साथ दुष्कर्म और हत्या जैसी जघन्य घटनाएं घटित हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार में दलाल और बिचौलिये हावी हैं।

उन्होंने केंद्र की योजनाओं को धरातल पर उतारने में शिथिलता बरतने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाएं झारखंड के लोगों तक ठीक से नहीं पहुंच पा रही है।

## भाकपा माले का दल पटना रवाना

**पटना के गांधी मैदान में आयोजित फासीवाद मिटाओ–देश बचाओ रैली**

रांची। भाकपा माले का दल मंगलवार को महाधिवेशन में शामिल होने के लिए पटना रवाना हो गया। दरअसल, माले का 11वां राष्ट्रीय के पूर्व 15 फरवरी को पटना के गांधी मैदान में आयोजित फासीवाद मिटाओ-देश बचाओ रैली हो रहा है। माले के राज्य कमिटी सदस्य भुवनेश्वर केवट, जिला सचिव जगमोहन महतो, नगर सचिव नंदिता भट्टाचार्य के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं का जत्था रवाना हुआ। इस बार माले का राष्ट्रीय महाधिवेशन देश की राजनीतिक दिशा 2024 के लिए कई मायने में अहम होगी। कॉरपोरेट गिरफ्त की राजनीति के खिलाफ राष्ट्रीय महाधिवेशन जन राजनीति की मिशाल होने की चर्चा है।

## रामगढ़ विस उपचुनाव : वामदलों ने कांग्रेस उम्मीदवार को समर्थन देने का किया ऐलान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** संयुक्त वामदलों की ओर से रामगढ़ उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को समर्थन देने पर सहमति बनी है। इसमें माकपा, भाकपा, भाकपा माले, आरएसपी और मासस ने रामगढ़ उप चुनाव मे कांग्रेस प्रत्याशी को समर्थन दिए जाने का फैसला किया है। यह निर्णय वामदलों की एक ऑनलाइन बैठक में लिया गया। मंगलवार को सीपीआईएम राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि रामगढ़ विधानसभा सीट से ममता देवी की विधायकी खत्म हो गयी है। अब भाजपा, आजसू गठबंधन इस सीट पर अपनी जीत दर्ज करने और अपनी नफरत की राजनीतिक मुहिम को आगे ले जाने के लिए हाथ-पैर मार रहा है लेकिन रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के प्रबुद्ध मतदाता उनकी इस कोशिश को सफल नहीं होने देंगे। वामदल रामगढ़ के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि गोला के शहीदों के बलिदान को व्यर्थ न जाने दें। झारखंड में नफरत की राजनीति के सौदागर भाजपा - आजसू गठबंधन के प्रत्याशी की हार सुनिश्चित करते हुए कांग्रेस के उम्मीदवार बजरंग महतो को विजयी बनाएं। ऑनलाइन बैठक में भाकपा राज्य सचिव महेंद्र पाठक, माले राज्य सचिव मनोज भक्त समेत अन्य नेता शामिल रहे।

## झारखंड प्रदेश राजद कार्यसमिति में 126 नेताओं को मिली जिम्मेवारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राष्ट्रीय जनता दल प्रदेश कार्यसमिति का गठन मंगलवार को हुआ। प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव के नेतृत्व में बनी प्रदेश कार्यसमिति में 8 उपाध्यक्ष, 33 प्रदेश महासचिव, 43 प्रदेश सचिव और 32 कार्यसमिति सदस्य बनाए गए हैं। इस तरह से नवगठित झारखंड प्रदेश राजद कार्यसमिति में 126 नेताओं और कार्यकर्ताओं को शामिल किया गया है। हालांकि इस प्रदेश कार्यसमिति की सूची से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अभय कुमार सिंह और पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव को बाहर रखा गया है जो कहीं ना कहीं पार्टी के अंदर खाने में ऑल इज वेल नहीं होने का संदेश दे रहा है।

प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि यह पहली सूची कार्यसमिति की है। आने वाले समय में पार्टी के प्रकोष्ठ और विभागों की जिम्मेवारी पार्टी नेताओं को देने की सूची भी जारी की जाएगी। राष्ट्रीय जनता दल की नवगठित प्रदेश कार्यसमिति की सूची में एक बार फिर यादव नेताओं को सर्वाधिक स्थान दिया गया है जबकि दूसरे नंबर पर मुस्लिम नेताओं को स्थान दिया गया है। कार्यसमिति की सूची में प्रदेश उपाध्यक्ष के नामों पर नजर डालें तो 8 प्रदेश उपाध्यक्ष में से 5 यादव हैं, हालांकि कोई भी अल्पसंख्यक मुस्लिम उपाध्यक्ष नहीं बनाए गए हैं। प्रदेश राजद के द्वारा जारी कार्यसमिति की सूची में पूर्व केंद्रीय मंत्री और झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव, प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव के अलावे पूर्व विधायक संजय प्रसाद यादव को प्रधान महासचिव अध्यक्ष अनुशासन समिति बनाया गया है। इसी तरह मंत्री सत्यानंद भोक्ता, सुभाष प्रसाद यादव, घूरन रामऔर कामेश्वर बैठा को सदस्य बनाया गया है। सुरेश पासवान को अध्यक्ष संसदीय बोर्ड और पूर्व मंत्री राधा कृष्ण किशोर को आमंत्रित सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है।

प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में श्यामदास सिंह, लक्ष्मण यादव, मंजू साह, विक्रम प्रसाद यादव, गिरधारी गोप, अनीता यादव, पप्पू सिंह और शिवनाथ यादव को मनोनीत किया गया है। प्रदेश महासचिव में डॉ मनोज कुमार, नरेश प्रसाद सिंह, जमालुद्दीन अंसारी, विश्वनाथ राम घुरा, दीपक नाथ शाहदेव, कमलेश यादव, अनिल यादव, धीरेंद्र यादव, प्रशांत किशोर, हातिम अंसारी, सुनीता चौधरी, रमेश यादव, स्मिता लकड़ा, चंद्रिका यादव, मनोज पांडे, अमरेंद्र कुमार यादव, बिहारी महतो, मोहम्मद परवेज, मोहम्मद कलाम खान, मोहम्मद राज अली, रवि यादव, मोहम्मद उसमान गनी, राजेश रोशन, सुनील यादव, राम लखन यादव, रतन पासवान आदि हैं।

## पश्चिमी विक्षोभ से झारखंड में बढ़ी ठंड



**रांची।** पछुआ हवा ने झारखंड में ठंड का एहसास फिर से करा दिया। पिछले तीन दिनों में रांची में न्यूनतम तापमान में सात डिग्री की गिरावट दर्ज की गयी है। मंगलवार को रांची का न्यूनतम तापमान 9.7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड हुआ। सोमवार को रांची का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस था, वहीं रविवार को न्यूनतम तापमान 16.4 डिग्री था। रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के पास स्थित मौसम विभाग के मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में रांची के अधिकतम तापमान में 2 डिग्री की गिरावट दर्ज की गयी। **17–18 फरवरी को आसमान में छाये रहेंगे आंशिक बादल** : पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें, तो झारखंड में मौसम शुष्क रहा है। मौसम विभाग ने बताया है कि झारखंड में अगले दो दिन में तापमान में 2 से 3 डिग्री की और गिरावट आयेगी। इसके बाद तीन दिन तक तापमान धीरे-धीरे 4 से 5 डिग्री तक बढ़ जायेगा। हालांकि, इस दौरान 17 और 18 फरवरी को राज्य के दक्षिण-पूर्वी और उत्तर-पूर्वी हिस्से में आंशिक बादल छाये रह सकते हैं। जबकि शेष भागों में आसमान मुख्यतः साफ एवं मौसम शुष्क रहेगा। उसके बाद 20 फरवरी तक आसमान मुख्यतः साफ एवं मौसम शुष्क रहेगा।

## खबर एक नजर में

### रूर्बन मिशन के तहत सरकार ने दी 458 योजनाओं पर प्रशासनिक स्वीकृति

**रांची।** श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन योजना से झारखंड के चयनित 15 बसावटों के लिए 1263 करोड़ रुपये की योजना स्वीकृत कर दी गयी है। इसमें 251 करोड़ रुपये भारत सरकार से मिले क्रिटिकल गैप फंड और 1012.17 करोड़ रुपये विभिन्न विभागों मनरेगा, पेयजल इत्यादि के अभिषरण से लिये गये हैं। विभाग ने अब तक 458 योजनाओं पर प्रशासनिक स्वीकृति दी है। ग्रामीण विकास विभाग के वरीय अधिकारियों ने बताया कि अब तक 884.82 करोड़ रुपये व्यय कर दिया गया है। वहीं, क्रिटिकल गैप फंड से 141 करोड़ खर्च कर दिये गये हैं। यह राशि विभिन्न विभागों के अभिषरण से खर्च की गयी है। बताते चलें कि 15 कलस्टरों में करीब 100 से अधिक गांवों का विकास किया जा रहा है।

### मॉडल स्कूलों के लिए पहली बार आयोजित होगा एसएमसी कॉन्क्लेव

**रांची।** नये शैक्षणिक सत्र से मॉडल स्कूलों में सीबीएसई की तर्ज पर पढ़ाई शुरू होगी। इससे पहले राज्य सरकार मॉडल स्कूलों के ब्रांडिंग को लेकर स्कूल मैनेजमेंट कमेटी (एसएमसी) का कॉन्क्लेव करने जा रही है। राज्य गठन के बाद ऐसा पहली बार होगा, जब सरकार स्कूल के शिक्षक और अभिभावक आमने–सामने बैठ कर मॉडल स्कूल के प्रति विश्वास कैसे बढ़े, इस दिशा में बातचीत करेंगे। अधिकारियों के मुताबिक एसएमसी कॉन्क्लेव मार्च माह के दूसरे हफ्ते में आयोजित किया जायेगा। इस कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह सहित शिक्षा विभाग के सचिव उपस्थित रहेंगे। एसएमसी कॉन्क्लेव में कुल 425 स्कूलों के स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य शामिल होंगे।

### व्यापारियों के हित में राज्य सरकार वापस ले बाजार शुल्क : संजय सेठ



रांची। सांसद संजय सेठ ने कृषि उत्पादन और पशुधन विपणन विधेयक 2022 को तुरंत वापस लेने की मांग की है। श्री सेठ मंगलवार को अरगोड़ा स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से मुखातिब थे। उन्होंने कहा कि कृषि विधेयक काला कानून है। व्यापारी हित में इसे अविलम्ब वापस लेना होगा। उन्होंने व्यापारियों के प्रस्तावित रांची बंद को भी अपना समर्थन दिया है। तत्काली रघुवर दास सरकार में इसे 2015 में ही समाप्त कर दिया गया था। इसके बाद रांची में 85 राइस मिल खुले थे। हजारों को रोजगार मिला था। पर अब राज्य सरकार इस विधेयक के जरिये द्वारा दो फीसदी शुल्क लगाये जायेंगे। इससे किसानों, खाद्यान्न कारोबारियों के साथ ट्रेडर्स और आम जन को महंगाई की मार झेलनी पड़ेगी। झारखंड में अधिकांश खाद्यान्न बाहर से आता है। पहले से ही उस पर टैक्स लगा होता है। अब 2 फीसदी और बाजार शुल्क लगाने से खाद्यान्न महंगे होंगे। मौके पर महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता व सत्यनारायण सिंह थे।

### वित्त रहित शिक्षकों की मांग : बार -बार जांच के नाम पर प्रताड़ना बंद हो

**रांची।** राज्य के वित्त रहित शिक्षकों ने मंगलवार को राजभवन के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया। वित्त रहित मोर्चा के अध्यक्ष मंडल सदस्य अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि सरकार जांच के नाम पर वित्त रहित संस्थाओं को परेशान कर रही है। एक्ट में कोई प्रावधान नहीं है कि हर माह जांच किया जाये। शिक्षकों ने अपनी मांग को रखते हुए कहा कि सभी वित्त रहित संस्थानों को अनुदान नहीं अधिग्रहण दिया जाये। 3 वर्ष में एक बार जांच करायी जा चुकी है। उसके बावजूद छोटे अधिकारियों से बार बार जांच कर हमें प्रताड़ित कर रहे हैं। मदरसा शिक्षक संघ के मुस्तफा कासमी ने बताया कि सरकार ने 3 साल में एक बार जांच की एक्ट बनायी है लेकिन डीओ द्वारा हर जिले में जांच की नोटिफिकेशन जारी कर दी गई है। हम जांच के खिलाफ नहीं है लेकिन बार–बार जांच अनुचित है।

## मनरेगा आयुक्त ने सभी परियोजना पदाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की

# वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना की पूर्णता में तेजी लायें पदाधिकारी: राजेश्वरी बी

**सभी जिलों के मनरेगा मजदूरों का शत–प्रतिशत आधार सिडिंग करने का निर्देश**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं का सफल क्रियान्वयन कर ससमय योजनाओं को पूर्ण करवाने एवं ग्रामीणों को सीधा लाभ पहुंचाने को लेकर मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने मंगलवार को सभी जिला के परियोजना पदाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की। संचालित योजनाओं की जिलावार जानकारी ली। मनरेगा की प्रमुख योजनाओं यथा बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहीद पोटो हो विकास योजना, आंगनबाड़ी योजनाओं के आवश्यक प्रगति लाने का निर्देश दिया, ताकि, ज्यादा से ज्यादा रोजगार सृजित किया जाए और योजनाओं का क्रियान्वयन बड़े पैमाने पर हो। उन्होंने कहा कि योजनाओं का स्थल निरीक्षण भी किया जाएगा।

बैठक में मनरेगा आयुक्त द्वारा मनरेगा अंतर्गत सभी लंबित योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, मनरेगा आयुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाबद्ध तरीके से एक समुचित कार्य प्रारूप तैयार कर जल्द से जल्द सभी योजनाओं को पूर्ण करने की दिशा में कार्य करें। मनरेगा योजनांतर्गत सक्रिय मजदूरों का शत-प्रतिशत आधार सीडिंग कराने का निर्देश दिया। उन्होंने पूर्व की लंबित योजनों का अवलोकन कर प्राथमिकता के आधार पर उन्हें पूर्ण कराने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर लंबित एटीआर के साक्ष्य भी अपलोड करने हेतु निदेशित किया।

**वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना में तेजी लाने का निर्देश** : राजेश्वरी बी ने वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना की पूर्णता में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्धारित समय सीमा में स्थानीय श्रमिकों द्वारा निर्माण कराने का निदेश दिया। गिरीडीह, कोडरमा, पाकुड़ एवं सिमडेगा जिला में खेल मैदान निर्माण पूर्ण नहीं होने पर संबंधित परियोजना पदाधिकारीयों को मनरेगा आयुक्त द्वारा आदेश देते हुए जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया।

**लंबित योजनाओं को कार्ययोजना बना कर ससमय करें पूर्ण** : राजेश्वरी बी ने मनरेगा कार्य की समीक्षा के दौरान वित्त वर्ष 2019–20 की योजनाओं की भी समीक्षा की। लंबित योजनाओं की कार्ययोजना बना कर सभी उप विकास आयुक्तों को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया।

**योजनाओं का लक्ष्यानुरूप प्रगति करें सुनिश्चित** : मनरेगा आयुक्त ने अमृत सरोवर के तहत किए जा रहे कार्यों के संबंध में बिंदुवार चर्चा करते हुए लक्ष्यानुरूप प्रगति अर्जित करने के लिए सभी परियोजना पदाधिकारियों को निर्देशित किया साथ ही, अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत तालाबों का जीर्णोद्धार या निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए ससमय कार्य पूर्ण कराने का निदेश दिया। इसके अतिरिक्त रूर्बन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) इत्यादि की भी समीक्षा की गई।

# 2004 में प्रधानमंत्री मेडल से नवाजे जा चुके हैं डीजीपी अजय कुमार

- हजारीबाग, धनबाद में एसपी भी रह चुके हैं अजय कुमार
- पुलिस विशिष्ट सेवा से भी नवाजे जा चुके हैं
- खेल के प्रति है विशेष लगाव

**कुबेर सिंह**

**रांची।** 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी, वर्तमान में झारखंड के नए डीजीपी अजय कुमार सिंह प्रधानमंत्री मेडल से नवाजे जा चुके हैं। उन्हें प्रधानमंत्री मेडल अवार्ड वर्ष 2004 में मिल चुका है। अजय कुमार को बेहतर पुलिसिंग के लिए पुलिस के विशिष्ट पदक से भी सुशोभित किया गया है। मूल रूप से उत्तरप्रदेश के रहनेवाले अजय कुमार सिंह का जन्म तीन जनवरी, 1965 को हुआ था। यूपी से आरंभिक पढ़ाई के बाद अजय कुमार सिंह ने एमएससी रसायनशास्त्र ऑनर्स से किया। यूपीएससी की परीक्षा दी। यूपीएससी परीक्षा में अव्वल नंबर से पास होने के बाद उन्हें 20 सितंबर, 1989 को आईपीएस कैडर मिला। उनकी पोस्टिंग तत्कालीन बिहार में एएसपी के रूप में हुई।

**हजारीबाग और धनबाद में रहे हैं एसपी:** झारखंड कैडर मिलने के बाद अजय कुमार सिंह झारखंड के हजारीबाग और धनबाद के एसपी की भूमिका निभा चुके हैं। इसके बाद वे केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चले गए। आईजी में प्रमोशन होने के बाद एक बार फिर वे झारखंड आए और यहां एडीजी के रैंक पर सीआईडी, स्पेशल ब्रांच और रेल में सेवा दी।

**खेल के प्रति उत्साहित हैं अजय कुमार सिंह :** अजय कुमार सिंह को जहां पुलिस प्रशासनिक को हैंडल करने में दक्षता प्राप्त है, वहीं खेल के प्रति खास लगाव भी है। खासतौर पर वे बैडमिंटन के अच्छे खिलाड़ी भी हैं और धनबाद खेल प्राधिकरण के मेंबर भी रह चुके हैं। सीआईडी में एडीजी के तौर उन्होंने कई हत्याकांडों का खुलासा भी किया है। वर्तमान में अजय कुमार सिंह एंटी क्रप्शन ब्यूरो में डीजी के पद पर कार्यरत थे। डीजीपी बनने से पूव 31 दिसंबर, 2021 को पुलिस हाउसिंग में एमडी बनाया गया था।

**निर्वाचन आयोग ने स्पेशल ब्रांच में बनाया था एडीजी :** सीआईडी के एडीजी अजय कुमार सिंह को निर्वाचन आयोग के आदेश से स्पेशल ब्रांच के एडीजी बनाया गया था। उस वक्त अनुराग गुप्ता को एडीजी स्पेशल ब्रांच के पद से हटाए जाने के बाद राज्य सरकार ने नए एडीजी के लिए तीन आईपीएस अधिकारियों का नाम निर्वाचन आयोग को भेजा था। पैनल में आईपीएस अधिकारी अजय कुमार सिंह के साथ के नटराजन और तदाशा मिश्र के थे। आयोग ने इसमें अजय कुमार सिंह के नाम पर सहमति दी थी।

वहीं राज्यसभा चुनाव 2016 के दौरान अनुराग गुप्ता पर चुनाव प्रभावित करने का आरोप लगा था।

## स्टेट बार काउंसिल चुनाव की तैयारी शुरू, हर पांच साल में होता है चुनाव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड स्टेट बार काउंसिल के वर्तमान कमिटी का कार्यकाल खत्म होने से पहले परिषद चुनाव की तैयारी में लग गया है। अगर सबकुछ ठीक ठाक रहा तो इस वर्ष 2023 में नयी कमिटी के लिए चुनाव होंगे। स्टेट बार काउंसिल ने इसके लिए तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। संभावित चुनाव को देखते हुए काउंसिल ने राज्य के सभी जिला और अनुमंडल स्तर के बार एसोसिएशन से वोटर लिस्ट मांगी थी जिसके बाद काउंसिल को वोटर लिस्ट भेज दी गई है।

**वोटर लिस्ट में फोटो भी अपडेट होगा :** एसोसिएशन ने जो सूची दी है उसमें कुछ वकीलों का देहांत हो गया है जिसके कारण दोबारा वोटर सूची मांगी गई है ताकि निष्पक्ष चुनाव हो। इस बार काउंसिल के चुनाव में वही वकील वोट देने के लिए अधिकृत होंगे जिनका नाम वोटर लिस्ट में होगा और वोटर लिस्ट में फोटो अपडेट होगा। साथ ही ऐसे वकील इस बार काउंसिल के चुनाव में अपने मताधिकार का उपयोग करने से वंचित रह सकते हैं। जिनके पास काउंसिल का आइडेंटिटी कार्ड उपलब्ध नहीं होगा। हर 5 वर्ष में झारखंड स्टेट बार काउंसिल के सदस्यों का चुनाव राज्य भर के अधिवक्ता करते हैं। स्टेट बार काउंसिल राज्य के वकीलों की शीर्ष सस्था होती है। झारखंड में फिलहाल 25 सदस्यों के निर्वाचन की व्यवस्था है।

## हर महीने 15, 16, 25 और 26 तारीख को चावल दिवस

# आज से होगा खाद्यान्न वितरण

**जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने सभी बीडीओ, एडीएसओ, एमओ और बीसओ को दिये निर्देश**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** 15 फरवरी 2023 को आयोजित किये जाने वाले चावल दिवस पर दिसंबर 2022 और जनवरी 2023 के आवंटित खाद्यान्न का वितरण अनिवार्य रुप से किये जाने को लेकर जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी, पणन पदाधिकारी अनुभाजन क्षेत्र, रांची और सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को पत्र लिखा है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी, रांची अल्बर्ट बिलुंग ने 15 फरवरी को आयोजित किये जानेवाले चावल दिवस को व्यापक और प्रभावी रुप से मनाते हुए दिसंबर 2022 और जनवरी 2023 का खाद्यान्न वितरण कार्य अनिवार्य रुप से करने का निदेश दिया गया है। माह दिसंबर 2022 के लिए आवंटित खाद्यान्न के विरुद्ध 86 प्रतिशत और माह जनवरी 2023 के लिए आवंटित खाद्यान्न के विरुद्ध मात्र 44 प्रतिशत ही वितरण किया गया है।

आपको बता दें कि रांची जिला में जन वितरण प्रणाली के तहत लाभुकों को ससमय खाद्यान्न एवं अन्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने को लेकर चावल दिवस का आयोजन करने हेतु पूर्व में ही उपायुक्त, रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा द्वारा दिशा निर्देश दिये गये थे।

विभागीय निर्देशानुसार उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा प्रत्येक महीने की 15, 16, 25 और 26वीं तारीख को चावल दिवस का आयोजन करने का निर्देश दिया गया है। उपायुक्त द्वारा लक्षित जन वितरण प्रणाली के तहत लाभुकों को खाद्यान्न एवं अन्य सामग्री का वितरण स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं सतर्कता समिति के सदस्यों की उपस्थिति में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

## खबर एक नजर में

### स्व. सुषमा स्वराज का 71वां जन्मदिवस मना



रांची। भाजपा मुख्यालय में मंगलवार को स्व सुषमा स्वराज का 71वां जन्मदिवस मनाया गया। इस अवसर पर सुषमा स्वराज के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। मौके पर प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि सुषमा स्वराज एक सच्ची देशभक्त थीं। अपना पूरा जीवन राष्ट्र को समर्पित कर दिया। उन्होंने देश के कई महत्वपूर्ण पदों पर योगदान दिया। उन्होंने कई विपरीत परिस्थिति में भी हिम्मत से काम करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय निर्भीक होकर लिया। प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिंह, आरती कुजूर, पवन साहू, अनवर हयात, किसलय तिवारी, नीलू झा, बबिता वर्मा, फूदो देवी, प्रेम मित्तल सहित कई गणमान्य लोगों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### पहाड़ी मंदिर से निकलेगी भगवान शिव की बारात

**रांची।** भगवान भोले शंकर की बारत पहाड़ी मंदिर के यात्री शेड से 18 फरवरी को निकाली जायेगी। यह जानकारी श्री शिव बारात आयोजन महासमिति ने प्रेस कांफ्रेंस में दी। श्री शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर अध्यक्ष, राजेश साहू, प्रवक्ता बादल सिंह और मीडिया प्रभारी शिव किशोर शर्मा ने बताया कि शनिवार को महाशिवरात्रि के दिन पहाड़ी मंदिर गेट से श्री शिव बारात निकाली जायेगी। वहीं झांकी के स्वरूप एवं उसके मार्गों की जानकारी भी दी। इस दौरान महाकाल मंदिर में शृंगार एवं महाआरती के साथ-साथ हल्दी-मेहंदी की रस्म होगी। उसके बाद प्रसाद वितरण होगा। उन्होंने बताया इसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, संजय पांडे, रमेश सिंह, सूरजभान सिंह, विनय सरावगी, दीपक लाल और अध्यक्ष राजेश साहू उपस्थित रहेंगे ।

### किसानों को मिलेगा सुखाड़ राहत का लाभ

**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत पात्र किसानों को अनुग्राहिक राहत राशि भुगतान के लिए स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के पात्र किसानों को अनुग्राहिक राहत राशि देने हेतु श्रेणी 'क' में कुल 1132 लाभुकों एवं श्रेणी 'ग' में कुल 121 लाभुक को 3500 (तीन हजार पाँच सौ) प्रति लाभुक की दर से कुल 43,85,500 (तैतालीस लाख पचासी हजार पाँच सौ) रुपए के भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई है। उपायुक्त ने शाखा प्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक, महावीर चौक अपर बाजार को लाभुकों के बैंक खाता में आरटीजीएस के माध्यम से राशि हस्तांतरित करने का निर्देश दिया है।

### मॉडल आईटीआई में मशीन जांच कमेटी निरस्त

**रांची।** श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण निदेशालय की ओर से आईटीआई जांच के लिए गठित कमेटी निरस्त कर दी गयी है। इस संबंध में श्रम नियोजन विकास विभाग के सचिव राजेश कुमार शर्मा ने आदेश जारी किया है। इसमें बताया गया है कि नियुक्त द्वारा कमेटी सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का मॉडल आईटीआई के रूप में बदले जाने और योजनान्तर्गत खरीदे गये मशीनों के भौतिक जांच किया जाना था। चूंकि योजना केंद्र प्रायोजित है और निदेशालय ने एक जनवरी 2023 के आदेश से कमेटी गठित कर दिया था। यही कारण है कि सचिव ने संबंधित कमेटी को निरस्त कर दिया है।

### रजिस्ट्रार के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी

**रांची।** जिला अवर निबंधक स्तर के दो अधिकारियों (रजिस्ट्रार) राहुल चौबे और सुजीत कुमार को झारखंड हाईकोर्ट से मिली राहत बरकरार है। हाईकोर्ट ने पुलिस को निबंधन सेवा के अधिकारी राहुल चौबे और सुजीत कुमार के खिलाफ दर्ज एफआइआर में अगली सुनवाई तक किसी भी तरह की पीड़क कार्रवाई नहीं करने का आदेश दिया है। मंगलवार को प्रार्थियों के अधिवक्ता ने सरकार के द्वारा दाखिल किये गये एफि डेविट पर अपना काउंटर एफि डेविट दायर करने के लिए समय मांगा। जिसके बाद कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई के लिए एक सप्ताह बाद की तिथि निर्धारित की है। बता दें कि धनबाद जिले के गोविन्दपुर में पदस्थापन के दौरान दोनों ही अधिकारियों पर एक भूमि की रजिस्ट्री को लेकर प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी।

## जिला स्कूल में पुलवामा हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राष्ट्रीय युवा शक्ति ने जिला स्कूल मैदान के प्रांगण में मंगलवार को पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों की श्रद्धांजलि दी। इसके बाद जिला स्कूल से अल्बर्ट एक्का चौक तक पाकिस्तान की शवयात्रा निकाली गई। मौके पर राष्ट्रीय युवा शक्ति के केंद्रीय अध्यक्ष उत्तम यादव ने कहा कि चार साल पहले 14 फरवरी 2019 दोपहर आतंकवादी हमला हुआ था, जिसमें हमारे 42 जवान शहीद हुये थे। पंकज पाण्डेय ने कहा कि आज का हमारा एक ही नारा है। न माफ किया है, न माफ करेंगे। मौके पर आर्यन मेहता, रोहित यादव, दिलीप गुप्ता, जेपी यादव, सुनील साहू, सावन लिंडा, विजय तिर्की, विनय सिंह, विक्की जायसवाल, विकास यादव, प्रीति सिन्हा जायसवाल, निखिल गुप्ता, विशाल साहू, सत्यम सिंह, राघव सिंह, हर्ष बरनवाल, विक्की लिंडा, राहुल गुप्ता, चंदा तिवारी, किरण कुमारी आदि उपस्थित थे।

## ट्यूशन फीस कम कराने के नाम पर 5.47 लाख की ठगी

**रांची।** रांची के कडरू निवासी गजेंद्र कुमार सिंह से ट्यूशन फीस कम कराने के नाम पर पांच लाख सैंतालीस हजार रुपये की ठगी कर ली गयी। मामले को लेकर गजेंद्र कुमार सिंह ने अरगोड़ा थाना में एफआइआर दर्ज करायी है। बताया कि जमशेदपुर के रहनेवाले राहुल कुमार सिंह ने फीस कम कराने के नाम पर इस घटना को अंजाम दिया है। गजेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि उनका बेटा बेंगलुरु में पड़ता है और उसकी सालाना फीस छह लाख रुपये है। राहुल कुमार सिंह ने कहा कि उसकी फीस को दो लाख 80 हजार सालाना करा देंगे। राहुल कुमार सिंह ने ट्यूशन फीस कम कराने के नाम पर गजेंद्र कुमार सिंह से यह पैसा लिया।

## यूपीएससी की अभियंत्रण सेवा (प्रा.) परीक्षा 19 को

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली द्वारा आयोजित अभियंत्रण सेवा (प्रा०) परीक्षा 19 फरवरी को है। इसके सफल आयोजन को लेकर मंगलवार को रांची उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वारा सयुंक्तादेश जारी किया गया है। प्रथम पाली में परीक्षा 10:00 बजे पूर्वाह्न से 12:00 बजे मध्याह्न एवं द्वितीय पाली में 02:00 बजे अपराह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक आयोजित की जायेगी। परीक्षा केंद्रों में सफल संचालन के लिए पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गयी है। प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को परीक्षा तिथि को ससमय प्रतिनियुक्ति स्थल पर योगदान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

परीक्षा केंद्रों पर सहायक को-आर्डिनेटिंग सुपर वाइजर, पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गयी है। सेंटरों में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को समय पर अपने कार्य निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। प्रतिनियुक्त स्टैटिक दंडाधिकारी/ पुलिस पदाधिकारी/ पुलिस बल को परीक्षा तिथि के दिन परीक्षा प्रारंभ होने के दो घण्टा पूर्व केंद्र में योगदान करने को कहा गया है।

## स्टेट बार काउंसिल से वकील राजीव कुमार की शिकायत

**रांची।** झारखंड अगेंस्ट करप्शन के अध्यक्ष दुर्गा उरांव ने अधिवक्ता राजीव कुमार पर गंभीर आरोप लगाते हुए स्टेट बार काउंसिल को पत्र लिखा है। उन्होंने अधिवक्ता राजीव कुमार पर क्रिमिनल प्रोसिडिंग चलाने की मांग की है। दुर्गा उरांव ने लिखा है अधिवक्ता राजीव कुमार झारखंड हाईकोर्ट में दायर मुकदमों की फाइल वापस नहीं कर रहे हैं। उन्होंने बीते 3 सालों में केस के साथ छेड़छाड़ भी की। उन्होंने लिखा है कि 2019 में अधिवक्ता राजीव कुमार ने कई कोरे कागज पर उनका हस्ताक्षर करा लिया था। एक मुकदमे में अब तक दो हस्तक्षेप याचिका दायर कर दी गई जिनकी जानकारी प्रार्थी तक नहीं दी गई थी।

## आत्मसमर्पण करनेवाले नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष किया खुलासा

# छकरबंघा और बूढ़ा पहाड़ के बंकरों में छुपे हैं नक्सलियों के करोड़ों रुपये और हथियार

**सत्येन्द्र**



**रांची।** नक्सलियों के खिलाफ लगातार चलाए जा रहे अभियान तहत गिरफ्तार टॉप नक्सली कमांडर एवं आत्मसमपर्ण करनेवाले नक्सलियों ने झारखंड पुलिस के समक्ष खुलासा किया है कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी ने अपने सुरक्षित ठिकानों पर करोड़ों रुपए और हथियार को छुपा कर रखा है। माओवादियों ने हथियार और रुपयों को पहाड़ों पर बने बंकरों में छुपा कर रखा है, जिसकी जानकारी संगठन से जुड़े कुछ खास नक्सली नेताओं के पास है।

**छकरबंधा और बूढ़ा पहाड़ नक्सलियों के लिए वरदान :** नक्सलियों का कहना है कि छकरबंधा माओवादियों के लिए आर्थिक राजधानी थी, जबकि बूढ़ा पहाड़ पर कैडर तैयार करते थे। दूसरे शब्दों में कह सकते हैं कि दोनों पहाड़ नक्सलियों के लिए वरदान थे। जहां से नक्सली अपनी गतिविधियों को संचालित करते थे। नक्सलियों के गतिविधि को देखते हुए ही सुरक्षाबलों ने बूढ़ा पहाड़ और छकरबंधा को तबाह कर दिया है। इन इलाकों के टॉप माओवादी विनय यादव उर्फ मुराद उर्फ गुरुजी, अभिजीत यादव, अभास भुइयां जैसे टॉप कमांडर हाल के दिनों में गिरफ्तार हुए हैं, जबकि नवीन यादव, अमन गंझू, राजेश ठाकुर जैसे कमांडरों ने आत्मसमर्पण किया है। गिरफ्तार विनय यादव उर्फ मुराद उर्फ गुरु जी ने सुरक्षाबलों को झारखंड बिहार सीमावर्ती क्षेत्रों से करीब 20 लाख रुपये एक महीने पहले रिकवर करवाया है।

विनय उर्फ मुराद ने सुरक्षा एजेंसियों को बताया है कि छकरबंधा के इलाके में माओवादियों के पास चार कैश का अलमीरा था, उसे एक अलमीरा के बारे में जानकारी थी। बाकी के तीन अलमीरा छकरबंधा के इलाके में कहीं छुपाया गया है। एक एक अलमीरा में करोड़ों रुपए हैं।

### सुरक्षाबलों ने इलाकों में बढ़ाई निगरानी

टॉप कमांडरों के खुलासा के बाद सुरक्षाबलों ने बूढ़ापहाड़ और छकरबंधा के इलाके में निगरानी बढ़ा दी है। पलामू रेंज के आईजी राजकुमार लकड़ा ने तत्कालीन समय में कहा था कि नक्सलियों के खुलासे के बाद इलाके में अभियान जारी है और निगरानी बढ़ाई गई है। उन्होंने बताया कि हथियार समेत कई सामग्री बरामद हो रही है। पुलिस को उम्मीद है कि उपरोक्त दोनों पहाड़ों पर नक्सलियों द्वारा छिपाकर बहुत सारा पैसा और हथियार रखा हुआ है। सुरक्षाबल उसकी तलाश कर रही है। बूढ़ा पहाड़ से कई नक्सली निकल कर भागे भी हैं, उनके झारखंड-बिहार सीमा पर पंहुचने की जानकारी मिली है।

### संदीप की मौत के बाद दफन है कई राज

दरअसल मई 2022 में छकरबंधा के इलाके में बीमारी से टॉप माओवादी संदीप यादव की मौत हो गई थी। संदीप यादव झारखंड और बिहार में माओवादियों के लिए सबसे अधिक लेवी वसूलता था। माओवादियों के एक एक आर्थिक स्रोत की पूरी जानकारी संदीप यादव के पास थी। माओवादियों के लेवी का पैसा वह अपने पास रखा था। संदीप पर पैसे के साथ-साथ हथियारों को भी खरीदने की जिम्मेदारी थी। गिरफ्तार और आत्मसमर्पण करने वाले टॉप माओवादियों ने सुरक्षा एजेंसी को बताया है कि संदीप यादव ने करोड़ों रुपये जंगलों में छुपा कर रखा है, जिसकी जानकारी संदीप यादव और कुछ टॉप कमांडरों को है। वहीं बूढ़ा पहाड़ के इलाके में माओवादियों के पास कई आधुनिक हथियार मौजूद हैं। हथियार और पैसों के ठिकाने के अगल-बगल बड़े पैमाने पर माओवादियों ने आईईडी लगा कर रखा है। बूढ़ा पहाड़ और छकरबंधा के इलाके में सुरक्षाबलों को अभी तक माओवादियों के हथियार और पैसों के पुराने डंप मिले हैं। आत्मसमर्पण और गिरफ्तार होने वाले टॉप कमांडरों के खुलासे के बाद सुरक्षाबल नए सिरे से अभियान चलाने की तैयारी कर रहे हैं।



# ख्रीस्त के प्रेम, दया व ईश्वरीय अनुभूति को अपनी समर्पित सेवा से दूसरों में बांटें : कार्डिनल जिरेली

## मेजर सेमिनरी संत अल्बर्टस कॉलेज में वैटिकन रोम से आए पोप के राजदूत कार्डिनल लियोपोलदो जिरेली का भव्य स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** रांची आर्चडायसिस में आयोजित कांफ्रेंस ऑफ डायोसेसन प्रिस्टस ऑफ इंडिया (सीडीपीआई) के मुख्य अतिथि वैटिकन रोम से आए पोप के राजदूत कार्डिनल लियोपोलदो जिरेली का मंगलवार को समाज कलीसिया व देश की सेवा के लिए कैथोलिक पुरोहितों को तैयार करने वाले मेजर सेमिनरी संत अलबर्ट कॉलेज में भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम से पूर्व पोप के राजदूत कार्डिनल जिरेली ने संत अलबर्ट कॉलेज के समस्त स्टाफ, पुरोहिताई स्टूडेन्ट्स के साथ अनौपचारिक भेंट की। इस क्रम में उन्होंने संत अलबर्ट कॉलेज से पुरोहिताई दीक्षा और समर्पित सेवा का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले तमाम स्टूडेंट्स को संबोधित किया। उन्होंने पुरोहिताई छात्रों से कहा कि प्रशिक्षण के दौरान मानव मूल्यों, बौद्धिक विकास, सांस्कृतिक उत्थान तथा आध्यात्मिक उन्नति के लिए समर्पित होना चाहिए। हर विद्यार्थी को अपने व्यक्तित्व के विकास के लिए सतत प्रयत्नशील रहना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि येसु ख्रीस्त को नजदीक से जानें तथा उनकी शिक्षा, प्रेम, सेवा, दया तथा ईश्वरीय अनुभूति को भलीभांति समझकर अपनी समर्पित सेवा से उन्हें दूसरों के साथ बाटें। पोप फ्रांसिस के दिए गए संदेश का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि प्रेम, सद्भावना तथा क्षमा भाव अपनाते हुए परोपकारी कार्य करें तथा दूसरों के जख्मों को भरें। प्रशिक्षण के दौरान निस्वार्थ सेवा भाव को अपनाते हुए ज्ञान, समर्पण तथा अनुशासन के पथ पर अग्रसर रहें। कॉलेज के वाइस चांसलर व खूंटी धर्मप्रान्त के बिशप विनय कंडुलना ने कहा मौजूदा दौर में शिक्षण का कार्य चुनौती से भरा है। वहीं दूसरी ओर विद्यार्थियों की मानसिकता भी बदल रही है। इससे पूर्व कॉलेज के प्रांगण में हस्त प्रक्षालण कर अतिथियों का पारंपरिक स्वागत किया गया। तदुपरांत पारंपरिक स्वागत नृत्य करते हुए अतिथियों को ससम्मान कॉलेज के सभागार में लागया गया। मौके पर संत अलबर्ट कॉलेज के रेक्टर फादर अजय खलखो ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ देकर तथा शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। रांची महाधर्मप्रांत के सहायक बिशप थियोडोर मसकरेन्हस एसएफएक्स ने भी आर्चबिशोप फेलिक्स टोप्पो तथा स्थानीय कलीसिया की ओर से अतिथि का सम्मान दिया।

# विजय दत्त बने झारखंड पारा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** पेरालिंपिक कमिटी ऑफ झारखंड के कार्यालय में कमेटी की प्रांतीय बैठक विजय कुमार दत्त की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कमेटी का नाम बदलकर झारखंड पारा स्पोर्ट्स एसोसिएशन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से झारखंड पारा स्पोर्ट्स एसोसिएशन में विजय कुमार दत्त को कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया। साथ ही अप्रैल माह तक पूरे स्टेट कमिटी का गठन कर सभी पदाधिकारियों की घोषणा करने का अधिकार दिया गया। बैठक में खेल निदेशक सुगंध नारायण एवं कमेटी के सीईओ सुनील कुमार विश्वास ने कहा कि झारखंड के सभी जिलों में एसोसिएशन का गठन किया जाएगा। इस एसोसिएशन के तहत ही पारा के सभी खेलों का आयोजन कराया जाएगा। बैठक बताया गया कि राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप, राष्ट्रीय पैरा ओलंपिक चैंपियनशिप का आयोजन शीघ्र होगा। जिसमें झारखंड के पारा खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतिभागियों के नामों की घोषणा आगामी दिनों में सुनिश्चित कर दिया जाएगा। जिलों में जिला स्तरीय सभी पैरा खेलों के लिए खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने का कार्य भी प्रारंभ किया जाएगा। बैठक में- बैडमिंटन एसोसिएशन के स्टेट को-ऑर्डिनेटर कमल कुमार अग्रवाल, नीरज भट्ट, आकाश अग्रवाल, संदीप सहाय, सरोज कुमारी, अतुल चंदन, हरिलाल, राजा कुमार, गोवर्धन रजक, मनीष कुमार, विनोद कुमार मल्लिक, विवेक राज, संजय सर्राफ आदि उपस्थित थे।

### आयुष्मान कार्डधारकों को नि:शुल्क सेवा देगा सीसीएल का गांधीनगर अस्पताल

**रांची।** सीसीएल के खनन क्षेत्र के आसपास रहने वाले झारखंडवासी जिनकी पहुंच बड़े कॉरपोरेट अस्पतालों तक नहीं है। वैसे लोग आयुष्मान भारत योजना के तहत सीसीएल के गांधीनगर अस्पताल में अपना ईलाज करा सकते हैं। इस योजना के अंतर्गत रांची स्थित सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल गांधीनगर में चिकित्सकों द्वारा हर प्रकार की बिमारियों का उपचार किया जा रहा है। ज्ञात हो कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित इस योजना के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को 5 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा मुहैया कराया जाता है। केंद्रीय अस्पताल गांधीनगर सीसीएल का शीर्ष अस्पताल है, लगभग 200 बेड के इस अस्पताल में सभी प्रकार के विशेषज्ञ चिकित्सीय सेवाएं प्रदान की जाती है। यह अस्पताल न केवल सीसीएल कर्मियों और उनके आश्रितों का, बल्कि परियोजना प्रभावित क्षेत्रों के लोगों का भी उपचार करता है।

## इनरव्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा ने स्ट्रीट डॉग्स को लगाया स्वचालित फूड डिस्पेंसर



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** इनरव्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा रांची डिस्ट्रिक्ट- 325 की ओर से मंगलवार को राजधानी के विभिन्न जगहों पर स्ट्रीट डॉग्स के लिए स्वचालित फूड डिस्पेंसर लगाया गया। अध्यक्ष नम्रता कुमार के नेतृत्व पुंदाग, वर्द्धमान कंपाउंड, लालपुर, बरियातू तथा जीवन कंपाउंड एदलहातू में लावारिस कुत्तों के लिए स्वचालित फूड डिस्पेंसर स्थापित किया गया। इस डिस्पेंसर में कुत्तों के लिए रेडीमेड भोज्य पदार्थ समय समय पर क्लब के सदस्यों द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। इस कार्यक्रम में सोमा भादुड़ी,ज्योति तिवारी अनिता जयसवाल,सुषमा सिन्हा, संगीता सिन्हा, रेखा सिंह, रिंकू बनर्जी, सुषमा पांडे ने भाग लिया। यह जानकारी अर्चना त्रिवेदी ने दी।

## खबर एक नजर में

### पिरामल फाऊंडेशन सक्षम ग्राम पंचायत के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण क्षेत्र में करेगा काम

**रांची।** ओरमांझी, नामकुम और मांडर में कार्यशाला का सफल आयोजन के बाद पिरामल फाऊंडेशन द्वारा अनगड़ा प्रखण्ड के चयनित तीन पंचायत अनगड़ा, हेसल और चिल्दाग में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में सक्षम ग्राम पंचायत के तहत एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। पिरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम मैनेजर राजू सिंह द्वारा नीति आयोग के संकेतक शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण के प्रखंड स्तर पर क्रियान्वयन की जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि कैसे स्वास्थ्य और पोषण में सबका सहयोग लेकर आंगनवाड़ी को और सुदृढ़ बनाया जा सकता है। साथ ही सहिया-सेविका को कैसे सशक्त बनाया जा सकता है इस पर चर्चा की गयी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आंकड़ों के अनुसार 5 करोड़ बच्चों के आधारभूत भाषा और गणित के ज्ञान में कमी आई। जिससे उनके बुनियादी साक्षरता का स्तर कमजोर हुआ, जिसको 2025-2026 तक संपूर्ण भारतवर्ष में एफएलएन कार्यक्रम पर काम करते हुए मजबूत करना है। एफएलएन कार्यक्रम के तहत पंचायत के विद्यालयों में स्टूडेंट/स्कूल लर्निंग ऑब्जेक्टिव बढ़ाने हेतु बिल्डिंग ऐज लर्निंग ऐड, बाल संसद, असेंबली एवं पुस्तकालय जैसे महत्तवपूर्ण गतिविधि पर ध्यान केंद्रित किया जायेगा।

### राजधानी में ड्रोन से अफीम खेती पर होगा वार

**रांची।** राजधानी रांची के आसपास इलाके में अफीम की खेती बड़े पैमाने पर की जा रही है। रांची के बुंडू, तमाड, सोनाहातु, राहे व दशम फॉल थाना क्षेत्रों किए गए अफीम की खेती को नष्ट करने के लिए पुलिस अब ड्रोन की मदद लेगी। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि पुलिस जब अफीम खेती को नष्ट करने के लिए पहुंचती है तो प्रायः ग्रामीण कुछ बोल नहीं पाते और वे पीछे हट जातें हैं। इसी कारण रांची पुलिस ने ड्रोन मंगाया है। ड्रोन की रेंज तीन किलोमीटर है। अब ड्रोन की मदद से जंगलों में भी की गयी अफीम की खेती का पता लगाकर पुलिस उसे नष्ट करेगी। उन्होंने कहा कि गत कुछ दिनों में ही बुंडू अनुमंडल क्षेत्र में पुलिस लगभग एक सौ एकड़ से भी ज्यादा जमीन में लगे अफीम की खेती को नष्ट कर चुकी है।

### बैंक में नौकरी दिलाने के बहाने 1 लाख 60 हजार की ठगी

**रांची।** सदर थाना क्षेत्र के रहने वाले विकास कुमार से साइबर अपराधियों ने 1.60 लाख रुपए की ठगी कर ली है। अपराधियों ने बैंक में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी की है। विकास ने सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी है। जिसके बाद पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है। विकास ने पुलिस को दिये आवेदन में बताया कि उन्होंने नौकरी के लिए कई वेबसाइट पर आवेदन दिया था। एक सप्ताह पहले एक व्यक्ति ने उन्हें फोन कर कहा कि एक बैंक में वैकेंसी है। विकास में जब सहमति जतायी तो ऑनलाइन ढाई हजार रुपये का भुगतान करवा कर ऑनलाइन ही विकास का एक एग्जाम कंडक्ट किया गया। इसके बाद विकास को यह बताया गया कि उनकी नौकरी पक्की हो गई है। इसके बाद साइबर अपराधियों ने उसे झांसे में लेकर दस्तावेज के सत्यापन करने, पैनकार्ड और दूसरी अन्य चीजों की जांच करने के नाम पर राशि ली। इसके बाद साइबर अपराधियों के द्वारा उनसे आवास उपलब्ध कराने और ज्वाइनिंग लेटर देने के नाम पर 50-50 हजार रुपए लिया, इसके बाद भी विकास को ज्वाइनिंग लेटर नहीं मिला। विकास कुमार ने जब बैंक की नौकरी के लिए बात करने वाले व्यक्ति को फोन करना चाहा तो उसका फोन भी बंद मिला। जिसके बाद विकास को पता चला कि उसके साथ ठगी की गई है।

### शारदा ग्लोबल स्कूल में 12वीं के छात्रों का विदाई समारोह



**रांची।** शारदा ग्लोबल स्कूल में 12वीं के छात्रों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। 11वीं के छात्रों ने अपने सीनियर्स का स्वागत के साथ-साथ भावभीनी विदाई दी। इस कार्यक्रम के अंतर्गत ग्यारहवीं के छात्रों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी। विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर रंजना स्वरूप तथा प्राचार्य जसमीत कौर ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सफलता का मूल मंत्र अथक परिश्रम है। इस समय छात्रों को अपनी स्टडी पर पूर्ण रुप से फोकस करना चाहिए। साथ ही अपने को पूर्ण रूप से स्वस्थ रखने की भी आवश्यकता है। अपने लक्ष्य पर केंद्रित हो ध्यान पूर्वक पढ़ाई करें एवं जीवन के निर्धारित लक्ष्य पर कार्य करें एवं सफल बनें।

### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के रसायन विज्ञान के शिक्षक सर्वेश्वर प्रधान का निधन



**रांची।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के रसायन विज्ञान के शिक्षक सर्वेश्वर प्रधान का रविवार को निधन हो गया। वे विगत 15 वर्षों से विद्यालय में कार्यरत थे और अपने विद्यार्थियों के बीच बेहद लोकप्रिय थे। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए शोक सभा का आयोजन किया गया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ एस.बी.पी मेहता, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सिमी मेहता, प्राचार्य राज किशोर शर्मा, उप प्राचार्य के.आर झा एवं जूनियर विंग इंचार्ज रवि शेखर ने उनके आकस्मिक निधन पर दुख जताते हुए कहा कि यह विद्यालय के लिए अपूरणीय क्षति है। इस दुखद घड़ी में समस्त विद्यालय परिवार उनके परिजन के साथ खड़ा है।

### धुर्वा में 18 को सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के सानिध्य में संत निरंकारी समागम

**रांची।** सन्त निरंकारी मंडल रांची जोन के तत्वावधान में 18 फरवरी 2023 को शहीद मैदान धुर्वा में विशाल रुहानियत व इंसानियत संग संग जैसे सन्त निरंकारी समागम का आयोजन किया गया है। सन्त निरंकारी मिशन की सत्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज के सानिध्य में यह समागम होगा। संत निरंकारी समागम को लेकर सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज का झारखंड में पहली बार उनका पर्दापण हो रहा है। यही नहीं रांची समेत कुल चार जिलों में उनकी पावन छत्रछाया में सन्त समागम आयोजित किए जा रहे हैं। यह समागम रात 8 बजे तक चलेगा। इस समागम में रांची के अलावा आस पास के जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु-अनुयायी सहित आम लोग भी शामिल होंगे। 19 फरवरी को वह धनबाद और 20 फरवरी को हजारीबाग में हो रहे सन्त समागम में अपना आशीर्वचन देंगी। समागम को लेकर शहीद मैदान धुर्वा में तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। वहीं 15 फरवरी से आयोजन स्थल में समाज सेवा के अन्य कार्यो का सिलसिला जारी रहेगा।

### सीआइटी में दी गयी पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि



**रांची।** कैंब्रिज पॉलिटेक्निक में मंगलवार को ब्लैक डे का आयोजन कर पुलवामा अटैक में शहीद देश के वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर विद्यार्थियों, शिक्षकों के अलावा संस्थान के सचिव नवनीत सिंह व प्राचार्य डॉ रोहित शर्मा मुख्य रूप से मौजूद थे। प्राचार्य डॉ रोहित शर्मा ने मौके पर कहा कि फिरकापरस्त ताकतों के हाथों शहीद हुए अमर बलिदानियों की कुबार्नी खाली नहीं जाएगी। उन्होंने देश के लिए कुबार्नी को महानतम दर्जा देते हुए। शहीदों को नमन किया।

## एचईसी को मिला बिजली शिफ्टिंग का 2.48 करोड़ बकाया पेमेंट

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। रांची स्मार्ट सिटी ने एचईसी को बिजली शिफ्टिंग के एवज में बकाया 2.48 करोड़ रुपये पेमेंट कर दिया है। वहीं एचईसी से रांची स्मार्ट सिटी को जमीन हस्तांतरण में हुई गड़बड़ियों को भी सुधारा जा रहा है। जल्द ही स्मार्ट सिटी में नीलाम हुए 11 प्लॉट की रजिस्ट्री शुरू हो जाएगी। मालूम हो कि सरकार ने रांची स्मार्ट सिटी के लिए एचईसी से 656 एकड़ जमीन ली थी। स्मार्ट सिटी ने इस जमीन के 51 प्लॉट की नीलामी 2021 में शुरू की थी। अप्रैल 2022 तक 11 प्लॉट का ऑक्शन हुआ। जिन बिल्डरों को प्लॉट मिला था, उन्होंने जून 2022 तक पूरा पेमेंट भी कर दिया था, लेकिन जमीन हस्तांतरण में तकनीकी पेंच फंसने के कारण प्लॉट की रजिस्ट्री अब तक नहीं हो पाई है।

### लगभग 60 एकड़ जमीन की नीलामी हुई

तीन चरणों में ई-ऑक्शन में 6 आवासीय, तीन मिक्स यूज और दो इंस्टीट्यूशनल प्लॉट्स मिलाकर लगभग 60 एकड़ जमीन की नीलामी हुई है। इसके बदले स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन को इन्वेस्टर्स से करीब 410 करोड़ रुपए राजस्व प्राप्त हुआ है।

# नृत्य हमारे जीवन का एक अंग : डॉ. विश्वास

## संजय गांधी मेमोरियल कॉलेज में नृत्य प्रतियोगिता आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** संजय गांधी मेमोरियल महाविद्यालय में एनएसएस यूनिट 3 कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ पम्पा सेन विश्वास के नेतृत्व में मंगलवार की सुबह 10:30 रूम नंबर 7 में नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य दुर्गा लाल शर्मा ने किया। डॉ पम्पा सेन विश्वास ने कहा नृत्य का उत्साह नटराज से हुआ है। नृत्य हमारे जीवन का एक अंग है।

सभी विद्यार्थी बढ़ चढ़कर भाग लिया। डॉ सुखदेव साहू ने नागपुरी नृत्य को देखते हुए कहा कि हम बहुत सौभाग्यशाली हैं कि नागपुरी के संगीत, नृत्य और साहित्य के क्षेत्र में तीन तीन गुनी जनों को पद्मश्री प्राप्त है।

इस प्रतियोगिता में के निर्णायक मंडली में डॉ शहनाज, डॉ बोनीता दिवाकर और डॉ अनुराधा मैडम उपस्थित महंतत रहीं। कार्यक्रम का संचालन रवि कुमार ने किया सभी विद्यार्थी बढ़-चढ़कर भाग लिए। प्रतियोगिता में विपुल, प्रतीक, प्रवीण, प्रीति, डॉली, शिवानी, खुशी, रानी, प्रीति, सोनी, मालती, सोनू, सुमन, आवासीय, सुलेखा, तनु, रीना, सुषमा, ईशा, अनुपमा, सरिता, समृद्धि ने हिस्सा लिया।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी मिराज दोषी करार

**रांची।** चार साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के मामले के अभियुक्त इस्लाम नगर निवासी मिराज को पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने दोषी करार दिया है। सजा के बिन्दु पर सुनवाई के लिए 21 फरवरी की तारीख निर्धारित की है। घटना को लेकर बच्ची की मां ने 18 जनवरी 2018 को लोअर बाजार थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### लोन दिलाने के नाम पर 75 लाख की ठगी

**रांची।** राजधानी रांची के अरगोड़ा थाने में लोन दिलाने के नाम पर 75 लाख रुपये ठगी का मामला सामने आया है। मामले को लेकर किशोर एक्का ने अरगोड़ा थाना में एफआइआर दर्ज करायी है। उन्होंने बताया कि लोन दिलाने के नाम पर अमेरिका के कैलिफोर्निया की कंपनी के नाम पर 75 लाख रुपए की ठगी की गयी है। किशोर मूल रूप से सिमडेगा के हैं। वर्तमान में वे परिवार के साथ अरगोड़ा के चेतन टोली में रहते हैं। उनका आरोप है कि माइंस की शुरूआत करने के लिए उन्हें 50 करोड़ रुपये लोन की आवश्यकता थी। इसके लिए उन्होंने एक कंपनी से संपर्क किया। लेकिन लोन दिलाने के पर उनसे सात वर्षों के दौरान 75 लाख रुपये की ठगी कर ली गयी, लेकिन ना तो लोन मिला और ना ही उनके पैसे वापस हुए। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## साईं शाह कमेटी का 16 मार्च को रांची में सम्मेलन

### अपने अधिकारों के लिए जुटेंगे समाज के हजारों लोग

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** राजनीति में अपनी भागीदारी,शिक्षा एवं विकास के लिए शाह शाह समाज के लोग 16 मार्च को राँची में अपनी हुंकार भरेंगे। सोमवार को पत्रकारों से बात करते हुए ऑल इंडिया शाह साईं कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मो असीरुद्दीन शाह ने बताया कि आगामी 16 मार्च को राँची के मेन रोड स्थित अंजुमन प्लाजा हॉल में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मेलन की तैयारी के लिए कमिटी की गठन कर दिया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मो असीरूद्दीन शाह की अध्यक्षता में गठित कमिटी में मौलाना कफील अहमद कैफी हजारीबाग, अंजुम रामगढ़, मो यूनुस अमीन राँची एवं गौस आजम बोकारो के नाम शामिल हैं।

कमेटी झारखण्ड के हर जिले का दौरा करेगी एवं बरादरी के लोगों को संगठित होकर अपनी आवाज बुलंद करने एवं सम्मेलन को कामयाब बनाने का आव्हान करेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि आजादी के बाद से हमारे समाज के लोगों को आज तक राजनीतिक भागीदारी नहीं मिली। सामाजिक राजनीतिक भागीदारी के लिए हम सम्मेलन के माध्यम से हुंकार भरेंगे।

## क्राफ्ट ऑफ इंडिया फेयर ने कलाकारों को किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** क्राफ्ट ऑफ इंडिया फेयर ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले कलाकारों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। यह कार्यक्रम हरमू मैदान स्थित क्राफ्ट मेला में आयोजित किया गया। बॉलीवुड एक्टर देवेश खान और हाउसिंग बोर्ड के अनिल कुमार सर ने सभी कलाकारों को सर्टिफिकेट देकर उसकी हौसला अफजाई की। हाउसिंग बोर्ड के अनिल कुमार सर ने सभी कलाकारों को बुके देकर उसकी हौसला अफजाई की । उन्होंने मेरी आवाज मेरी पहचान की पूरी टीम को बधाई दी। इस मौके पर सीआई एस के डायरेक्टर संजीव कुमार गोदाकिया रोहित चौरसिया खासतौर से मौजूद थे ।

क्राफ्ट ऑफ इंडिया फेयर में एक यादगार लम्हा रहा जब सिंगर कुमार गहलोत ने गाना गाया जिंदगी का सफर...... उसी वक्त चित्रकार परम शाह ने बॉलीवुड एक्टर देवेश खान को सामने देखते देखते ही 5 मिनट में स्केच कर उसकी तस्वीर बना डाली। इसके लिए उन्हें भी सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

# मध्यस्थता से सुलझा रातू राज घराना से संबंधित ऐतिहासिक संपति विवाद

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** मध्यस्थता केंद्र, रांची में मंगलवार को बंटवारावाद संख्या 225/2013 जो कमलेश बेहरा, सिविल जज, सिनियर डिविजन-13 के न्यायालय में लंबित था। उक्त वाद को अधिवक्ता मध्यस्थ ममता श्रीवास्तव एवं दोनों पक्षों के अधिवक्ता संजय कुमार सिंह एवं लाल स्वतंत्र नाथ शाहदेव की सुझबूझ से सुलझा लिया गया। उक्त वाद रातू राज परिवार की वादी प्रिदर्शिनी शाहदेव के द्वारा दायर किया गया था। प्रतिवादीगण माधुरी मंजरी देवी, कल्पना सिंह, कुमार अभिरीत देव सिंह, माधवेंद्र सिंह, कौशलेंद्र सिंह एवं प्रियंका सिंह आदि पर किया गया था। ज्ञात हो कि वादी द्वारा यह बंटावारा मुकदमा वाद पत्र में उल्लेखित रातू महाराजा के चल वो अचल संपत्ति में आधा हिस्सा के बंटवारा हेतु दायर किया गया था। वाद के लम्बित रहने के दौरान मूल प्रतिवादी संख्या 01 महाराजा चिन्तामणि शरणनाथ शाहदेव का निधन हो गया है, उनके सभी जीवित वंशजगण एवं उत्तराधिकारी उपरोक्त वाद में पूर्व से हीं पक्षकार हैं, इसलिए उनका नाम वाद पत्र से विलोपित कर दिया गया है एवं मूल प्रतिवादी सं. 03 तृप्ती मंजरी देवी की भी मृत्यु हो गयी है। वे अपने पिछे अपने नाबालिग पुत्र अभिरीत देव सिंह द्वारा न्यायालय द्वारा नियुक्त संरक्षक मनोज कुमार राय, द्वारा प्रतिनिधित्व किया जा रहा है। मूल प्रतिवादी सं. 04, गायत्री देवी का भी निधन हो चुका है। वे अपने पिछे अपने पति श्री माधवेंद्र सिंह, एक पुत्र कौशलेंद्र सिंह एवं एक पुत्री प्रियंका सिंह को छोड़कर गुजर गयीं हैं। इस तरह उक्त वाद को एक ही बैठक में अधिवक्ता मध्यस्थता ममता श्रीवास्तव के द्वारा सुलझा लिया गया। दोनों पक्ष राजी-खुशी मध्यस्थता केंद्र से विदा हुये।

स्पीड न्यूज

## सेवन स्टार एकेडमी का मना वार्षिकोत्सव

**इटकी।** कुंदी स्थित सेवन स्टार एकेडमी का मंगलवार को तीसरा वार्षिकोत्सव मनाया गया। मौके पर कुंदी खेल मैदान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का उदघाटन भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने किया। मौके पर विद्यार्थियों ने शिक्षाप्रद लघु नाटकए नृत्य व क्विज सहित अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के इएलएल के विभागाध्यक्ष विनय भारत, भोगन सोरेन, बिंदेश्वर बेक, अरविंद उरांव, फ्रांसिस्का केरकेट्टा, बबलू, छवि व कोमल शामिल थे।

## महाशिवरात्रि को लेकर राय बाजार में बैठक

**पिपरवार।** शिव मंदिर राय बाजार के प्रांगण में महाशिवरात्रि पर्व को धूमधाम से मनाने को लेकर मंगलवार को बैठक का आयोजन किया गया`बैठक की अध्यक्षता विष्णु साहू एवं संचालन राजेश सोनी ने किया` बैठक में आपसी विचार विमर्श से महाशिवरात्रि पर्व के दौरान शिव बारात निकाले जाने सहित विधि विधान से पूजन कार्य संपन्न कराने को लेकर नई समिति का गठन किया गया। इस समिति में प्रभारी रंजीत केसरी, उप प्रभारी रवि गुप्ता, राजेंद्र सोनी, पूजा प्रभारी कृत नायक, अजय केसरी, को मनोनीत किया गया। बैठक में राम अवतार गुप्ता, उदय सिंह, शंकर सिंह, नागेश्वर महतो शामिल थे।

## भागवत कथा में उमड़ी भक्तों की भीड़

**पिपरवार।** बचरा के बाबा सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सुनने को लेकर भारी संख्या में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ थी । भागवत कथा वाचक राजेंद्र पंडित द्वारा पूरे विस्तार से भागवत कथा श्रद्धालुओं को बताया गया` इस भागवत कथा कार्यक्रम के दौरान बीच-बीच में भक्ति संगीत का भी आयोजन किया गया। भागवत कथा के दौरान आयोजित महाआरती कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कथा समापन के पश्चात आयोजन समिति द्वारा उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

## बाबा सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर में रुद्राभिषेक

**पिपरवार।** बचरा में आयोजित भागवत कथा कार्यक्रम को लेकर बाबा सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर परिसर में सात दिवसीय रुद्राभिषेक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। रुद्राभिषेक पंकज शास्त्री के द्वारा पूरे विधि विधान के साथ मंत्रोच्चारण करते हुए कराया गया। रुद्राभिषेक कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में महिला श्रद्धालु शामिल हुई,इसमें अधिकांश महिलाएं कलश यात्रा में भी शामिल हुई थी। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के सभी सदस्यों ने सराहनीय भूमिका निभा रहे हैं।

## श्राद्धकर्म के लिए किया सहयोग

**अनगड़ा।** भूसुर निवासी सुखदेव महतो पिता नुनु महतो (60 वर्ष) का पिछले दिनों सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। उनकी चार पुत्री व एक पुत्र हैएपरिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नही रहने के कारण उनके श्राद्धकर्म में सहयोग हेतु भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य  जैलेंद्र कुमार द्वारा खाद्य सामग्री व नगद देकर सहयोग प्रदान किया। मौके पर सलदेव महतो, महाबीर महतो, विक्रम बैठा, राजेश लोहरा, चंदन बड़ाईक मौजूद थे।

# विद्यार्थियों ने पुलवामा के शहीदों की शहादत को किया याद, दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** कंदरी स्थित भारथी ग्रुप आफ इंस्टीयूशन में मंगलवार को बीएड, डीएलएड, बीएससी नर्सिंग, जीएनएम नर्सिंग एवं डी फार्मा के छात्र- छात्राओं ने पुलवामा हमले में शहीद वीर जवानों को नमन आँखों से श्रद्धांजलि अर्पित की। देश में आज के दिन को काला दिवस कहा गया क्योंकि इसी दिन हमारे देश ने अपने 44 भारत माता के सपुत खो दिए। भारत देश की रक्षा करते हुए शहीद हो गए। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में संस्थान की शैक्षणिक सचिव दीपाली पराशर ने कहा कि हमें देश के प्रति समर्पित वीर जवानों का सम्मान करना चाहिए एवं जो जवान हमारे देश की सेवा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए है उनके परिवार के प्रति आगे आ कर उनकी सच्ची सेवा करनी चाहिए और यह कहते हुए उन्होने देश के शहीद वीरों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किए। बीएड के प्राचार्य प्रो उपेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि जवानों के शहादत को भूलाया नहीं जा सकता। बीएडण के विभागाध्यक्ष श्री राकेश कुमार राय ने कहा कि देश की सेवा सच्ची सेवा हैंए सभी लोग सैनिक की भूमिका नहीं निभा सकते, लेकिन किसी न किसी रूप में हम अपने देश की सेवा कर सकते हैए यह हमारे लिए सौभाग्य की बात होगी । डीएलएड के विभागाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि भले ही इस घटना को चार साल बीत चुका है लेकिन उसके जख्म आज भी हरे है। यह कहते हुए उन्होंने शहीदो को श्रद्धांजलि अर्पित किए और उनके परिवारों के लिए सहानुभूति प्रकट किए। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं ने नमन आँखो से शहीद जवानों को श्रदांजलि अर्पित की और उनके लिए मौन रखकर उन्हें सम्मान जनाया गया।

### मौके पर थे मौजूद

मौके पर नर्सिंग की प्राचार्या निहारिका श्रीवास्तव, व्याख्याता सलमा खातुन, बिनीता चैधरी, विवेक राज जायसवाल, रीभा कुमारी, कृपा शंकर, रोहिनी, गौरी, संकेत, साकीब ईमाम, राखी कुमारी, अंजेला गाड़ी, दूर्बा बनर्जी, ज्योति डूंगडूंग, सबिता गोराईन, नूर नेहार, अनिता कुमारी, सोनी किस्पोटा तथा कर्मचारी एसएन सहाय, तुलसी दास, नवरंजन, सुनील कुमार, जयप्रकाश मिश्रा, अर्पणा कुमारी, चिन्ता उरांव, इरमा मिंज, अमन वर्मा, बंटी ओझा, राहुल, सुरेन्द्रए इमरोज, नरेन्द्र कुमार, महेन्द्र आदि उपस्थित थे।

## चान्हो: लेपसर स्कूल में मनाई गई वीर बुधु भगत जयंती



**चान्हो।** उत्क्रमित 2 उच्च विद्यालय लेपसर में मंगलवार को विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के आदेशानुसार अमर शहीद वीर बुधु भगत की जयंती धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा निबंध भाषण चित्रकला प्रतियोगिता संपन्न हुआ। सर्वप्रथम वीर बुधु भगत के जीवन और उनके स्वतंत्रता आंदोलन में किए गए कार्यों को प्रधानाध्यापक महफिल अंसारी ने संक्षेप में छात्रों के बीच रखा। छात्रों ने झारखंडी वेशभूषा पहनकर कार्यक्रम में भाग लिया बच्चों के भावपूर्ण कार्यक्रम को देखकर ऐसा लग रहा था जैसे वीर बुधु भगत का जीवन हम लोगों को प्रेरणा दे रहा है इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र छात्राएं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिय। इस अवसर पर बच्चों को वीर बुधु भगत के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का संकल्प दोहराए।

## जल, जंगल, जमीन और पहाड़ों को संरक्षित करने की जरूरत



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने मंगलवार को इटकी प्रखंड के चिनारो पुरियो पंचायत का दौरा किया। इस दौरान हरमू सालो टोली के सरना प्रार्थना सभा में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। पूजा अर्चना के बाद अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज प्रकृति के पूजक है। जल, जंगल, जमीन, पहाड़ पर्वत को संरक्षित करने की जरूरत है। उन्होंने आदिवासी समाज के उत्थान के लिए शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि शिक्षा से समाज के लोगों में जागरूकता आयेगी तभी हम अपने हक व अधिकार को पा सकेंगे। इससे पूर्व कार्यक्रम में पहुंचने पर विधायक का आदिवासी रीति रिवाज के तहत स्वागत किया गया। इसके अलावा विधायक ने राजकीयकृत उत्क्रमित विद्यालय सुगदा का निरीक्षण किया। मौके पर पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष रमेश महलीए विधायक प्रतिनिधि राजेश तिर्की, आकाश लकड़ा, भानु सिंह सहित अन्य मौजूद थे।


कार्यालय–जिला शिक्षा पदाधिकारी, पलामू
नया समाहरणालय परिसर ब्लॉक–सी मेदिनीनगर, पलामू (झारखण्ड) 822101
ई–मेल–deo.palamu@gmail.com

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक 175 दिनांक 09.03.2023 के द्वारा आदर्श विद्यालय योजना अन्तर्गत जिले के उत्कृष्ट विद्यालयों (Schools of Excellence) एवं प्रखण्ड स्तरीय आदर्श विद्यालयों में संविदा आधारित शिक्षकों के चयन हेतु आवश्यक सूचना संख्या PR289907 दिनांक 10.02.2023 के द्वारा प्रकाशित सूचना में आवेदन करने की निर्धारित अंतिम तिथि 28.02.2023 के स्थान पर दिनांक 05.03.2023 पढ़ा जाय। शेष पूर्ववत रहेगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी, पलामू

PR 290228 Jharkhand Education Project Council(22-23)D



नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट

संख्या :– 234 दिनांक:– 13.02.2023

सूचना

माननीय उच्च न्यायालय द्वारा वाद संख्या–WP(C) N0.-3894/2021 के संदर्भ में पारित न्यायादेश एवं कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार के ज्ञापांक–11/वाद–07–11/2022 का०–604/राँची, दिनांक–30.01.2023 के आलोक में विद्यालय द्वारा प्रकाशित विज्ञापन संख्या–01/2023 (PR No.287831 Human Resource Development (22-23):D ) को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाता है। इस मामले में नये सिरे से विज्ञापन प्रकाशित कर अग्रेतर कारवाई सुनिशिचत की जाएगी जिसकी सूचना बाद में प्रकाशित की जाएगी। अब तक प्राप्त आवेदनों को उनके द्वारा दिए गए पत्राचार के पते पर लौटाया जा रहा है।

ह०/– प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
सह सदस्य सचिव,
नेतरहाट विद्यालय समिति,नेतरहाट

PR 290227 Human Resource Developement(22-23).D


# राष्ट्र निर्माण में छात्रों की भूमिका अह्म

## प्रमुख और थाना प्रभारी से मिले छात्रसंघ के पदाधिकारी



खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ के आशमित मन तिर्की के नेतृत्व में छात्रों ने मंगलवार को प्रमुख अनुपमा देवी व थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह से कार्ययालय में जाकर औपचारिक मुलाकात की और छात्रों की समस्याओं से अवगत कराया। वहीं थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने देश के युवाओं को राष्ट्रशक्ति बताया और कहा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। छात्रों को चरित्र निर्माण के साथ समाजिक कार्यों में भी सहभागित निभाने की जरूरत है। उन्होने पुलिस प्रशासन द्वारा छात्रों को हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन दी। वहीं प्रखंड से छात्रों को प्रमाण पत्र व आय प्रमाण पत्र बनाने में हो रही परेशानी की जानकरी प्रमुख दी और छात्रों को हो रही समस्या का जल्द समाधान कराने का आग्रह भी किया। वहीं प्रमुख संबंधित विभाग व कर्मियों से बात कर छात्रों की समस्याओं को जल्द दूर करने की अश्वासन दी गई। छात्रों द्वारा प्रमुख व थाना प्रभारी के प्रति आभार व्यक्त किया गया। मौके पर अजय मुंडा, दिलेश्वर कुमार, बिरेन्द्र बेदिया, मोहन गन्झू, संदीप उरांव, चिंटू महतो, महेश कुमार आदि छात्र उपस्थित थे।

# झारखंडी संस्कृति को बचा कर रखना जरूरी: अनुप

## मनातू गांव में फूड फेस्टिवल का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांके।** मनातू गांव कांके में समाजसेवी अनूप कुमार महतो की अध्यक्षता में झारखंड फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया कुर्मी/कुड़मी विकास मोर्चा के बैनर तले हुए आयोजन में मुख्य अतिथि पूर्व भू राजस्व मंत्री सह टुंडी विधायक सह सचेतक सत्तारूढ़ दल मथुरा प्रसाद महतो शामिल हुए इस मौके पर उन्होंने कहा कि झारखंडी खान पान हमारी वास्तविक पहचान है। हम सभी को अपनी सांस्कृतिक विरासत संजो कर रखने की आवश्यकता है। इन्होंने सभी से बच्चों को शिक्षित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। समाजसेवी अनूप कुमार महतो ने झारखंडी खानपान को देश का सबसे बेहतर खानपान बताये। विशेष मौकों पर हमारे यहां विशेष व्यंजन बनाये जाते हैं। इसे काफी सराहा गया है। मौके पर विशिष्ट अतिथि कुर्मी विकास मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार मुखिया पूनम देवी उप मुखिया प्रतिमा देवी तुलसी महतो दीपक महतो राजीव रंजन महतो एवं अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# माता-पिता की सेवा से जीवन सफल और सुफल होता है: डॉ रमेश गुप्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** माता पिता की सेवा से जीवन सफल और सुफल होता है। माता पिता का स्थान ईश्वर के समान होता है। यह बातें एकल अभियान बेड़ो प्रखंड के अध्यक्ष डॉ रमेश गुप्ता ने कहीं। वे एकल विद्यालय बेड़ो प्रखंड के तत्वाधान में मंगलवार को महादानी मैदान स्थित रंगमंच पर आयोजित एक दिनी मातृ पितृ पूजन दिवस समारोह में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। समारोह का उद्घाटन अतिथियों ने संयुक्त रूप से मां भारती और मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप जलाकर किया। उन्होंने कहा कि माता पिता की सेवा सुश्रुषा करनेवाले संतानों को जीवन पथ पर झुकना और गिरना नहीं पड़ता। प्रभु श्रीराम व भगवान श्री गणेश जी की माता पिता की सेवा व प्रेम की कथा आज भी प्रेरणा दायक है। समारोह में स्कूली बच्चों ने अपने माता पिता की माल्यार्पण और आरती उतारकर पूजा अर्चना किया। साथ ही जीवन पथ पर स्वर्णिम सफलता का आशीर्वाद प्राप्त किया। धार्मिक अनुष्ठान पुजारी अशोक पंडा ने कराया। वहीं वक्ताओं ने कहा कि वेलेंटाइन डे के स्थान पर आज के दिन देशभर में मातृ पितृ पूजन दिवस समारोह का आयोजन किया जाना चाहिए। जिससे हमारी भारतीय संस्कृति की महिमा और महत्ता अक्षुण्ण बनी रहे।

# मेकॉन ने जीता फुटबॉल टूर्नामेंट

## महाराजा मदरा मुंडा फुटबॉल टूर्नामेंट



खबर मन्त्र संवाददाता

**कांके।** मेकॉन रांची की टीम ने महाराजा मदरा मुंडा फुटबॉल चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम कर लिया। मंगलवार को रिंग रोड स्थित महाराजा मदरा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में खेले गये फाइनल में उसने झारखण्ड ज्योति क्लब चुट्टू की टीम को 5.0 से हरा दिया।विजेता टीम को 2ण्5 लाख रुपए नकद बड़ा शील्ड दिया गया। उपविजेता टीम को 2 लाख रुपए नकद छोटा शिल्ड देकर पुरस्कृत किया गया। मैन ऑफ द सीरीज मेकॉन टीम के शंकर उराँव को दिया गया। उन्हें चुट्टू अंजुमन कमेटी की ओर से टीवीएस बाइक दिया गया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मेकॉन के रोहित तिग्गा को मिला। उन्हें भूतपूर्व सैनिक मंगराज मिंज और आजसू नेता मटरू लोहरा की ओर से एलइडी टीवी देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम, कांग्रेस प्रदेश महासचिव सुरेश कुमार बैठा, चंदन बैठा, जिला परिषद सदस्य संजय महतो, मुख्य संरक्षक सोमनाथ मुंडा, संरक्षक हेयात अंसारी, नसीमुद्दीन अंसारी, पन्नालाल महतो, मंगराज मिंज, मटरू लोहरा, अध्यक्ष संजय मुंडा, उपाध्यक्ष श्याम उरांव, मुर्शिद अंसारी, सोनू तिर्की, सचिव अजय एक्का, संजय उरांवग़ कोषाध्यक्ष प्रेमकिशोर महतो ने किया।


कार्यालय,
नगर परिषद, लोहरदगा
Email ID nagarparshad07.lohardaga@gmail.com

आम सूचना

दिनांक 11.02.2023 को अनुमण्डल पदाधिकारी, लोहरदगा की अध्यक्षता में Fire Safety Audit से संबंधित जिलास्तरीय गठित समिति के द्वारा लिये गये निर्णय अनुसार शहरी क्षेत्र अवस्थित व्यवसायिक भवनों, बैंक्विट हॉल, होटल मॉल, निजी अस्पताल/ क्लिनिक आदि संचालकों/ मालिकों को आगलगी से बचाव हेतु Mock Drill के साथ Fire Safety पर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया है जिसमें भवन प्लान एवं Fire Safety Measures से संबंधित सभी जानकारी दी जायेगी। प्रशिक्षण स्थल की विवरणी निम्नवत् है :–

स्थान – नगर भवन, प्रखण्ड परिसर, लोहरदगा
तिथि – 15 फरवरी 2023
समय – 11.00 बजे अपराह्न

अतः आप संबंधित भवन/मकान के मालिक/ संचालक से अनुरोध है कि स–समय यथा स्थान में उपस्थित होकर आगलगी से बचाव हेतु Mock Drill के साथ Fire Safety पर प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लेकर भवन प्लान एवं Fire Safety Measures से संबंधित सभी जानकारी प्राप्त करने का कष्ट करेंगे।

धन्यवाद!

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद, लोहरदगा

PR 290245 Lohardaga (22-23)_D


# बिजली बोर्ड मानव दिवस कर्मी आंदोलित



खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** बिजली बोर्ड मानव दिवस कर्मी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलित हैं। झारखंड स्टेट मानव दिवस समन्वय समिति ने मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की से मुलाकात की। सदस्यों ने उन्हें बताया कि राज्य विद्युत बोर्ड गठन के समय से ही कार्य करते आ रहे हैं। पूर्व में उपभोक्ताओं की ओर से उन्हें काम के बदले जो रकम दी जाती थीए उसी से परिवार का भरण पोषण करते थे, किंतु 2007 में झारखण्ड स्टेट इलेक्ट्रिक सप्लाई वर्कर्स यूनियन और झारखंड राज्य विद्युत बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष वीएन पांडेय के साथ समझौता वार्ता हुई। इसके तहत 2016 तक भत्ता में बढ़ोतरी करते हुये बोर्ड द्वारा प्रत्येक मानव दिवस कर्मी के खाता में सीधे भुगतान किया जा रहा था। 2017 में मानव दिवस कर्मियों को एजेंसी में डाल दिया गया। फिलहाल वहीं से भुगतान किया जा रहा है, लेकिन समय पर नहीं होने से उनकी परेशानी बढ़ गयी है। इस बीच सुश्री तिर्की को तीन सूत्री ज्ञापन सौंपा गया। इसमें बिजली बोर्ड मानव दिवस कर्मी को 60 आयु वर्ष तक काम पर रखने, 20 हजार मानदेय के अलावा टीए-डीए का भुगतान शामिल है।

## वर्ल्ड बैंक की टीम का पिपरवार दौरा

**पिपरवार।** कोयला उत्पादन में अपनाई जाने वाली खनन प्रक्रिया, विस्थापित रैयतों के पुनर्वास के साथ खनन के बाद खाली हुई भुमि के उपयोग का निरीक्षण करने हेतु वर्ल्ड बैंक की टीम ने पिपरवार का दौरा किया। वर्ल्ड बैंक की टीम के साथ सीसीएल मुख्यालय से तकनीकी निदेशक आरबी प्रसाद के साथ अन्य अधिकारी भी पिपरवार पहुंचे थे। पिपरवार पहुंचने पर महाप्रबंधक सीबी सहाय सहित अन्य स्थानीय अधिकारियों ने आगंतुक टीम का स्वागत किया। टीम में अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा के प्रतिनिधि शामिल थे।


पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा

आवश्यक सूचना
(लापता मुकेश कोरवा, उम्र– 20 वर्ष)



रमकण्डा थाना सनहा सं0–13/2023 दिनांक–25.01.2023 में लापता मुकेश कोरवा, उम्र–20 वर्ष, पिता–बिरक्षन कोरवा, ग्राम–मंगरही, पो0+थाना–रमकण्डा, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड, के रहने वाले हैं। जो दिनांक–02.01.2023 को 06:00 बजे शाम में अपने घर से लापता है। उक्त लापता मुकेश कोरवा, उम्र–20 वर्ष का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि लापता मुकेश कोरवा के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया:–
रंग–सांवला, लम्बाई–05 फीट, चेहरा–गोल,
पहनावा–काला कोट एवं जिंस, जुता–Sport, लाल गमछा,
शैक्षणिक–छः वर्ग पास।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 290264 (Police)22-23*D


# कलश यात्रा के साथ भांटबोड़ेया में रूद्र महायज्ञ शुरू



खबर मन्त्र संवाददाता

**ठाकुरगांव।** बुढ़मू प्रखंड के भांटबोडेया गांव में मंगलवार को कलशयात्रा के साथ पांच दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। कलशयात्रा में 651 महिलाओं व कन्याओं ने भाग लिया। कलश वितरण मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरीए जिप सदस्य मनोज वाजपेयीए प्रमुख सत्यनारायण मुंडाएभाजपा के एससी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री कमलेश रामएसांसद प्रतिनिधि अशोक नायकएरामकुमार दुबे आदि ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर पूर्व सांसद ने कहा कि यज्ञ होने से लोगों में धर्म के प्रति लगाव बढ़ता है। साथ ही उन्होंने कहा कि यज्ञ से समूचा क्षेत्र भक्तिमय हो जाता है। कलशयात्रा के दौरान महिलाओं के गगनचुंबी जयघोषों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। यज्ञ में बतौर यजमान कलेश्वर महतो सपत्नी सभी अनुष्ठान संपन्न कर रहे हैं। कलश यात्रा को सफल बनाने में आयोजन समिति के अध्यक्ष चंद्रकांत गिरि, सचिव विजय महतो, उमेश साहू, सुभाष पुरी, मोहन महतो, उमेश महतो, रामसुंदर महतो, बबलु साहु आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## रातू: सिंह मोड़ शिव मंदिर में मनेगी महाशिवरात्रि

**रातू।** प्रखंड के सिंह मोड़ स्थित पावर हाउस शिव मंदिर में 18 फरवरी को धूमधाम से महाशिवरात्रि मनायी जायेगी। इसकी पूर्व संध्या पर शुक्रवार की सुबह मंदिर परिसर से 501 महिला और युवतियों की ओर से बैंड बाजे के साथ कलशयात्रा निकाली जायेगी। झांकी में घोड़े आकर्षण के केंद्र होंगे। महाराजा तालाब में पुजारी मुकेश तिवारी वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जलाभिषेक करायेंगे। कलश स्थापना के बाद 24 घंटे का अखंड हरि कीर्त्तन व वेदी पूजा होगी। शनिवार को भगवान शिव की बारात निकाली जायेगी। सुबह प्रसाद का वितरण किया जायेगा। कीर्त्तन की पूणाहुति होगी। भंडारे आयोजित किये जायेंगे। शाम 5 बजे रुद्राभिषेक होगा। शिव श्रृंगार के उपरांत बारात का आगमन और शिव-पार्वती का विवाह होंगे। जोर-शोर से इसकी तैयारी की जा रही है। पूजा और शिव बारात को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जायेंगे। यह जानकारी मंदिर संचालन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष सुनिल सिंह ने मंगलवार की शाम पत्रकारों को दी।


झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
अवर प्रादेशिक नियोजनालय, हजारीबाग

भर्ती कैम्प, दिनांक – 26.02.2023

सूचना

अवर प्रादेशिक नियोजनालय –सह– मॉडल कैरियर सेन्टर हजारीबाग द्वारा दिनांक – 16.02.2023 को कार्यालय परिसर में 10:00 बजे पूर्वाहन से 4:00 बजे अपराह्न तक Bivasmaity/Schooc net India ltd Hazaribag के अधिन रिक्ति पदो पर नियुक्ति हेतु एक दिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसका विवरण निम्न हैं :–

| S. No | Name of the Establishment | Name of Vacancies | Vacancies | Qualification | Experience | Age | Pay/ Salary | Location | Duty Hr | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Bivasmaity/Schooclnet India ltd Hazaribag | ICT Instructor Govt School | 24 | Graduation With PGDCA /BCA / B.Sc - IT | - | 21-40 | 10000 | Hazaribag | - | - |
| | | ICT Instructor Govt School | 439 | With PGDCA /BCA / B.Sc - IT | - | 21-40 | 10000 | All Jharkhand | - | - |

योग्य एवं इच्छुक आवेदक (उम्मीदवार) जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.rojgar.Jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त उल्लेखित भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण–पत्रों एवं अंक प्रमाण–पत्रों की छाया प्रतियाँ तथा बायोडाटा दो प्रतियों में, दो पासपोर्ट साईज का फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उन्हे पुनः निबंधन करवाने की आवश्यकता नही है। चूंकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, अत एवं चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार से हस्तेक्षप नही रहेगा। कोविड – 19 हेतु निर्गत दिशा–निर्देशो/SOP का दृढता पूर्वक अनुपालन किया जाना आवश्यक है। अतः समाजिक दूरी का पालन, फेसमास्क सेनिटाइजर एवं ग्लब्स इत्यादि का उपयोग करगें। इस निमित किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नही होगा।

नियोजन पदाधिकारी
अवर प्रादेशिक नियोजनालय, हजारीबाग

PR 290321 Labour Employment and Traning(22-23)#D

# बैंकिंग में सुधार

देश का विकास और आधार बैंक के विकास से सीधा संबंधित है। जिस देश का बैंक डूब रहा हो वहां निवेश से लेकर विकास पर प्रश्न चिन्ह खड़ा होता है। ऐसे में देश के बैंको की हालत में सुधार और उनके निजीकरण के प्रयास का विरोध होना गलत है क्योंकि आज एक निजी बैंक को छोड़कर अन्य सभी लाभ में चल रहें हैं। सच यह है कि सभी सरकारों का यह एक शोर है जिससे वे अपनी निजीकरण की पॉलिसी को मजबूत होते रहने का दावा करना चाहता है। सही में किसी विनिवेशीकरण का देश में बोलबाला होगा ऐसा सोचना बेईमानी है। बैंक जिसे अपनी परिसंपत्ति मानते रहे हैं असल में वे इनकी देनदारियां हैं। मसलन, इन बैंकों की तमाम जगहों पर शाखाएं हैं जो आज के तकनीक-संचालित बैंकिंग दौर में गले का फंदा ही साबित होती हैं। उनके कर्मचारियों के मामले में भी यही बात लागू होती है। इन बैंकों के करीब 80 फीसदी कर्मचारियों की उस समय कोई जरूरत ही नहीं रह गई है जब कृत्रिम मेधा (एआई) पहले ही काम को अंजाम देने लगी है। एक शब्द में कहें तो इनमें से अधिकांश सरकारी बैंकों के पास पूंजी की भारी कमी है और उन पर ऋण का भारी बोझ है। उनके लिए इस स्थिति से आजाद हो पाना खासा मुश्किल होगा, लिहाजा उनकी ब्रिक्री के अलावा कोई चारा नहीं होगा। आरबीआई इस बात को अरसे से समझता रहा है और यही कारण है कि वर्ष 1994 के बाद गठित विभिन्न समितियों की तरफ से इनकी बिक्री के बारे में दी गई अनगिनत सलाहों को दरकिनार करते हुए उसने एक बैंक के दूसरे बैंक में विलय को ही वरीयता दी है। सच तो यह है कि बैंकों को बेचने के अलावा कोई और विकल्प कभी रहा ही नहीं है।

देश का हित जिन नीतियों से है उनका विरोध करना बेकार है। आज देश में विकास के साथ खिलवाड़ की नीति से भारी नुकसान हो रहा है।

# आवास और विकास

सभी को आवास की योजना को लेकर केन्द्र और राज्य की गंभीरता कम होती जा रही है। इससे देश का विकास प्रभावित होगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 18,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि मुहैया कराएगी। इससे इस क्षेत्र में स्थिरता आएगी। सरकारी अनुमानों के मुताबिक इससे 78 लाख रोजगार तैयार होंगे। सरकार आयकर अधिनियम में संशोधन कर ऐसे मामलों में राहत प्रदान करेगी जहां लेनदेन सर्किल दर से नीचे हुआ हो। अंतर को 10 फीसदी से बढ़ाकर 20 फीसदी किया जाएगा। यह बात अहम है क्योंकि आर्थिक मंदी के चलते अचल संपत्ति कीमतों में काफी कमी आ गई है। यह कमी स्थानीय सरकारों द्वारा तय सर्किल दर में परिलक्षित नहीं हुई। माना जाना चाहिए कि इससे देश में अनबिके मकानों की तादाद कम होगी। अन्य घोषणाओं के अनुसार सरकार राष्ट्रीय निवेश एवं बुनियादी ढांचा फंड में इक्विटी डालेगी। इससे फंड बढ़ाने और मध्यम अवधि में बुनियादी ढांचा योजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने में मदद मिलेगी। सरकार पीएम गरीब कल्याण रोजगार योजना के लिए 10,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि मुहैया कराएगी। इसका इस्तेमाल महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत रोजगार देने में किया जाएगा। ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना इस वर्ष कारगर रही है और इसने देशव्यापी लॉकडाउन के दौरान घरों को लौटे प्रवासी श्रमिकों को जरूरी सहायता मुहैया कराई। सरकार ने पहले इस योजना के आवंटन में 40,000 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी की थी। आवास का विकास से सीधा संबंध है क्योंकि एक मध्यम और निम्न वर्ग के परिवार के लिये अपना आवास एक बड़ी संपति होने के साथ उनकी जीवन की सुनिश्चितता तय करता है। देश में सबको आवास योजना का ईमानदार क्रियान्वयन से एक विकसित भारत का सपना भी पूरा होगा।

# क्या दूसरा विश्वकप लायेंगी देश की बेटियां

**30 जनवरी 2023** भारतीय क्रिकेट के लिए उसी तरह एक खास दिन था, जिस तरह 25 जून 1983 का दिन। 1983 में कपिल देव की कप्तानी में भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने अपना पहला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्वकप जीता था, जबकि 2023 में शेफाली वर्मा की कप्तानी में महिला क्रिकेट टीम ने अंडर 19 क्रिकेट टी-20 विश्वकप जीतकर इतिहास रचा। 2023 में भारतीय महिला युवा टीम ने विश्व कप खिताब का खाता तो खोल दिया है इसलिए अब सीनियर टीम से भी उम्मीद है कि 10 फरवरी से शुरू हुए महिला टी-20 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच के विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करे और 18 साल के सूखे को खत्म करे। भारतीय महिला टीम 2005 में और 2017 में एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्वकप फाइनल खेल चुकी है। इसे 2005 में ऑस्ट्रेलिया से तथा 2017 में इंग्लैंड से हार का सामना करना पड़ा था। 2020 टी-20 विश्व कप में भी भारतीय महिला टीम फाइनल में पहुंची थी। लेकिन इसे ऑस्ट्रेलिया से 85 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। पिछले वर्ष कॉमनवेल्थ खेलों का फाइनल भी भारतीय महिला टीम ने खेला था। भारतीय महिला क्रिकेट टीम जनवरी 2022 से अब तक कुल 30 टी-20 मैच खेली है जिनमें से 17 में उसे जीत हासिल हुई है। इसलिए भारतीय खेल प्रेमियों की उम्मीद है उछाल पर है देखना है उस पर हमारी महिला टीम कितना खरा उतर पाती है। दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी में टी-20 महिला क्रिकेट विश्व कप का आठवां संस्करण आयोजित किया जा रहा है जो 10 फरवरी से 26-27 फरवरी तक चलेगा। सेमीफाइनल 23 फरवरी और 24 फरवरी को खेले जाएंगे जबकि फाइनल 26 फरवरी को खेला जाएगा किसी भी आप परिहार परिस्थिति के लिए 27 फरवरी का दिन रिजर्व डे के रूप में रखा गया है।

विश्व कप में हिस्सा लेने वाले 10 टीमों को दो समूहों में बांटा गया है ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया ,न्यूजीलैंड ,दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और बांग्लादेश है ,जबकि ग्रुप बी में इंग्लैंड ,वेस्टइंडीज, पाकिस्तान, आयरलैंड और भारत को रखा गया है।

यदि टीम रैंकिंग की बात करें ऑस्ट्रेलिया पहले स्थान पर ,इंग्लैंड दूसरे स्थान पर ,न्यूजीलैंड तीसरे स्थान पर और भारत चौथे स्थान पर है। पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका में होने वाले आईसीसी





**-सत्यनारायण गुप्ता**

> पिछले दिनों अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से टीम की अनेक खिलाड़ियों ने अच्छी उम्मीद जगाई है। कप्तान हरमनप्रीत के अलावा पिछले ही महीने अंडर 19 विश्वकप की ट्राफी थाम चुकी शेफाली वर्मा, आईसीसी इमर्जिंग विमेंस प्लेयर आफ द ईयर चुनी जानेवाली रेणुका ठाकुर, लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहीं स्मृति मंधाना,टी 20 कैरियर में 9 अर्द्धशतक लगाने वाली जेमिमा रोड्रिग्स, मिडिल आर्डर में तेजी से रन बटोरने की क्षमता रखने वाली रिचा घोष और आल राउंडर दीप्ति शर्मा से काफी उम्मीदें हैं।

अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप में ऐतिहासिक जीत के साथ, हरमनप्रीत कौर एंड कंपनी को 2020 टी-20 विश्व कप में अपने उपविजेता स्थान से एक कदम आगे जाने की प्रेरणा मिली है। अंडर19 महिला टी20 विश्व कप विजेता कप्तान शेफाली वर्मा और विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋचा घोष द्वारा दक्षिण अफ्रीका की स्थितियों के बारे में बहुत सारी जानकारी लाते हुए मार्की इवेंट के लिए टीम में शामिल होंगी। पिछले कुछ वर्षो में भारत बनाम पाकिस्तान की भिड़ंत दर्शकों के बीच प्रत्याशा और उत्साह की भावना पैदा करती है और साथ ही क्रिकेट के खेल में कुछ सबसे ऐतिहासिक और रोमांचकारी क्षण प्रदान करती है।पिछले कुछ दिनों में स्मृति और हरमनप्रीत की उपलब्धता चिंता का विषय बनकर उभरी है। हरमनप्रीत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में हार के दौरान बाएं कंधे में चोट लग गई थी, जबकि स्मृति को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वार्म-अप मैच में बाईं मध्य उंगली में चोट लग गई थी। अगर भारत को ट्रॉफी तक जाना है, तो उन्हें लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के लिए शैफाली, ऋचा और जेमिमा रोड्रिग्स की जरूरत होगी और साथ ही हरमनप्रीत और स्मृति का समर्थन करना होगा। दीप्ति को बल्ले और गेंद से अपनी अच्छी फॉर्म जारी रखनी होगी।गेंद के साथ तेज गेंदबाजी विभाग में रेणुका ठाकुर, पूजा वस्त्रेकर और शिखा पांडे की भूमिकाएं महत्वपूर्ण होंगी। स्पिनरों के मामले में दीप्ति को राजेश्वरी गायकवाड़, देविका वैद्य और अंशकालिक स्पिनरों, हरमनप्रीत और शैफाली की जरूरत होगी।

पाकिस्तान के अलावा, वे प्रतियोगिता के ग्रुप चरण में 2009 के चैंपियन इंग्लैंड और 2016 के विजेता वेस्टइंडीज और आयरलैंड से भी भिड़ेंगी। महिला टी20 विश्व कप में भारत के मैचों का प्रसारण देश में स्टार स्पोर्ट्स और हॉटस्टार पर किया जाएगा, जिसका कवरेज हिंदी, तमिल, तेलुगू और कन्नड़ में भी होगा।अब तक सात टी 20 विश्वकप खेले गए हैं पहला 2009 में इंग्लैंड में खेला गया था ।जिसमें आठ टीमें थी 2014 से टीमों की संख्या बढ़ाकर दस कर दी गई है। अब तक2009 ,2010 ,2012 ,2014 2016, 2018 और 2020 में सात विश्वकप खेले जा चुके हैं 2022 में कोरोना महामारी के कारण इसका आयोजन नहीं हो पाया था।

टी-20 विश्वकप में भारतीय टीम हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में खिताब के लिए संघर्ष करेगी। टीम के अन्य खिलाड़ी हैं - स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, यशितका भाटिया ,रिचा घोष, जेमिमा रोड्रिग्स ,दीप्ति शर्मा ,देविका वैद्य ,राधा यादव, रेणुका ठाकुर, अंजलि , पूजा वस्त्रकर, राजेश्वरी गायकवाड़ और शिखा पांडे। मेघना और स्नेह राणा को रिजर्व खिलाड़ी के रूप में रखा गया है।

पिछले दिनों अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से टीम की अनेक खिलाड़ियों ने अच्छी उम्मीद जगाई है। कप्तान हरमनप्रीत के अलावा पिछले ही महीने अंडर 19 विश्वकप की ट्राफी थाम चुकी शेफाली वर्मा, आईसीसी इमर्जिंग विमेंस प्लेयर आफ द ईयर चुनी जानेवाली रेणुका ठाकुर, लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहीं स्मृति मंधाना,टी 20 कैरियर में 9 अर्द्धशतक लगाने वाली जेमिमा रोड्रिग्स, मिडिल आर्डर में तेजी से रन बटोरने की क्षमता रखने वाली रिचा घोष और आल राउंडर दीप्ति शर्मा से काफी उम्मीदें हैं।

भारत की बेटियां खेल के मैदान में विपक्षी टीम की खिलाड़ियों से भिड़ने से पहले सामाजिक रूढ़ियों और व्यवस्था की खामियों से संघर्ष करके और उसे मात देकर वहां तक पहुंच पातीं हैं ?। इसलिए पूरी उम्मीद है कि दक्षिण अफ्रीका में हमारी महिला क्रिकेट टीम वहीं संघर्ष और जज्बे का प्रदर्शन करेगी। भारतीय क्रिकेट प्रेमी तो यही चाहेंगे कि इसी साल भारतीय महिला क्रिकेट खिलाड़ी दूसरी विश्वकप ट्रॉफी भी उठा लें।

## खास बात

# इस्लाम का जन्म

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

**जमीयत** उलेमा-ए-हिंद के मुखिया महमूद मदनी के बयान पर हंगामा मचा हुआ है। हमारे टीवी चैनलों पर आजकल यही सबसे बड़ा मुद्दा है। मदनी के इस कथन का कोई एतिहासिक प्रमाण नहीं है कि 'इस्लाम का जन्म-स्थान अरब देश नहीं, भारत है। पहले नबी का जन्म भारत में ही हुआ है। यह मुसलमानों की मातृभूमि है। इस्लाम को विदेशी मजहब मानना एतिहासिक दृष्टि से गलत है। हो सकता है कि जैसे हमारे बड़े नेताओं के भाषण उनके अफसर लिखकर दे देते हैं और वे उन्हें श्रोताओं के सामने पढ़ डालते हैं, वैसे ही यह गलती मदनी से भी हो गई है। लेकिन इस गलती के पीछे छिपी भावना को समझने की कोशिश की जाए तो लगेगा कि मदनी किसी भी बड़े से बड़े हिंदू से भी कम नहीं हैं।

मदनी के पूरे भाषण का सार यह है कि भारत के मुसलमानों की श्रद्धा और आस्था का सर्वोच्च केंद्र अगर कहीं है तो वह भारत में ही है। भारत जितना हिंदुओं का है, उतना ही मुसलमानों का भी है। यदि जिन्ना को यह बात समझ में आ जाती तो पाकिस्तान बनता ही क्यों? मैं तो चाहता हूं कि मदनी, ओवैसी तथा कई मुस्लिम नेता मेरे उस कथन को दोहराएं, जो कई वर्ष पहले मैंने दुबई में भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित एक बड़ी सभा में कहे थे। उस सभा की अगली पंक्ति में कई जाने-माने अरब शेख लोग भी बैठे थे।

मैंने कहा था कि मुझे हमारे भारतीय मुसलमानों पर गर्व है, क्योंकि वे दुनिया के सर्वश्रेष्ठ मुसलमान हैं। वे सर्वश्रेष्ठ इसलिए हैं कि उनके रगों में पैगंबर मुहम्मद के क्रांतिकारी सुधारों की धारा के साथ-साथ भारतीय संस्कारों की सदियों पुरानी पवित्र गंगा भी बहती है। मदनी का यह भाषण मेरे इस कथन को और भी अधिक मजबूत बनाता है, क्योंकि भारत के मुसलमान कौन हैं? वे सब पहले भारतीय ही थे, हिंदू ही थे और आजकल जिन्हें मुसलमान कहा जाता है। अरब, ईरान, तुर्किए और अफगानिस्तान से आनेवाले फौजियों और सूफी संतों की संख्या कितनी थी? अब तो उनकी संतान कौन है और कौन नहीं, यह पता लगाना भी लगभग असंभव है। वे विदेशी लोग आटे में नमक की तरह एक-मेक हो गए हैं।

**कोयंबटूर** से दो बार लोकसभा सांसद रहे, तमिलनाडु भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री सीपी राधाकृष्णन जी को झारखंड का राज्यपाल बनाएं जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

**-महेश पोद्दार, सांसद**

## आपके ट्वीट

**विपक्ष** नहीं चाहता झारखंड आगे बढ़े। 20 वर्षों का दौर विचित्र था। ऐसे दलदल में धकेला जिससे इस राज्य को बाहर निकलने में एक लंबे संघर्ष की जरूरत है। लेकिन गुजरात आगे चला गया और झारखण्ड पीछे कर दिया गया।

**- हेमंत सोरेन**





**जिनके** दिल में राष्ट्रहित सर्वोपरि है, जिनमें लोकतंत्र के लिए प्रतिबद्धता है, ऐसे युवाओं से मेरा आह्वान है कि वो आगे आएं और बीजेपी के माध्यम से देश की सेवा में जुट जायें।

**-नरेन्द्र मोदी**

# शिव तत्व

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी निरंजनानंद सरस्वती**

**लिंग** पूजा का विधान शिव के साकार विग्रह की उपासना से भी अधिक प्राचीन है।शिवलिंग परमशिव का प्रथम व्यक्त प्रतीक है । जब संसार में कुछ नहीं था, तब निराकार ने स्वयं को लिंग रूप में प्रकट किया । अतः शिवलिंग संसार का प्रथम दैवीय प्रतीक, ईश्वरीय प्रतीक माना गया है। भूलना नहीं कि शिव और शिवा एक हैं, जैसे लकड़ी में अग्नि छुपी रहती है वैसे ही शिव तत्त्व में शिवा तत्त्व छुपा है । जैसे जल में तरलता है, वैसे ही शिव तत्त्व में शिवा तत्त्व है । ये दोनों एक-दूसरे से भिन्न नहीं हैं । जैसे शरीर में बल है, लेकिन छुपा है, जब आवश्यकता होती है, तब शरीर में बल प्रकट होती है । उगर एक गिलास उठाना हो, तो गिलास उठाने के लिए जितनी शक्ति चाहिए, प्रकट होगी । अगर एक टेबल को उठाना हो तो टेबल उठाने के लिए शक्ति शरीर में, मांसपेशियों में प्रकट होगी । अगर अलमारी को हिलाना हो तो अलमारी हिलाने के लिए जितनी शक्ति चाहिए, उतनी प्रकट होगी । शक्ति हमेशा शरीर के भीतर सूक्ष्म रूप से विद्यमान रहती है । उसी प्रकार शिव तत्त्व के भीतर शिवा तत्त्व सूक्ष्म रूप में हमेशा विद्यमान रहता है । यह शिवलिंग उसी शिव और शक्ति के स्वरूप का परिचायक है । लिंग जिस पर स्थापित है, उसे अर्घा या पीठ कहते हैं । वह अर्धा शक्ति का स्वरूप है । लिंग नाम क्यों दिया गया है? लिंग साक्षात परमशिव का प्रतीक है और लय का अधिष्ठान होने के कारण उसको लिंग कहते हैं । जब सारी सृष्टि विलीन हो जाता है, समाप्त हो जाती है।

## कॉर्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### सबका हो विश्वास

**सबका** साथ, सबका विकास, सबका विश्वास सरकार का मंत्र होना चाहिए। सरकार अपने नागरिकों को सबल बनाने के लिए गरीबी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अशिक्षा को मिटाने के लिए हरसंभव प्रयास करे। देश के सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों को मुफ्त में सहजता से वैक्सीन उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता में शामिल होना चाहिए। **-रोहित शर्मा, रांची**

### मिलावट और त्योहार

**त्योहारों** के मौसम में खाद्य पदार्थों में मिलावट का कारोबार, खासतौर पर मिठाइयों में, ज्यादा जोर पकड़ता है। इसके लिए आम लोगों को जागरूक होना चाहिए। खाद्य पदार्थों में मिलावट के मुख्य कारण एक तो आमजन सरकार द्वारा बनाए गए उपभोक्ता संरक्षण के कानून के प्रति जागरूक नहीं है। दूसरा सरकार और प्रशासन मिलावट रोकने के लिए गंभीरता नहीं दिखाता।**-शिवकुमार, गढ़वा**

# देश में सी-टेट और स्टेट टेट की उपयोगिता पर प्रश्न चिन्ह

## सामयिक

**प्रियंका सौरभ**

**देश** भर में शिक्षकों की भर्ती के लिए पिछले डेढ़ दशक से शिक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जाता है, इस परीक्षा की खास बात ये है कि केंद्रीय शिक्षक पात्रता के अलावा सभी राज्य सरकारें अपनी तरफ से अलग-अलग राज्य शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित करवाती है। केंद्रीय पात्रता परीक्षा तो साल में दो-दो बार आयोजित की जाती है. मगर इन पात्रता पास अभ्यर्थियों में से मुश्किल से एक प्रतिशत को लम्बे इंतजार के बाद शिक्षक बनने का मौका मिल पाता है। आखिर ये बेरोजगार युवाओं को लूटने का तरीका बंद क्यों नहीं होता? नई शिक्षा नीति में इस लूट प्रथा पर नकेल क्यों नहीं लगाई गई?

आखिर क्यों केंद्रीय शिक्षक पात्रता पास युवाओं को राज्य में भी अलग से पात्रता उत्तीर्ण करनी पड़ती है। मकसद साफ है परीक्षा के नाम पर पैसों की लूट। राजस्थान राज्य सम्भवत एक ऐसा राज्य है जो शिक्षक पात्रता परीक्षा तभी लेता है जब वहां शिक्षकों की भर्ती निकलती है। उसी आधार पर वहां पात्रता परीक्षा आयोजित होती है और कट ऑफ निर्धारित होती है। कितना अच्छा तरीका है ये आखिर केंद्र और अन्य राज्य इस राजस्थानी पद्धति को नहीं अपनाते? बाकी राज्यों के अभ्यर्थियों को बार-बार परीक्षाओं के नाम पर क्यों ठगा जाता है?

जाहिर है हरियाणा में हर साल लगभग पांच पांच लाख अभ्यर्थी शिक्षक पात्रता परीक्षा में हर पेपर के लिए एक हजार रुपए की फीस भरकर बैठते है। नतीजन सरकार को अरबों की कमाई होती है। लेकिन सरकार को तो कमाई होती है, इसके बदले युवाओं के सपने बिक जाते है। हरियाणा में प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती हुए लगभग दस साल हो गए है. बाकी शिक्षक भर्तियों का भी यही हाल है। जब सरकार को भर्ती ही नहीं करनी तो क्यों सरकार बार-बार ये परीक्षा करवाकर बेरोजगारों को शिक्षक बनाने के नाम पर ठग कर रही है।

बार-बार शिक्षक पात्रता परीक्षा का शिक्षकों की भर्ती के अभाव में क्या औचित्य है? सच में ये बेरोजगार युवाओं को लूटने का सरकारी धंधा बन गया है। हरियाणा में दस-दस बार शिक्षक पात्रता परीक्षा पास कर चुके युवाओं को अभी तक नौकरी की कोई आस नहीं है। इस बात का सबसे बड़ा सबूत ये है कि सरकार को भर्ती के अभाव में इनकी पात्रता को मजबूर होकर पांच साल से सात करना पड़ा। हरियाणा में आगामी शिक्षक पात्रता परीक्षा का बेरोजगारों को लूटने के अलावा कोई औचित्य नहीं है। अगर सरकार को शिक्षकों कि आवश्यकता ही है तो पहले से उत्तीर्ण युवाओं को नौकरी क्यों नहीं दी जा रही। कोरोना के चलते जब भर्ती परीक्षाओं को रोक दिया है तो शिक्षक पात्रता करवाने के पीछे लूटने के अलावा कौन सी मंशा है। युवाओं को इसका एक सुर में विरोध करना चाहिए। मेरा मकसद इन परीक्षाओं की रोक का कतई नहीं है. ये परीक्षा ली जाये और पारदर्शी तरिके से ली जाये। मगर तभी ली जाये जब भर्ती आ जाये। भर्ती घोषणा के उपरांत सरकार पात्रता परीक्षा ले ताकि उत्तीर्ण युवा भर्ती में भाग ले सके। या फिर सरकार इस बात की गारंटी दे की दो साल में एक बार शिक्षक भर्ती अवश्य होगी। और उत्तीर्ण प्रतिशत भी भर्ती के एक अनुपात में हो ताकि प्रतिभाशाली युवा शिक्षक बन सके। मगर हरियाणा जहां हर साल शिक्षक पात्रता परीक्षा ली जाती है वहां उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की पांच साल की पात्र अवधी दो-दो बार समाप्त हो चुकी है मगर भर्ती नहीं आई। ऐसे में इस परीक्षा का क्या औचित्य है ?राज्यों को इसलिए शिक्षक पात्रता अवधि नेट की तरह आजीवन करने कि सख्त जरूरत है।

# क्या विनिवेश सिर्फ औद्योगिक माहौल बना सकता है?

## आर्थिक

**श्रीनिवास-राघवन**

**पिछले** दो दशकों की तरह इस साल भी वित्त मंत्रालय अपने प्रावधान तैयार करते समय विनिवेश से प्राप्त राजस्व का आकलन जरूर रखेगा। अक्टूबर माह से बजट निर्माण की प्रकिया आंरभ हो जाती है।

सरकार ने वर्ष 2020-21 के बजट में 2.1 लाख करोड़ रुपये के विनिवेश राजस्व का लक्ष्य रखा था लेकिन बढ़ते खर्चों के बीच उसे अपनी हरेक परिसंपत्ति से आय पर नजरें टिकानी होंगी। वित्त मंत्री ने अपने 'आत्मनिर्भर' पैकेज की घोषणा के समय कहा था कि रणनीतिक महत्त्व वाले क्षेत्रों में भी चार से अधिक सार्वजनिक उपक्रम नहीं रहेंगे। हम मान लेते हैं कि बैंकिंग क्षेत्र को भी रणनीतिक महत्त्व का दर्जा दिया जाएगा। इसका मतलब है कि मौजूदा समय के सात बड़े बैंकों एवं पांच छोटे बैंकों में से कई को बेचा जाएगा।

लिहाजा अर्थव्यवस्था पर एक चर्चा के दौरान मैंने पूछा कि क्या कोई कंपनी इन बैंकों को खरीदना चाहेगी और अगर हां तो फिर किन बैंकों को खरीदना चाहेगी? दुर्भाग्य से इसका जवाब है किसी को भी नहीं। वे तो सिर्फ भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को ही खरीदना चाहेंगे जो कि बिकने वाले बैंकों में शामिल ही नहीं है। हर किसी को पता है कि इसकी तीन बड़ी वजहें हैं। हर कोई दूसरे के कामकाज में दखल देता है जिससे समस्या और बिगड़ती जाती है। पहला, इन बैंकों के पास परिसंपत्तियों से अधिक तो देनदारियां हैं। इसका मतलब है कि उन्हें अधिक रकम चुकाई जानी है लेकिन उनमें से आधी से अधिक राशि लौटने ही नहीं वाली है।

आप इस समस्या की गंभीरता को उस मूल्य से आंक सकते हैं जिस पर वे कारोबार कर रहे हैं। यह काफी हद तक नकारात्मक है। यहां तक कि एसबीआई भी 210 रुपये से थोड़ा ऊपर ही कारोबार कर रहा है जो कि उसके लिए खासा निचला स्तर है। इसके उलट निजी क्षेत्र के बैंकों के शेयरों का मूल्य कहीं अधिक है। मसलन, एचडीएफसी लॉकडाउन के ठीक पहले करीब 883 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था और पिछले शुक्रवार को यह 1,308 रुपये प्रति शेयर के भाव पर पहुंच चुका था। शेयर बाजार को गणित के बारे में बखूबी पता है।

बैंकों की बहुतेरी देनदारियां खुद उनसे भी छिपी हुई हैं। यहां पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का जिक्र करना ठीक नहीं होगा जिसने बैंकों की निगरानी के मोर्चे पर काफी शिथिलता बरती है। ये बैंक पिछले 20 वर्षों से 'रचनात्मक लेखांकन' के काम में लिप्त रहे हैं। और अब पिछली हरकतों के नतीजे भुगतने का वक्त आ गया है।

असल में, सरकारी एयरलाइन एयर इंडिया सार्वजनिक उपक्रम की बिक्री का कहीं बेहतर विकल्प रहा है। यही कारण है कि सरकार ने इसे 'उद्यम मूल्य' पर ही बेचने का लगभग फैसला कर लिया है। एयर इंडिया की अपनी पूंजी पूरी तरह खत्म हो चुकी है और वह बिक्री से मिलने वाली राशि से खुद पर बकाया करीब 23,000 करोड़ रुपये के कर्ज का ही भुगतान कर सकता है। ऐसे में सवाल उठता है कि अगर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक और एयर इंडिया की कीमत कबाड़ जैसी हो गई है तो बाकी सार्वजनिक उपक्रम बिक्री से कितनी रकम जुटा सकते हैं? इसमें एक और पेच यह है कि इन उपक्रमों के पास की हजारों एकड़ जमीन को भी नहीं बेचा जा सकता है क्योंकि किसी को भी नहीं मालूम कि उन जमीन का स्वामित्व किसके पास है?

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# वार्डेन को स्कूल में वापस बुलाने की मांग को ले अनशन

स्कूल गेट में ताला बंद कर, पठन-पाठन किया बाधित, अधिकारियों के समझाने के बाद ताला खोला

**खबर मन्त्र संवाददाता**



अनशन पर बैठी केजीबी गुमला की छात्राएं

**गुमला।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय उच्च विद्यालय गुमला की छात्राएं वार्डेन को स्कूल से हटाने के विरोध में मंगलवार को स्कूल गेट पर ताला जड़कर अनशन पर बैठ गई है। छात्राएं वार्डेन को विद्यालय में वापस बुलाने की मांग कर रही थी। छात्राओं का कहना है कि वार्डेन शांति कुमारी को प्रशासन ने गलत रूप से हटाया है। छात्राओं का मांग है कि वार्डन शांति कुमारी को फिर से बहाल किया जाए। ज्ञात हो कि कस्तूरबा गांधी आवासीय उच्च विद्यालय की एक छात्रा ने बच्चे को जन्म दिया था। इसके बाद जिला प्रशासन ने जांच टीम बनाकर वार्डेन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए उसे सेवा मुक्त कर हटा दिया था। वार्डेन को हटाये जाने पर छात्राएं मंगलवार की सुबह 4 बजे से ही गेट बंद कर अनशन पर बैठक गई थी। इस दौरान विद्यालय में पठन-पाठन सहित सभी कार्यों को बहिष्कार कर दिया है। किसी को अंदर नहीं जाने दिया जा रहा था। इधर सूचना मिलते ही जिला शिक्षा पदाधिकारी मो. वसीम अहमद, अंचलाधिकारी केके मुंडू व बीडीओ सुकेशिनी केरकेट्टा समेत कई पदाधिकारी छात्राओं से वार्ता के लिए पहुंची मगर छात्राएं अपने मांग पर अड़ी रही। उन्हें वार्ता के लिए अंदर घुसने नहीं दिया। छात्राओं का कहना है कि डीसी आकर वार्ता करें एवं बर्खास्त वार्डेन शांति कुमारी को फिर से बहाल करें। छात्राओं का कहना है कि वार्डेन शांति कुमारी का किसी प्रकार का कोई गलती नहीं है उन्हें बेवजह हटाया गया है। वह निर्दोष है। जब तक वार्डन शांति कुमारी को फिर से बहाल नहीं किया जाता है वह अनशन पर बैठी रहेगी। इधर छात्राओं के इस कदम के बाद प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मची हुई है। मान मनोवल जारी है लेकिन छात्राएं अपनी मांग पर अड़ी हैं। बाद में छात्राएं अधिकारियों के समझाने पर अनशन समाप्त कर विद्यालय में गई।

# सरकार कृषि कानून से दे रही भ्रष्टाचार को बढ़ावा : रितेश कुमार



धरना देते व्यापारी

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** कृषि उपज एवं पशुधन विपणन विधेयक 2022 के विरोध में झारखंड फेडरेशन के निदेर्शानुसार लोहरदगा चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्यों द्वारा एकदिवसीय धरना प्रदर्शन उपायुक्त कार्यालय गेट समक्ष किया गया। धरना को सम्बोधित करते हुए कार्यकरिणी सदस्य चन्दन गोयल ने कहा कि कृषि कानून के तहत लगाया गया 2% टैक्स 2% नहीं बल्कि कर चक्र है जो 8 % है। क्योंकि सबसे पहले कच्चे माल पर 2% कर लगेगा फिर फैक्ट्री से निकले तैयार माल पर 2% और फिर ग्राहकों को बिक्री पर 2% देना होगा और थोड़ी सी चूक हुई तो अफशरशाही पर 2% का बोझ अलग से। अर्थात यह कृषि कानून नहीं बल्कि ऐसा काला कानून है जो भ्ष्टार्चार, अफशरशाही के साथ साथ महँगाई को चरम तक पहुंचाने वाली है। वहीं वरीय उपाध्यक्ष पंकज जायसवाल ने कहा कि सरकार को हर हाल में यह काला कानून वापस लेना होगा अन्यथा इसका जो दूरगामी परिणाम सामने आयेंगे उसका सम्पूर्ण जवाबदेही झारखण्ड सरकार की होगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षीय संबोधन में चैंबर अध्यक्ष रितेश कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा लाये गये कृषि कानून व्यापार विरोधी के साथ साथ किसान विरोधी व उपभोक्ता विरोधी कानून है। जिसके चक्की में सभी वर्ग के लोग पीस दिये जायेंगे। हम खद्यान व्यापारी पहले से हीं विभिन्न प्रकार के नियम कानून पूरा करते परेशान है। कार्यक्रम को सम्बोधन करने वालो में कार्यकरिणी सदस्य धर्मेन्द्र कुमार, दीपक सर्राफ, दीपक जायसवाल, अशोक अग्रवाल, सौरभ कुमार, विशाल अग्रवाल शामिल हैं।

# कृषि उपज एवं पशुधन विपणन विधेयक 2022 के खिलाफ प्रदर्शन



डीसी को ज्ञापन सौंपते चेंबर के पदाधिकारी

**गुमला।** झारखण्ड सरकार द्वारा पारित कृषि उपज एवं पशुधन विपणन विधेयक 2022 के खिलाफ मंगलवार को चेम्बर ऑफ कॉमर्स गुमला के सदस्यों ने हड़ताली वृक्ष के समक्ष प्रदर्शन करते हुए उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। वहीं कृषि विधेयक वापस नहीं होने पर 15 फरवरी को अनिश्चित कालीन बंद की घोषणा की। मौके पर पूर्व अध्यक्ष हिमांशु केशरी ने कहा कि व्यापारी व आम उपभोक्ताओं के हित में सरकार को अविलम्ब कृषि कानून को वापस लेना चाहिए। उन्होंने व्यापारियों से अपील की है की यह किसी एक व्यापारी की लड़ाई नहीं है सभी को एकजुट होकर अपनी अपनी दुकानें बंद रखकर अपनी एकता का प्रदर्शन करना होगा। चेम्बर अध्यक्ष दिनेश कुमार अग्रवाल ने बतलाया कि कृषि कानून के विरोध में हम सभी व्यापारी साथ हैं तथा 15 फरवरी से बंद मतलब बंद होगा। यहाँ इंस्पेक्टर राज का बोलबाला हो जायेगा व व्यापारी वर्ग परेशान हैरान हो उठेंगे। इस अवसर पर दामोदर कसेरा, अभिजीत जायसवाल, पदम साबू, महेश लाल, मो. सब्बू आदि उपस्थित थे।

# नयी योजनाओं के चयन को लेकर डीसी ने की बैठक



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मंगलवार को आकांक्षी जिला में बेहतर कार्य के लिए केंद्र सरकार की ओर से प्राप्त अवार्ड मनी के बेहतर इस्तेमाल हेतु नई योजनाओं के चयन संबंधी बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में इस अवार्ड मनी से जिला में जेएसएलपीएस के महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा एक दीदी कैफे के संचालन, बीएस कॉलेज लोहरदगा में ई-लाईब्रेरी के अधिष्ठापन, जेएसएलपीएस महिला स्वयं सहायता समूह को स्थानीय व आधुनिक परिधानों के निमार्ण हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम, सीएचसी का आधुनिकीकरण, अनुसूचित जनजातीय आवासीय उच्च विद्यालय किस्को और पेशरार प्रखण्ड में अनुसूचित जनजातीय आवासीय विद्यालय का आधुनिकीकरण के प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, जिला योजना पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी व अन्य मौजूद थें।

# शिक्षकों के गायब रहने के मामले की बीडीओ और सीओ ने की जांच

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जांच के दौरान लोगों से पूछताछ करते बीडीओ व सीओ

**घाघरा।** घाघरा बीडीओ विष्णु देव कश्यप व अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज ने संयुक्त रूप से राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय कोटा माटी में पदस्थापित शिक्षक महेंद्र महापात्रा के विद्यालय से गायब रहने की शिकायत मामले की जांच करने मंगलवार को विद्यालय पहुंचे। यहां बता दे की विद्यालय में कार्यरत शिक्षक महेंद्र महापात्रा पर अनियमित स्कूल आना जाना, बायोमैट्रिक्स अटेंडेंस नहीं बनाना एवं अपने मन से मैनुअल अटेंडेंस बनाना, विद्यालय के प्रति लापरवाही करने का आवेदन उपायुक्त गुमला को मिला था। इस संबंध में बीडीओ और सीओ ने सभी दस्तावेज अटेंडेंस व अन्य कई बच्चे और लोगों से पूछताछ किया। जहां आरोप की पुष्टि की गई। जिसके बाद अगले आदेश तक शिक्षक का वेतन पर रोक लगाने को लेकर प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को निर्देश दिया। साथ ही जिला शिक्षा पदाधिकारी को आगे की जांच रिपोर्ट भेजकर अग्रेतर कार्यवाई की बात कही। साथ ही स्पष्टीकरण की मांग भी किया है।

# नक्सल प्रतिरोध सप्ताह के दौरान विशेष सतर्कता बरतें: एसपी

एसपी की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन, अच्छा कार्य करने वाले 14 पुलिस पदाधिकारी व कर्मी सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



गोष्ठी में शामिल एसपी व अन्य

**गुमला।** पुलिस अधीक्षक डॉ. ऐहतेशाम वकारिव की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी सह बैठक का आयोजन पुलिस केन्द्र गुमला में किया गया। मौके पर एसपी ने कहा कि हत्या व अपराधिक मामलों में ग्राफ में जिले में काफी कमी आई है। उन्होंने नक्सल प्रतिरोध सप्ताह के दौरान विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया। बैठक में पिछले 02 वर्ष से अधिक समय से लंबित कांडों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा यथाशीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। थानों में लंबित वारंट, कुर्की का निष्पादन करने तथा आप्रकृतिक मृत्यु के मामलों का 24 घंटे के अन्दर निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। सड़क दुर्घटना से बचाव व रोकथाम हेतु तथा डायन बिसाही, महिला उत्पीड़न, नशापान, नशीली मादक पदार्थ के विरूद्ध जागरूकता अभियान चलाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। साथ ही अनुसंधान, विशेष छापामारी अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 14 पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों को पुरस्कृत किया गया। गोष्ठी में पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, पुलिस उपाधीक्षक अभियान, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बसिया व चैनपुर पुलिस निरीक्षक, गुमला व चैनपुर अंचल, थाना प्रभारी तथा शाखा प्रभारियों उपस्थित थे।

# दहेज उत्पीड़न मामला में पत्नी ने ससुराल वालों पर लगाया आरोप

**खबर मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** दहेज उत्पीड़न व मार पीट के आरोप में नगड़ी थाना क्षेत्र के साहेर रोड स्थित निवास स्थान से पति को गिरफ्तार सेन्हा पुलिस द्वारा जेल भेज दिया गया। सेन्हा थाना क्षेत्र के उगरा कटहर टोली निवासी रामाधार सिंह अपनी पुत्री सोनी देवी उर्फ प्रियंका का विवाह वर्ष 2022 में सामाजिक रीति रिवाज से अपनी पुत्री का विवाह राँची जिला अन्तर्गत नगड़ी थाना क्षेत्र के साहेर रोड निवासी बलराम सिंह के 32 वर्षीय पुत्र शशिभूषण सिंह के साथ किया था। वही पीड़ित महिला ने सेन्हा था में आवेदन देते हुए बताया कि विवाह के उपरांत दहेज मामला को लेकर हमेशा पति एवं महिला के ससुराल वालों लड़ाई झगड़ा और मार पीट करते रहते थे। जिससे महिला तंग आ कर सेन्हा थाना में अपने ससुराल वालों का पांच नामजद के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज कराते हुए न्याय का गुहार लगया था। इस संदर्भ में पु0आ0नि0 संतोष कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि दहेज को लेकर मार पीट कर प्रताड़ित करने के आरोप में सेन्हा थाना कांड संख्या 5/23 दर्ज कर धारा 498 ए 504,506,323,34 आईपीसी एवं 3/4 के तहत पुलिस द्वारा कारवाई करते हुए 32 वर्षीय शशिभूषण सिंह को गिरफ्तार किया गया है। और नियम संगत कारवाई करते हुए मेडिकल जांचोपरांत दहेज प्रताड़ना के आरोपी पति को जेल भेजा गया। साथ ही उन्होंने कहा कि इस मामला में संलिप्त चार अभियुक्त के विरुद्ध भी अग्रतर कारवाई किया जा रहा है।

# घाघरा के विभिन्न होटलों, ढाबा एवं दुकानों का हुआ निरीक्षण



**घाघरा।** खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार गुप्ता के नेतृत्व में घाघरा प्रखंड के विभिन्न होटलों, ढाबा एवं खाद्य सामग्री दुकानों का मंगलवार को दोपहर 3 बजे निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में 03 दुकानों से प्रतिबंधित पान मसाला जब्त किया गया एवं सबंधित दुकानदारों को नोटिस दिया गया। साथ ही दो दुकानों में नकली सॉस का प्रयोग करते पाया गया। जिन्हें जब्त कर ली गई। उन्हें नोटिस दिया गया एवं कहा कि एफएसएसएआई एक्ट 2006 के सुसंगत धाराओं के तहत करवाई की जायेगी। विभिन्न होटलों को साफ सफाई नही होने के कारण नोटिस दिया गया है। साथ ही जुमार्ना भी किया जायेगा। जिनका एफएसएसएआई लाइसेंस नहीं है वे सभी छोटे बड़े दुकान संचालक 16 फरवरी को घाघरा प्रखंड परिसर में कैंप में आकर निबंधन कराने का निर्देश दिया गया। सभी दुकान एवं होटल संचालक को साफ सफाई रखने, इंडस्ट्रियल रंग प्रयोग नहीं करने, नकली सॉस का प्रयोग नहीं करने संबंधी चेतावनी दी गई। ऐसा नहीं करने पर फूड सेफ्टी एक्ट 2006 के तहत करवाई की जायेगी। निरीक्षण में एसडीओ कार्यालय के सुमित केशरी उपस्थित थे।

# सीसीटीवी के माध्यम से आस-पास होने वाले गतिविधि पर रखें नजर: उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स, विधि-व्यवस्था, उत्पादन, कारा, परिवहन, मानव तस्करी से संबंधित समीक्षात्मक बैठक संपन्न। बैठक में कारा प्रबंधन से संबंधित समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी कैदियों के हित के लिए कई निर्देश दिये। जैसे कि लाइब्रेरी में पुस्तकें उपलब्ध कराने , ओपन जिम का निर्माण, उनके स्वास्थ्य की नियमित जांच एवं आवश्यक उपचार आदि । उपायुक्त ने कारागृह में लगे सीसीटीवी कैमरे में नियमित आस पास होने गतिविधियों पर नजर रखने का निर्देश दिया। सभी कैदियों को योग आदि करवाते रहने की बात कही। कारागृह अंतर्गत नए बने शौचालय का उदघाटन कारागृह के कैदियों के हाथों करवाने का निर्देश दिया। उन्होंने अनावश्यक पेड़ों की नियमानुसार छटनी करवाने की बात कही। साथ ही उपायुक्त ने कारागृह के अंदर नगर परिषद के द्वारा नियमित रूप से साफ सफाई करवाने की बात कही। कारागृह के अंदर 12000 लीटर की टंकी का निर्माण करवाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही कारागृह में कैदियों के लिए प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी हेतु किताबे उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने वैध विक्रेताओं की सूची की मांग करते हुये उनकी अनुज्ञाप्तियों को जांच करने हेतु संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया। जिन चौक चौराहों पर अधिक अवैध माइनिंग की शंका है वैसे स्थानों को चिन्हित करते हुए जांच बढ़ाने की बात कही। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, वन प्रमंडल पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी गुमला, कारागृह अधीक्षक, के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

## स्पीड न्यूज

### पेड़ से पत्ता तोड़ने के क्रम में गिरने से ग्रामीण की मौत

**गुमला।** रायडीह थाना अंतर्गत लौकी जमगई निवासी घुरन नागेशिया मंगलवार को एक हादसे में गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। जिसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जिससे परिजनों के बीच कोहराम मच गया और परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था। मृतक की पत्नी सुनीता देवी ने बताया कि उसका पति मवेशी के लिए पत्ता तोड़ने जंगल को ओर गया था। बैर के पेड़ में चढ़कर पत्ता तोड़ने के दौरान अचानक पैर फिसलने से वह नीचे गिर गया। सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### गुमला से दुमका जा रहा जमादार हुआ गायब

**गुमला।** गुमला स्थित अपने घर से छुट्टी बिताकर काम पर दुमका जा रहे जमादार महेश्वर उरांव 11 फरवरी से गायब हैं। इस संबंध में महेश्वर उरांव की पत्नी राजमति देवी ने गुमला थाना में सन्हा दर्ज कराया है। राजमति देवी ने बताया कि 2 फरवरी को महेश्वर उरांव दुमका से छुट्टी पर गुमला स्थित शांति नगर घर आये थे। जिसके बाद 11 फरवरी को वे दुमका जा रहे थे लेकिन वे दुमका नहीं पहुंचे। उनका मोबाईल भी स्वीच ऑफ आ रहा है। उनका काफी तलाश किया गया लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। उन्होंने थाना प्रभारी से उनकी सकुशल बरामदगी की अपील की।

### विद्यालय प्रबंधन समिति व माता समिति का चयन करने की मांग

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के तारागुट्टू गांव के ग्रामीणों ने राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय तारागुटू के प्रबंधन समिति एवं माता समिति दोनों का एक साथ चयन कराने की मांग को लेकर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के नाम शिक्षा विभाग कार्यलय में मंगलवार को ज्ञापन सौंपा। आवेदन में ग्रामीणों ने बताया कि माता समिति का शुरू से आज तक लगभग 20 वर्षों से संयोजिका नीलमणि उराव एवं कौशल्या देवी बनी हुई है। इस अवसर पर गंदुर महली, रामपति चिक बड़ाइक, गौतम चिक बड़ाइक, सुदर्शन गोप, असितोष सिंह, लोटा उराव, अनुज उराव, वीणा देवी, सुनीता देवी सहित कई ग्रामीण के नाम शामिल है।

### बाइक से गिरकर पुलिस जवान हुआ घायल

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के कोटाम के समीप पुलिस जवान बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार कुरूमगढ़ थाना में कार्यरत जवान मोहम्मद जावेद अख्तर छुट्टी लेकर गुमला आ रहा था। इसी क्रम में कोटाम के समीप बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घायल अवस्था में उसे स्थानीय लोगों के द्वारा सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया।

### महिला आग से झुलसी, गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल में भर्ती

**गुमला।** घाघरा थाना क्षेत्र के बड़काडीह निवासी संतोष महतो की 24 वर्षीय पत्नी रेनू देवी सोमवार शाम लगभग 7:00 बजे लकड़ी के चूल्हे में खाना बनाने के क्रम में आग से झुलस कर जख्मी हो गई। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार खाने बनाने के क्रम में आग अचानक साड़ी में लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थी कि पूरे कपड़े में को अपने आगोश में ले लिया। घायल महिला रेनू के द्वारा चिल्लाने की आवाज सुनकर भतीजी दौड़ते हुए आई और पास में रखें पानी को उसके ऊपर डाल दिया। जिसे आग बुझ गई। वह इस घटना में महिला के कमर से नीचे पूरी तरह से झुलस गई है।

### हजरत बाबा दुख्खन शाह का 98वां उर्स मुबारक शुरू

**लोहरदगा।** हजरत बाबा दुख्खन शाह रहमतुल्लाह अलैह के सालाना उर्स मुबारक की शुरूआत मंगलवार से परचम कुशाई के साथ की गई। परचम कुशाई की रस्म अंजुमन इस्लामिया के नाजिमें आला हाजी अब्दुल जब्बार, अंजुमन सदर हाजी अफसर कुरैशी व सेक्रेटरी सफदर आलम की अगवाई में किया गया। इसके साथ ही हजरत बाबा दुख्खन शाह के चार दिवसीय सालाना उर्स के आधिकारिक शुरूआत की घोषणा की गई।

## एक नजर में

### युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के बेलागड़ा में 19 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार 19 वर्षीय मनीषा कुमारी जो टाना भगत इंटर महाविद्यालय में 11 वीं की छात्रा है। पिछले रविवार से लापता थी। अंत में मनीषा का शव उसके घर के रसोई में एक कोने में फांसी के फंदे से झूलता हुआ मिला। इस संबंध में मृतका की मां सुकू उराईन ने बताया कि बीते रविवार को मनीषा घर से निकली थी। घरवाले यह समझ रहे थे कि बाजार गई और वहां से लौटकर नहीं आई। अपने परिजनों में इधर-उधर खोजबीन किया पर कहीं पता नहीं चला। मंगलवार को जब उसकी मां रसोई के एक कोने पर रखे धान के बोरे कि ओर किसी काम से गई तो देखी कि कोने में मनीषा का शव फांसी के फंदे से झूल रहा था। जिसके बाद इसकी जानकारी घाघरा थाना को दी गई। जहां से शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**डुमरी।** डुमरी पुलिस ने नाबालिग के साथ जबरन दुष्कर्म करने के अभियुक्त नवहट्टा खपराटोली निवासी समीर तिर्की को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के जैरागी चैरोटोली निवासी सोनी देवी ने डुमरी थाना में अपनी नाबालिग पुत्री के साथ जबरन दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया गया था। पुलिस ने मामले पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी समीर तिर्की को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया सोमवार को कपास गुटरा जाने के क्रम में अभियुक्त समीर तिर्की ने नाबालिग को खपराटोली दोन के तरफ ले जाकर जबरन दुष्कर्म किया था। छापामारी अभियान में थाना प्रभारी मनीष कुमार, पुअनि पवन तिर्की, सअनि विजय प्रताप सिंह व डुमरी सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### छात्रवृति घोटाले की कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने डीसी से जांच की मांग की



**गुमला।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चैतु उरांव ने विभिन्न विद्यालयों में अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति घोटाला के संबंध में उपायुक्त सुशांत गौरव से मिलकर आवेदन दिया। जिसमें गुमला जिला में अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति के नाम पर बड़ा फजीर्वाड़ा कर विद्यालय में नहीं पढ़ने वाले बच्चों के नाम एवं अयोग व्यक्तियों के नाम से नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर आवेदन करते हैं और फजीर्वाड़ा कर छात्रवृत्ति की स्वीकृति ली जाती है। फर्जी लाभुकों से पैसा उगाही कर बड़ी धनराशि का हेरा फेरी किया जा रहा है। उपायुक्त को इस संबंध में सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर ध्यान आकृष्ट कराया गया । सभी प्राइवेट विद्यालय में अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति के नाम पर फर्जी लाभुकों का एनपीएस पोर्टल में निबंधन कराया गया है एवं लाभुकों से ई पोस मशीन द्वारा अंगूठा लगाकर पैसे को अपने खाते में ट्रांसफर करा लेते हैं। इस कार्य में सेंडिकेट लगा हुआ है जो विगत कई वर्षों से लगातार इस तरह के गैरकानूनी फजीर्वाड़ा कार्य में बड़े धनराशि का घोटाला किया जा रहा है। इस तरह से ठगी करने वालों का खुलासा जल्द से जल्द करने साथ ही सभी संतलिप्त लोगों को कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग किया गया। उपायुक्त द्वारा कहा गया कि जल्द से जल्द इसकी जांच होगी और दोषियों पर करवाई किया जाएगा।

### वीर शहीदों की शहादत व्यर्थ नही जाती : सुमन गुप्ता



**लोहरदगा।** ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम स्कूल कुटमु में पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों की याद में विद्यालय के शिक्षक - शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों के द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की शुरूवात में दो मिनट का मौन रखा गया फिर शहीदों के चित्र पर पुष्पांजली अर्पित कर शहीदों की शहादत को याद किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की उपप्रधानाचार्य सुमन गुप्ता ने बच्चों को बतलाया कि 14 फवरी 2019 को पुलवामा में 2500 सैनिकों के काफिले पर घात लगा कर पाकिस्तानी आतंकवादियों के द्वारा भारतीय सैनिकों पर बिस्फोटक से भरी गाड़ी टकराकर हमला किया गया जिसमें हमारे देश के 40 बीर जवान शाहिद हुए थे , देश उनके बलिदान को कभी नही भूल पाएगा। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक - शिक्षिकाए और विद्यार्थी उपस्थित थे।

### जागरूक होकर सभी अपने और अपने गांव को सुरक्षित करें : अरविंद वर्मा

**लोहरदगा।** जिला में लगातार चलाये जा रहे सुरक्षित गाँव कार्यक्रम (एसवीपी) हेतू होप एवं माई चॉइसेस फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड के बदला उच्च विद्यालय में होप और ओरा के संयुक्त भागीदारी से किशोरियों को सुरक्षित माहौल प्रदान करने हेतु सुरक्षित गांव कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गांव से हो रहे असुरक्षित पलायन, ड्रॉपआउट बच्चों को स्कूलों से जोड़ना ,मानव दुर्व्यवपार आदि से बचाना है। मौके पर अरविंद वर्मा ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए मानव व्यापार,सुरक्षित स्पर्श, असुरक्षित स्पर्श, बाल विवाह, बाल मजदूरी और उनके कर्तव्य आदि पर विस्तार से बताया ,उपस्थित प्रतिभागियों ने इन विषयों पर अपनी समझ बनाई। कार्यक्रम के और प्रभावी एवम सुलभ रूप से समझ विकसित हो इसके लिए प्रोजेक्टर के माध्यम से बच्चों को प्रेरणा दायक वीडियो दिखाया गया और सुरक्षित गांव कार्यक्रम का पुस्तक वितरित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे ओरा टीम से अरविंद वर्मा, मनोरमा एक्का, उज्जवल कुशवाहा, स्कूल के शिक्षक एवं 100 बच्चों ने भाग लिया।

### बम के धमाके से उड़ गयी बच्चे की अंगुलियां

**गुमला।** चैनपुर थाना क्षेत्र के लुपुंग पाठ निवासी विनय असुर का 13 वर्षीय पुत्र आदित्य असुर का बीते सोमवार की शाम लगभग 7 बजे बम धमाके में हाथ की चार अंगुलियां उड़ गयी। जख्मी बच्चे को इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल आदित्य असुर आरसी मध्य विद्यालय ढोकापाठ में पढ़ता है। शुक्रवार को स्कूल जाने के क्रम में रास्ते में आदित्य ने एक बम पाया था। बम मिलने के बाद वह उसे झाड़ी में छिपाकर रख दिया। सोमवार की रात वह हाथ में बम लेकर गांव के कुछ बच्चों के साथ आग में मकई पका रहा था। इसी दौरान बम में विस्फोट हो गया । विस्फोट होते ही हाथ की चार अंगुलियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं बम के धमाके से उसके पैर में भी चोट लगी। लहुलुहान हालत में उसे इलाज के लिए उसे गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी स्थिति फिलहाल ठीक है। थाना प्रभारी आशुतोष कुमार ने बताया कि आदित्य को रास्ते में आलू बम मिला था। जिसके बाद वह दो दिनों तक स्कूल नहीं गया। आग में दोस्तों के साथ मकई पकाने के दौरान आलू बम फट गया और बच्चा घायल हो गया। इधर लोग यह आशंका व्यक्त कर रहे हैं कि आलू बम से बच्चे की अगंलियां इतनी बुरी तरह से नहीं उठती। जिसे फटते ही बच्चे की अंगुलियां के आगे का हिस्सा उठ गया।

### महाशिवरात्रि को लेकर शांति समिति की बैठक

**भंडरा।** महाशिवरात्रि व उर्स पर्व को लेकर मंगलवार को भंडरा थाना परिसर मे शांति समिति की बैठक की गई । बैठक की अध्यक्षता कर रहे सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि पर्व की गरिमा और आपसी भाईचारे का पूरा ख्याल होना चाहिए, तभी त्यौहार का पूर्ण आनंद मिलेगा। आज के परिवेश में कानून व्यवस्था एक बड़ी चुनौती है। जो आमजन के सहयोग बिना संभव नही। उन्होंने भगवान शंकर के इस महापर्व को सदभाव पूर्वक मनाने की अपील की और कहा कि प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। अवांछनीय तत्वों पर पूरी नजर रहेगी, किसी भी दशा में ऐसे लोग बख्शे नही जायेंगे। बीडीओ रणजीत कुमार सिन्हा ने कहा की बारात व मेले को परम्परागत तरिके से सम्पन्न कराने की बात कही।

# खतियानी जोहार यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

## जल, जंगल, जमीन हमारे पुर्वजों ने बचा कर रखा है, सरकार किसी बाहरी लोगों के हाथों में नहीं जाने देगी: हेमंत सोरेन

### क्या बोल सीएम हेमंत सोरेन

- नौकरी की तैयारी एवं उच्च शिक्षा के लिए युवकों को सरकार करेगी मदद: हेमंत सोरेन
- आने वाली पीढ़ी हमारी सुरक्षित रहे, इसलिए खतियानी जोहार यात्रा शुरू किया गया है
- लातेहार में हेमंत सोरेन ने डिग्री कॉलेज व महिला डिग्री कॉलेज व प्रखंड सह अंचल कार्यालय एवं बहुउद्देशिय भवन का किया ऑनलाईन उद्घाटन
- 1932 का खतियान लागू कर हमारी सरकार बाहरी लोगो का पहचान कर झारखंड वासियो का दिलायेगी हक व अधिकार

## जमीन सर्वे को लेकर जल्द दिशा निर्देश जारी की जायेगी : सीएम हेमंत

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** खतियानी जोहार यात्रा के तीसरे चरण का 14 वे पड़ाव के साथ लातेहार जिला से प्रारंभ हुई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने दो दिवसीय कार्यक्रम खतियानी जोहार यात्रा के दूसरे दिन न्यू पुलिस लाईन परिसर लातेहार में चतरा एवं लातेहार जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ विधि व्यवस्था एवं विकास कार्यो को लेकर उच्च स्तरीय बैठक कर दिशा निर्देश दिये। इसके बाद लातेहार खेल स्टेडियम मैदान में खतियानी जोहार यात्रा कार्यक्रम में शिरकत हुवे। जहां पर हजारों - हजार की संख्या में लोग उत्साहित होकर मुख्यमंत्री की बात सुनने को लेकर पहुंचे हुए थे इसके साथ ही झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता भी बढ़-चढ़कर इस कार्यक्रम में भाग लिए। वही कार्यक्रम के प्रारंभ में ढोल नगाड़े के साथ झारखंडी परंपरा से उन्हें स्वागत कर मंच में ले जाया गया। तत्पश्चात मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, श्रम मंत्री सत्याननंद भोगता, लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम, बड़कागाव विधायक अम्बा प्रसाद, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोतीनाथ शाहदेव, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, राजद जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव ने सामूहिक रुप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लातेहार जिला वासियों को अपने संबोधन में खतियानी जोहार यात्रा का मायने बताते हुए कहा कि झारखंड राज्य वीरों का धरती है जहां बिरसा मुंडा, नीलांबर पीतांबर जैसे महापुरुषों ने जन्म लिया एवं जल, जंगल, जमीन के लिए अपने जीवन बलिदान कर जल, जंगल, जमीन बचा कर रखा है। जिसे हमारी सरकार किन्ही बाहरी लोगों के हाथों नहीं जाने देगी झारखंड वासी अपने राज्य में ही काम करेंगे ना कि किन्हीं बाहरी लोग आकर इस राज्य में काम करेंगे इसी को खतियानी जोहार यात्रा कार्यक्रम सरकार द्वारा चलाई जा रही है। इसके अलावे जिला कमिटी व विधायक ने मुख्यमंत्री को मोमेंटो देकर स्वागत किया। इसके अलावे कई अन्य दलों के कार्यकर्ता झामुमों का दामन थामा। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता लालमोती नाथ शाहदेव ने किया। कार्यक्रम का समापन की घोषणा झामुमों जिला उपाध्यक्ष सीतमोहन मुंडा ने किया।

### जोहार यात्रा का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना: अंबा प्रसाद

बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संविधान में उल्लेखित कई अधिकार से लोग वंचित रह जाते हैं। लोगों के समस्याओं के सभी मुद्दों पर विचार कर हर-हाल में समाधान किया जाएगा। हमारी सरकार सभी के साथ हमेशा खड़ी है। आप लोगों को जागरूक होना जरूरी है खतियान जोहर यात्रा सफल तभी होगा जब आप लोग जागरूक हो जाएंगे अपना हक व अधिकार प्राप्त करने लगेंगे।

### सुरक्षा के थे कड़े प्रबंध

कार्यक्रम को लेकर जिले के उपायुक्त भोर सिंह यादव और जिला पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। भारी वाहनों को प्रवेश प्रतिबंध कर दिया गया था। जगह जगह पर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई थी। वहीं सुरक्षाकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया था। कहीं कोई कमी नहीं रहे इसके लिए सभी पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है।



माला पहनाकर मुख्यमंत्री को स्वागत करते लोग।



लोगों को संबोधित करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

### खतियानी जोहार यात्रा का मुख्य उद्देश्य लोगो को जागरूक करना है: हेमंत सोरेन

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि खतियानी जोहार यात्रा के तहत लोगो को जागरूक करना है। इस राज्य को अनेक प्रदेश के लोग चारागाह के रूप में देखते हैं और यहां के लोगों का लोगों का शोषण करते हैं। इस यात्रा के तहत यह पता चलेगा कि कौन झारखंड निवासी है और कौन बाहरी जिससे हम झारखंड वासियों को उसका अधिकार दिला सके। 1932 खतियान लागू कर हमारी सरकार बाहरी लोगो का पहचान कर झारखंड वासियो का हक दिलाने का काम कर रही है। थर्ड एवं फोर्थ ग्रेड का नौकरी देने के लिए खतियानी रैली निकाला गया है। अधिकार मांगने पर नहीं मिलता है तो छिनना पड़ता है आने वाली पीढ़ी सुरक्षित रहे, इसलिए खतियानी जोहार यात्रा शुरू किया गया है।

### लातेहार में दुबारा जमीन का सर्वे किया जाएगा: बैद्यनाथ राम

लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम ने अपने संबोधन में कहा कि जनता को जमीन का ऑनलाइन रसीद कटाने को लेकर हो रहे समस्या को देखते हुए हमारी सरकार पुनः सर्वे कराएगी जिसे सुन मौजूद लोग के चेहरे पर खुशी नजर आया और लोग खुशी से हेमंत सोरेन जिंदाबाद, बैधनाथ राम जिंदाबाद, झारखंड मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद का नारा लगाने लगे। इसके साथ ही इन्होंने कहा कि आज का दिन एक ऐतिहासिक दिन रहेगा आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा लातेहार मुख्यालय में डिग्री कॉलेज का उद्घाटन किया गया तथा लातेहार पुलिस लाइन में चतरा जिला एवं लातेहार जिला के सभी पदाधिकारी गण के साथ समीक्षा बैठक की गई। जिसमें किसान एवं युवाओं की समस्या को देखते हुए पदाधिकारी गण को इनके हित में कार्य करने का आदेश दिया गया। इससे पूर्व जनता के हित में हमारे सरकार द्वारा आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम भी चलाया गया था। इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि लातेहार के नगर पंचायत में लग रहे होल्डिंग टैक्स को हटा दिया जाए यहां के लोग अत्यंत पिछड़े हैं जिस कारण होल्डिंग टैक्स देने में असमर्थ है। साथ ही बाजार समिति के हित में भी विचार करने की बात कही है क्योंकि यहां के व्यापारीगण छोटे व्यापारी हैं।

### लातेहार में इंग्लिश मीडियम स्कूल का हुआ शुभारंभ

योजनाएं अब कागज से लेकर धरातल तक नजर आ रही है। सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले के लिए हिन्दी मीडियम के साथ-साथ इंग्लिश मीडियम की पढ़ाई स्कूलों में व्यवस्था की गई है। सीबीएसई बोर्ड की भी पढ़ाई होगी तथा शिक्षकों को ट्रेनिंग दिया जा रहा है जिसे प्राइवेट स्कूल में जाने की जरूरत नहीं है। हमारा सरकार गरीबों की सरकार है हमारी सरकार का कार्यकाल तीन वर्ष हो गया है और हमारी सरकार गरीबों के लिए मजबूती के साथ खड़ा है। लातेहार के खेल मैदान स्थित राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय में शुभारंभ किया गया है। हमारी सरकार ने पुराना पेंशन लागू करने का काम किया है। बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए बैंकों से 15 लाख तक लोन दिया जा रहा है। सबसे कम ब्याज दर पर सरकार व्यापार करने के लिए बेरोजगार लोगों को लोन देने का कार्य कर रही है। जितना भी प्राइवेट एजेंसी है वहां पर 75% स्थानीय लोगों को नौकरी दिया जाएगा।

### किसानों के हित में हमारी सरकार कार्य कर रही हैं : श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता

झारखंड के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी सरकार गरीबों एवं किसानों के हित में कार्य कर रही हैं। कोविड-19 के बाद हर जिले में पेंशन दिलाने का कार्य हमारे सरकार द्वारा किया गया है इसके साथ ही हर जिले में मुख्यमंत्री द्वारा दो से तीन बार जाकर जनता की समस्याओं का निराकरण किया गया एवं संबंधित पदाधिकारी को भी आदेश दिया गया। जिसके बाद शिविर के माध्यम से आपके सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आपके गांव घर जाकर पदाधिकारीगण द्वारा आपकी समस्याओं का निराकरण किया गया।

### जमीन सर्वे को लेकर जल्द दिशा निर्देश जारी की जायेगी: हेमंत

लातेहार जिले में जमीन सर्वे के लिए नई नियमावली बनाई जायेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि लातेहार जिले में जमीन से संबंधित जो समस्याऐं उत्पन्न हुई है वह पुरे राज्य की समस्या है। और सभी जिलों में रजिस्टर टू फाड़कर बड़े लोगों को लाभ पहुंचाया जा रहा है जिसके लिए सरकार नई नियमावली बनाने वाली है इसके लिए प्लानिंग की जा रही है। इसके लिए इस मामले राजस्व सचिव बैठक कर जल्द दिशा निर्देश जारी करेंगे।

### जेएमएम का जन्म संघर्ष करने के लिए हुआ है

हेमंत सोरेन ने आगे कहा कि आज झारखंड बहुत पीछे हैं आदिवासियों का सदियों से शोषण हो रहा है झारखंड मुक्ति मोर्चा का जन्म संघर्ष करने के लिए हुआ है और इस संघर्ष के माध्यम से हमारी पार्टी झारखंड राज्य को विकास की दिशा में ले जा रही है। हमारी सरकार ने हवाई चप्पल वाले लोगों को भी हवाई जहाज में बैठाने का काम किया है। कोविड-19 के कारण हुए लॉकडाउन में हमारा राज्य मजदूरों को घर लाने के लिए सर्वप्रथम प्रयास किया एवं सभी मजदूरों को उनके घर पहुंचाया गया है। इसके साथ ही हमारी सरकार ने 20 लाख लोगों को राशन कार्ड से जोड़ा है।

### मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के रास्ते पर चल रही है: रामचंद्र सिंह

मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि जिस तरह से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कार्य कर रहे हैं इससे पूर्व कोई भी मंत्री राज्य के हित में ऐसा कार्य नहीं किए थे। हमारे मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के रास्ते में चल रहे हैं उनकी सोच एवं राज्य के प्रति उनके विचार को सकारात्मक कर रहे हैं। झारखंड वासियों को उनका हक दिलाने का कार्य कर रहे हैं एवं झारखंड राज्य को चारागाह के रूप में देखने वाले लोगों से बचा रहे हैं।



दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करते मुख्यमंत्री, मंत्री व विधायक।



मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में उमड़ा जन सैलाब।



महिलाओं का जनसैलाब।

### मौके पर उपस्थित लोग

कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष अरुण दुबे, विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, कांग्रेस महासचिव आफताब आलम, जिप सदस्य विनोद उरांव, झामुमो युवा नेता अंकित पांडेय, विशाल कुमार, महागठबंधन के सभी प्रखंड अध्यक्ष गण, दीपू सिन्हा, बिलासनी तोपनो, पंकज तिवारी, रिंकू कच्छप, समसुल होदा, शुभम गिरी, विरेंदर पाठक, अरबिंद पाठक, अर्जुन पाठक, रविंद्र प्रजापति, चन्दन कुमार, राजू प्रसाद, विवेक गुप्ता, वासुदेव यादव, पिंटू प्रसाद, रंजीत कुमार, दीपक कुमार, विकास कुमार, आरसेन तिर्की, वारिस अंसारी, अरशद अंसारी, अशोक यादव, राजू विश्वकर्मा, हनुमान अग्रवाल, सुनैना कुमारी, टिंकू बाबू, सौरव कुमार, मनोज चौधरी, सीतमोहन मुंडा, नसीम अंसारी, पॉल एक्का, मोहन राम समेत कई लोग कार्यक्रम स्थल पर मौजूद थे।

### सीएम ने जिले के डिग्री कॉलेज एवं बहुउद्देशिय भवन का किया उद्घाटन

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खतियानी जोहार यात्रा के दौरान लातेहार के नवनिर्मित डिग्री कॉलेज व महिला डिग्री कॉलेज व लातेहार प्रखंड सह अंचल कार्यालय एवं बहुउद्देशिय भवन का ऑनलाईन उद्घाटन कर दी सौगात। इसके अलावे बुढ़ा पहाड़ के लोगों को शिक्षा रोजगार, सड़क, बिजली, पानी से छह माह के अंदर सभी मुलभूत सुविधाओं से जोड़ा जायेगा। इसके अलावे नेतरहाट को विकास के लिए कई योजनाओं की सौगात दी गई है। वहीं लातेहार में नर्सिंग कॉलेज खोलने की बात कही जिसमें लड़के और लड़कियां दोनों ट्रेनिंग कर सकेंगे।

### भारी संख्या में जोहार यात्रा में पहुंचे झामुमो के कार्यकर्ता



मनिका। मनिका प्रखंड मुख्यालय से मंगलवार को खतियानी जोहार यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जिप सदस्य सह झामुमो नेता बलवंत सिंह के नेतृत्व में हजारों हजार की संख्या में भव्य रैली लेकर झारखंड मुक्ति के कार्यकर्ता लातेहार खेल स्टेडियम में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। जहां पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झामुमो नेता बलवंत सिंह व कार्यकताओं के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के विकास कार्यों की मांग और विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सिकेश्वर राम,युवा नेता सागर कुमार यादव, रंजीत कुमार, रामेश्वर भुइयां, संदीप उरांव समेत हजारों हजार की संख्या में झामुमो के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## चंदवा प्रखंड उपप्रमुख ने डिग्री कॉलेज समेत कई मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को सौपा मांगपत्र

**चंदवा।** प्रखंड उपप्रमुख अश्विनी कुमार मिश्रा ने खतियानी जोहार यात्रा के दौरान लातेहार पहुंचे राज्य के मुखिया हेमंत सोरेन से मिलकर चंदवा प्रखंड की जनसमस्याओं से अवगत कराया साथ ही अपने स्तर से इसे अविलंब दूर करने की अपील भी की है। श्री मिश्रा ने मुख्यमंत्री को बताया कि चंदवा प्रखंड की आबादी करीब एक लाख 60 हजार है बावजूद यहां अब तक एक डिग्री कॉलेज नहीं है। प्रतिवर्ष प्रखंड से मैट्रिक में



2 हजार व इंटर मीडिएट में डेढ़ हजार से अधिक विद्यार्थी उतीर्ण होते है। कॉलेज की कमी के कारण विशेषकर छात्राओं की पढ़ाई बाधित हो रही है। गरीब घर की छात्राएं पढ़ाई छोड़ दे रही हैं। उन्होंने तत्काल इस दिशा में पहल की मांग की है। इसके अलावा पूरे लातेहार जिले में दफा 87 के मामले में पुनः कैंप लगाने एवं तरबीन कर ऑनलाइन रसीद निर्गत करने, रजिस्टर टू के आधार पर गैरमजरूआ भूमि का रसीद निर्गत करने, प्रखंड में चल रही कई बड़ी योजनाओं पर काम करने से पूर्व भूमि संबंधी समस्याओं के लिए कैंप लगाकर समस्या दूर करने के अलावे चंदवा प्रखंड को अनुमंडल का दर्जा दिलाने संबंधी मांग पत्र सौंपा है।

## खतियानी जोहार यात्रा में दिखा विधायक वैद्यनाथ राम का दमखम

## बूथों से कार्यकर्ता व जनता को जोड़ने में रहे सफल

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** सीएम हेमंत सोरेन के खतियानी जोहार यात्रा में जनता का अपार जनमर्थन मिला। लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम पूरी दमखम के साथ अपनी पार्टी कार्यकताओं को यात्रा से जोड़ने में सफल रहे। विधायक वैद्यनाथ राम के नेतृत्व में लातेहार विधानसभा क्षेत्र के प्रायः बूथों से कार्यकर्ता व जनता कार्यक्रम में भागीदारी सुनिश्चित करते नजर आए। सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रो से भी हजारों की संख्या में लोग खतियानी जोहार यात्रा में शामिल हुए, जिनका उत्साह देखते ही बन रहा था। बता दें कि खतियानी जोहार यात्रा में जन भागीदारी



सुनिश्चित करने को लेकर विधायक वैद्यनाथ राम व पार्टी के नेता व कार्यकताओं को साथ लेकर लगातार क्षेत्र में जन सम्पर्क अभियान चला रहे थे। जिसका परिणाम 14 फरवरी को खतियानी जोहार यात्रा में देखने को मिला। कार्यक्रम में अपार जनसमर्थन मिलने के बाद जनता का आभार व्यक्त करते हुए विधायक वैद्यनाथ राम ने कहा कि जनता ने जिस विश्वास के साथ हेमंत सोरेन के सत्ता में बैठाई है। उस विश्वास को हेमंत सोरेन सरकार पूर्ण करने का काम कर रही है। हेमंत सोरेन के वर्तमान कार्यकाल से पूरे राज्य की जनता खुश व संतुष्ट है। विपक्ष के द्वारा सरकार को अस्थिर करने का हर सम्भव प्रयास किया गया लेकिन गठबंधन की सरकार अडिग व अटूट है। आने वाले दिनों में हेमंत सरकार के द्वारा कई काम किये जाने हैं जो झारखंड के लिए मिल का पत्थर साबित होगा।

## गिर कर एथलेटिक कोच की संदेहास्पद मौत

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गुरीटांड पुलिया के पास एक व्यक्ति की गिरने से संदेहास्पद मौत हो गयी। मृतक की पहचान गुमला जिले के एथलेटिक कोच आनंद प्रकाश कुजूर (लाइन होटल चंदवा) के रूप में हुई। मृतक की पत्नी ग्रेस मंजू लकड़ा ने बताया कि मंगलवार की सुबह नाश्ता करने के बाद आनंद प्रकाश कुजूर टहलने जाने की बात कह घर से निकले थे। जिसके बाद वापस नहीं लौटे, काफी खोजबीन पर कुछ पता नहीं चला। शाम लगभग 4 बजे गुरीटांड पुलिया के समीप उनके गिर कर अचेत होने की सूचना मिली। घटना स्थल जब तक पहुंच पाते उनकी मौत हो चुकी थी। परिजनों की माने तो मृतक मधुमेह व रक्तचाप का मरीज था, अचानक मधुमेह व रक्तचाप बढ़ने से गिरकर उनकी मौत हुई होगी। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद चंदवा पुलिस घटना स्थल पहुंचे, पुलिस के आने के बाद परिजन शव को अपने घर ले गए। वहीं पुलिस सभी बिंदुओं को ध्यान में रखकर अग्रतर कार्रवाई में जुट गयी थी।

### जीप उपाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को दिया ज्ञापन

**बालूमाथ।** खतियानी जोहार यात्रा को लेकर लातेहार पहुंचे राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने मुलाकात कर बालूमाथ को अनुमंडल बनाने समेत कई मुद्दों पर मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपा। जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी के द्वारा बालूमाथ प्रखंड को पूर्ण रूप से अनुमंडल का दर्जा दिलाने के साथ-साथ बालूमाथ में डिग्री कॉलेज, एकलव्य विद्यालय, आईटीआई की स्थापना, जिले में विकास कार्य योजनाओं का संचालन जिला परिषद के माध्यम से कराने और राज्य सरकार के माध्यम से रेल मंत्रालय को बालूमाथ-शिवपुर रेल सवारी ट्रेनों का परिचालन शुरू कराने को लेकर आवेदन दिया। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा सकारात्मक आश्वासन देते हुए सभी समस्याओं को जल्द दूर करने का आश्वासन दिया गया। वहीं अनीता देवी ने बताया कि लातेहार जिले की समस्याओं को लेकर वह लगातार संघर्ष कर रही है और राज्य की हेमंत सरकार के माध्यम से उन समस्याओं को दूर कराने को लेकर लगातार प्रयासरत हैं। इसका समुचित फायदा क्षेत्र की जनता को मिलेगा।



ज्ञापन सौंपते जिप उपाध्यक्ष अनिता देवी।

### मुखिया ने मुख्यमंत्री को पांच सूत्री मांगों को लेकर दिया आवेदन

**बालूमाथ।** लातेहार जिला मुख्यालय में खतियानी जोहार यात्रा कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे राज्य के सीएम हेमंत सोरेन से बालूमाथ पंचायत मुखिया नरेश लोहरा ने मुलाकात की और बालूमाथ की समस्याओं को लेकर आवेदन सौंपा। दिए आवेदन में मुखिया नरेश लोहरा ने बालूमाथ को अनुमंडल, बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निर्माण, बालूमाथ में डिग्री कॉलेज निर्माण, बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला डाक्टर की नियुक्ति, वही सीसीएल द्वारा संचालित मगध और तेतरियाखांड़ के विस्थापितों को मुआवजा एवं नौकरी दिलाने की मांग की है।

### मुख्यमंत्री से मिले सहायक अध्यापकों ने सौंपा मांग पत्र

**लातेहार।** खतियानी जोहार यात्रा कार्यक्रम के तहत लातेहार पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से एकीकृत सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) संघ लातेहार की शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान अपनी समस्यों को रखा और मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र के माध्यम से सहायक अध्यापकों ने टेट पास को बेतनमान और आकलन परीक्षा के उपरांत आकलन पास को बेतनमान दिए जाने, पारा शिक्षकों की मृत्यु के बाद उनके आश्रित परिवार को अनुकमप्पा का लाभ देने, ईपीएफ कल्याण कोष लागू करने, आकलन परीक्षा का आयोजन जल्द कराने, आकलन परीक्षा बिहार मॉडल की तर्ज पर आयोजित किये जाने की मांग की।

## जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव में उम्मीदवारों ने 22 पर्चा खरीदा व 12 प्रत्याशियों ने नामांकन किया दर्ज

## अध्यक्ष पद हेतु राजमणि प्रसाद, संयुक्त सचिव (प्रशासनिक) पद हेतु मिथलेश कुमार समेत कई लोगों ने लिया पर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** जिला अधिवक्ता संघ लातेहार का आगामी 25 फरवरी को होने वाली जिला अधिवक्ता संघ लातेहार के चुनाव को लेकर 13 फरवरी को कुल 22 फॉर्म उम्मीदवारों द्वारा लिया गया। जिसमें से अध्यक्ष पद हेतु दो राजमणि प्रसाद, अरुण कुमार द्विवेदी, उपाध्यक्ष पद हेतु दो वासुदेव कुमार पाण्डेय, कुमार अमित सूचित पद हेतु चार संजय कुमार, जय प्रकाश नाथ शाहदेव, प्रदीप कुमार उपाध्याय, वृन्द कुमार, संयुक्त सचिव (प्रशासनिक) पद हेतु चार लाल अरविन्द नाथ शाहदेव, राजीव रंजन कुमार पाण्डेय, मिथलेश कुमार, कुमार अमित, संयुक्त सचिव (पुस्तकालयाध्यक्ष) पद हेतु एक सुधीर कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष पद हेतु दो मिथलेश कुमार सिन्हा एवं गणेश प्रसाद, सहायक कोषाध्यक्ष पद हेतु दो प्रमोद कुमार पाण्डेय एवं धीरेन्द्र कुमार शुक्ला तथा कार्यकारिणी सदस्य हेतु पांच मो. अब्दुल सलाम, रमण कुमार महतो, निरंजन प्रकाश मल्लान, विक्रांत कुमार सिंह सविता साहू द्वारा नामांकन प्रपत्र लिये गए। जबकि अध्यक्ष पद हेतु राजमणि प्रसाद एवं अरुण कुमार द्विवेदी, उपाध्यक्ष पद हेतु बासुदेव कुमार पाण्डेय, सचिव पद हेतु संजय कुमार एवं वृन्द कुमार, संयुक्त सचिव (प्रशासनिक) लाल अरविन्द नाथ शाहदेव एवं मिथलेश कुमार संयुक्त सचिव (पुस्तकालयाध्यक्ष) हेतु सुधीर कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष पद हेतु मिथलेश कुमार सिन्हा तथा कार्यकारिणी सदस्य पद हेतु मो. अब्दुल सलाम, रमण कुमार महतो एवं सविता साहू कुल बारह प्रत्याशियों द्वारा अपना-अपना नामांकन प्रपत्र दाखिल कर दिया गया है। मालूम हो कि कार्यकारिणी सदस्य हेतु पांच पद है। जबकि शेष सभी पद हेतु एक-एक पद है।



पर्चा लेते अधिवक्ता।

## नेशनल हॉकी कैंप में फिटनेस पर रहेगा फोकस : जननेके



**बेंगलुरु।** हॉकी इंडिया ने एशियाई खेलों को ध्यान में रखते हुए रविवार से शुरू हो रहे भारतीय महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय शिविर के लिए 33 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की है। शिविर का समापन 26 मार्च को होगा। मुख्य कोच जननेके शोपमैन ने कहा कि आगामी सत्र के लिए शिविर में शारीरिक फिटनेस में सुधार पर ध्यान दिया जाएगा। शिविर को लेकर शोपमैन ने कहा, मैं बहुत खुश हूं कि हम इस आगामी सप्ताह में अपना कैंप शुरू कर सकते हैं।

## खिलाड़ियों के कोचों को मिलेगा नकद पुरस्कार

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन करने वाले खिलाडि?ों के कोचों को भी नकद पुरस्कार से सम्मानित करने का फैसला किया है। खेलकूद विभाग के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपनी स्वीकृति दे दी है। प्रदेश सरकार के इस फैसले से आठ कोचों को नकद पुरस्कार का लाभ मिलेगा। हरियाणा खेल विभाग के निदेशक आईपीएस पंकज नैन ने मंगलवार को बताया कि कुश्ती के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हरियाणा का नाम रोशन करने वाली विनेश फौगाट के कोच ओम प्रकाश दहिया को सर्वाधिक 35 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पैरा एथलेटिक विजेता दीपा मलिक के कोच राजेश कुमार को सात लाख रुपये, बाक्सिंग में साग के कोच हितेष कुमार को पांच लाख व बाक्सर नीतू के कोच जगदीप सिंह को दस लाख, कुश्ती में नवीन के कोच कुलदीप सिंह को दस लाख, अंशू मलिक के कोच धर्मबीर सिंह को पांच लाख, दीपक के कोच अजय कुमार को दो लाख तथा अमित पंघाल के कोच अनिल कुमार को पांच लाख रुपये नकद पुरस्कार दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आठ कोचों को कुल 79 लाख रुपये नकद पुरस्कार दिए जाएंगे।

# फिट होकर वापस लौटे अय्यर, बीसीसीआई ने की घोषणा




**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज का दूसरा मैच दिल्ली में खेलना है। इस मैच की शुरूआथ 17 फरवरी को होगी। अब दिल्ली में होने वाले दूसरे मैच से पहले भारत का मैच विनर टीम से जुड़ गया है। यह जहां टीम इंडिया के लिए खुसखबरी है। वहीं ऑस्ट्रेलिया के लिए बड़ा खतरा।

### बीसीसीआई ने की घोषणा

बीसीसीआई ने घोषणा कर दी है कि टीम इंडिया के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर फिट हो गए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे से पहले अय्यर चोटिल हो गए थे। बीसीसीआई ने जारी बयान में लिखा- भारत के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने अपनी पीठ की चोट के बाद राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में अपना रिहैब सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। उन्हें बीसीसीआई मेडिकल टीम द्वारा मंजूरी दे दी गई है। श्रेयस बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी दूसरे टेस्ट से पहले नई दिल्ली में टीम में शामिल होंगे।

### बांग्लादेश में किया था कमाल

श्रेयस अय्यर ने बांग्लादेश में टेस्ट सीरीज में कमाल की बल्लेबाजी की थी। उन्होंने मुश्किल समय में नाबाद 29 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई थी। उससे पहले दो पारियों में 87 और 86 रनों की पारी खेली थी। उससे पहले श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में भी अय्यर ने तूफानी पारियां खेली थी। 7 टेस्ट की 12 पारियों में उनके नाम 65.13 की औसत से 624 रन बनाए हैं। इसमें एक शतक और 5 फिफ्टी शामिल हैं। अय्यर स्पिन गेंदबाजी के बेहतरीन बल्लेबाज हैं। इस सीरीज में ऐसी ही पिच होने वाली है, जहां स्पिन को मदद होगी।

## पहले दो टेस्ट के लिए टीम इंडिया स्क्वॉड

रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उपकप्तान), चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, केएस भरत (विकेटकीपर), शुभमन गिल, ईशान किशन (विकेटकीपर), आर अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, रविंद्र जडेजा, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज और उमेश यादव।

## केएल राहुल पर भड़के हरभजन, दिये विवादित बयान

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली टेस्ट में जहां ऑस्ट्रेलिया की टीम में बड़े बदलाव किए जा रहे हैं। वहीं अब भारतीय टीम की प्लेइंग इलेवन से केएल राहुल को बाहर करने की मांग उठने लगी है। बता दें कि नागपुर टेस्ट में ये खिलाड़ी पूरी तरह से फ्लॉप रहें थे। अब दिल्ली टेस्ट से पहले भारत के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर हरभजन सिंह ने इस खिलाड़ी को बाहर करने मांग कर दी है। इसके साथ ही भज्जी ने कहा है कि अगर इस खिलाड़ी को बाहर किया तो भारत यह सीरीज 4-0 से जीतेगा। भारत के पूर्व ऑफ स्पिन गेंदबाज हरभजन सिंह ने दिल्ली टेस्ट से पहले केएल राहुल को टीम इंडिया से बाहर करने की मांग उठाई है। भज्जी ने अपने यूट्यूब चैनल पर चर्चा के दौरान कहा है कि केएल राहुल को टीम से बाहर करना चाहिए। बता दें कि केएल राहुल नागपुर टेस्ट की पहली पारी में 71 गेंदों में महज 20 रन ही बना सके थे। इसलिए अब हर कोई उन्हें बाहर करने की मांग कर रहा है।



### शुभमन गिल को मौका दिया जाये

हरभजन सिंह ने इसके साथ ही कहा है कि केएल राहुल के स्थान पर टीम इंडिया की प्लेइंग में शुभमन गिल को मौका देना चाहिए। उन्होंने कहा कि उपकप्तान बनाए गए केएल राहुल फ्लॉप हैं। दूसरी तरफ गिल को जब भी टीम इंडिया में मौका मिलता है वह चौका लगाते हैं। शुभमन गिल ने क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सभी को प्रभावित किया है।

### बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीतेगा इंडिया

वहीं, भज्जी ने सीरीज को लेकर कहा कि बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी इंडिया जीतने वाला है। नागपुर टेस्ट में भारत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पारी और 132 रनों से जीता था। नागपुर टेस्ट में भारतीय बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों का प्रदर्शन काफी सराहनीय रहा और भारत ने टेस्ट सीरीज में 1-0 से बढ़त बना रखी है।

## रविंद्र जडेजा क्रिकेट के सभी प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर : दीप दासगुप्ता

**नयी दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर दीप दासगुप्ता ने रवींद्र जडेजा की तारीफ करते हुए कहा कि वह तीनों प्रारुप में सर्वश्रेष्ठ हरफनमौला खिलाड़ी हैं। चोट के कारण 6 महीने बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर रहे जडेजा ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच में बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने पहले 70 रनों की बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेली और मैच में सात विकेट भी लिए, जिसमें पहली पारी में 5 विकेट शामिल थे। दीप दासगुप्ता ने स्टार स्पोर्ट्स के शो फॉलो द ब्लू में कहा, छह महीने के ब्रेक के बाद ऑस्ट्रेलिया जैसी टीम के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करते हुए बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 150 से अधिक गेंदें खेलीं, उनके पास इतने अलग-अलग शॉट हैं, वह एक सुरक्षित पारी खेलते हैं और एक सामान्य स्ट्राइक रेट रखते हैं। यही मानसिक अनुशासन है जो हम उनकी गेंदबाजी में भी देखते हैं। यही कारण है कि उन्हें सर्वश्रेष्ठ में से एक माना जाता है और मेरी राय में वह सभी रूपों में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर हैं।

## रोहित ने सफल डब्ल्यूपीएल नीलामी पर मुंबई इंडियंस को दी बधाई, कहा- हमारा परिवार अब बड़ा और मजबूत हुआ है

**नयी दिल्ली।** भारत और मुंबई इंडियंस पुरुष टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने मंगलवार को एक सफल महिला प्रीमियर लीग नीलामी के लिए अपने फ्रेंचाइजी को बधाई दी। महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के पहले संस्करण की नीलामी सोमवार को हुई। रोहित ने सफल नीलामी पर अपनी फ्रेंचाइजी को बधाई देने के लिए ट्विटर का सहारा लिया। रोहित ने ट्वीट किया, एक परिवार अब बड़ा और मजबूत है। सफल नीलामी के लिए फ्रैंचाइजी को बधाई। हमारी महिला टीम को ब्लू और गोल्ड में देखने का इंतजार है। भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर को मुंबई इंडियन ने 1.8 करोड़ रुपये में खरीदा। मुंबई ने भारतीय कप्तान के लिए बोली लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। कौर के लिए आरसीबी ने बोली शुरू की, बीच में दिल्ली कैपिटल्स भी बोली-प्रक्रिया में शामिल हो गई और बोली को 1.10 करोड़ रुपये तक ले गई। अंत में मुंबई भारतीय कप्तान को अपने साथ जोड़ने में सफल रही।

**➡ डब्ल्यूपीएल का उद्घाटन संस्करण मुंबई में 4 से 26 मार्च तक मुंबई के दो स्थानों पर खेला जाएगा।**



## दक्षिण अफ्रीका रवाना हुई भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम

**एजेंसी**

**बेंगलुरु।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम मंगलवार सुबह बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से दक्षिण अफ्रीका के लिए रवाना हो गई। कप्तान के रूप में प्रीति और उप-कप्तान के रूप में रुताजा दादासो पिसल की अगुआई वाली भारतीय टीम 17 से 25 फरवरी के बीच दक्षिण अफ्रीका की जूनियर महिला हॉकी टीम और दक्षिण अफ्रीका ए टीम के खिलाफ खेलेगी। दक्षिण अफ्रीका में खेलने के बारे में



बात करते हुए, भारतीय जूनियर महिला टीम की कप्तान प्रीति ने कहा, टीम में हर कोई दक्षिण अफ्रीका में खेलने के लिए बहुत उत्साहित है। यह कुछ खिलाड़ियों का पहला दौरा है और हम चुनौती के लिए तैयार हैं। हमारे पास साई, बेंगलुरु में एक बहुत अच्छा शिविर था जहाँ हमें सीनियर टीम को भी करीब से देखने का मौका मिला। प्रीति ने कहा, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ये मैच एशिया कप अंडर-21 से पहले एक अच्छा प्रदर्शन दौरा होगा जो आगामी एफआईएच जूनियर महिला हॉकी विश्व कप के लिए एक योग्यता टूनार्मेंट होगा। दक्षिण अफ्रीका में ये मैच हमें उन क्षेत्रों को समझने में मदद करेंगे जिनमें सुधार की आवश्यकता है। भारत की फॉरवर्ड लाइन में दीपिका सोरेंग, दीपिका, सुनलिता टोप्पो, मदुगुला भवानी, अन्नू और तरणप्रीत कौर शामिल हैं। मिडफील्ड में ज्योति छत्री, मंजू चौरसिया, हिना बानो, निकिता टोप्पो, ऋतिका सिंह, साक्षी राणा और रुतजा दादासो पिसल को मौका दिया गया है।

## टीम इंडिया के खिलाड़ी लेते हैं इंजेक्शन, कथित स्टिंग ऑपरेशन में चेतन शर्मा ने खोले कई राज

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के चीफ सिलेक्टर चेतन शर्मा ने भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों के फेक इंजेक्शन से लेकर विराट कोहली, रोहित शर्मा, हार्दिक पंड्या, सौरव गांगुली तक पर बड़ा खुलासा किया है। ये सनसनीखेज खुलासे उस वक्त हुए हैं, जब देश की राजधानी दिल्ली में भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का दूसरा टेस्ट 17 फरवरी से खेलना है और इस बीच बचे हुए दो टेस्ट के लिए टीम इंडिया का सिलेक्शन होना है। जी मीडिया' की स्टिंग में वह यह कहते दिख रहे हैं कि भारतीय क्रिकेटर फिट रहने के लिए इंजेक्शन लेते हैं और उन्हें पता है कि कौन से इंजेक्शन डोपिंग में नहीं आते हैं। वीडियो में वह टीम इंडिया के बेहद कॉन्फिडेशियल मामलों पर बात करते दिख रहे हैं। यही नहीं, यह भी खुलासा किया है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा को टीम से आउट करने के लिए आराम का बहाना बनाया जा रहा है।

### 10 खुलासों के बारे में, जिनसे भारतीय क्रिकेट की छवि धूमिल हो सकती है....

### जसप्रीत बुमराह की फिटनेस पर क्या बोले चेतन शर्मा?

जसप्रीत बुमराह की फिटनेस पर चेतन शर्मा कहते हैं- जसप्रीत बुमराह झुकने में असमर्थ थे, क्योंकि उन्हें एक गंभीर चोट लगी थी। इसके अलावा एक या दो खिलाड़ी हैं जो निजी तौर पर इंजेक्शन लेते हैं। वह आड़ में इंजेक्शन लेकर कहते हैं कि वे खेलने के लिए फिट हैं।

### नकली फिटनेस का इस्तेमाल

वह आगे कहते हैं- खिलाड़ी फिट नहीं हैं, लेकिन खेलने के लिए इंजेक्शन लेते हैं। वे 80 फीसदी फिटनेस पर भी खेलने को तैयार हैं। वे इंजेक्शन लेते हैं और खेलना शुरू करते हैं। विराट कोहली - रोहित शर्मा पर वह कहते दिखते हैं- विराट कोहली और रोहित शर्मा के बीच कोई लड़ाई नहीं है, लेकिन अहंकार है। दोनों बड़े फिल्मी सितारों की तरह हैं, आप कह सकते हैं, अमिताभ बच्चन और धर्मेंद्र।

### गांगुली को कोहली पसंद नहीं थे

पूर्व बीसीसीआई प्रमुख सौरव गांगुली और विराट कोहली के रिश्ते पर बाते करते हुए कहते हैं- गांगुली ने रोहित का पक्ष नहीं लिया, लेकिन उन्होंने विराट को कभी पसंद नहीं किया। आप इसे इस तरह से रख सकते हैं। चेतन शर्मा कहते हैं- विराट कोहली को लगा कि बीसीसीआई अध्यक्ष की वजह से उन्हें कप्तानी गंवानी पड़ी। चयन समिति की वीडियो कॉन्फ्रेंस में 9 लोग थे, गांगुली ने उनसे कहा होगा कि इस बारे में एक बार सोच लो। मुझे लगता है कि कोहली ने इसे नहीं सुना, वहां 9 अन्य लोग थे, जिनमें मैं और अन्य सभी चयनकर्ता, बीसीसीआई अधिकारी शामिल थे। कोहली ने शायद उन्हें नहीं सुना होगा।

## मैं अब पूरी तरह से फिट : पीवी सिंधु

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी और ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने कहा है कि अब वह पूरी तरह से फिट हैं और बैडमिंटन एशिया मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए उत्सुक हैं, जो दुबई में मंगलवार से शुरू हो रहा है। पिछले साल, सिंधु ने सैयद मोदी इंटरनेशनल, स्विस ओपन और सिंगापुर ओपन का खिताब जीता, जिससे जीते गए टूनार्मेंटों की संख्या के मामले में यह उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ

**एशियन मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप**



बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सीजन बन गया। वह इस समय महिला एकल खिलाड़ियों की विश्व रैंकिंग में नौवें नंबर पर हैं। उन्होंने जनवरी में मलेशिया ओपन से कोर्ट में वापसी की, लेकिन चिर-प्रतिद्वंद्वी कैरोलिना मारिन से हारने के बाद पहले दौर में ही बाहर हो गईं। उसी महीने में उन्हें इंडिया ओपन में एक और शुरूआती दौर से बाहर होना पड़ा। पीवी सिंधु ने ओलंपिक डॉट कॉम के हवाले से कहा, मैं अब पूरी तरह से ठीक हूं। शारीरिक और मानसिक रूप से, मैं पूरी तरह से ठीक हूं। चोटें लगती हैं, लेकिन आपके शरीर को स्वस्थ रखना और हर बार मजबूत वापसी करना महत्वपूर्ण है। मैं सकारात्मक हूं और अपनी गलतियों से सीख रही हूं।

## एशियन गेम्स ट्रायल्स और वाईआई सेलिंग चैंपियनशिप 2023 मुंबई में संपन्न

**मुंबई।** मुंबई के गिरगांव चौपाटी में एशियन गेम्स ट्रायल और वाईआई सेलिंग चैंपियनशिप 2023 की प्रतियोगिता 07-13 फरवरी तक संपन्न हुई। इसकी मेजबानी सेना याचिंग नोड, मुंबई ने की थी। यह इवेंट सितंबर 2023 में चीन में होने वाले आगामी एशियाई खेलों के लिए तीसरा ट्रायल था और जूनियर और सीनियर दोनों वर्गों के लिए एक रैंकिंग इवेंट था। सप्ताह भर चलने वाले इस आयोजन में देश भर के 16 विभिन्न क्लबों के 189 प्रतिभागियों ने भाग लिया। देश में पहली बार फॉमूर्ला काइट का परिचय और भागीदारी इस आयोजन के दौरान हुई।

## टेस्ट सीरीज से बाहर हुए जैमीसन

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन पीठ में स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण इंग्लैंड के खिलाफ आगामी दो मैचों की टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। इसके अलावा उनके साथी तेज गेंदबाज मैट हेनरी भी बे ओवल में पहला टेस्ट मैच नहीं खेल पाएंगे क्योंकि वह पिता बनने वाले हैं और अपने परिवार के साथ हैं। जैकब डफी और स्कॉट कुगलेइजन को इन दोनों के प्रतिस्थापन के रूप में नामित किया गया है। डफी न्यूजीलैंड के इंग्लैंड के कुछ टेस्ट दौरों का हिस्सा रहे हैं।

## पेज 1 का शेष...

### खाद्यान्न व्यापार आज से बंद...

**आवक भी होगा बंद :** महासचिव डॉ रामाधीन ने कहा कि इस दौरान मंगलवार की आधी रात से आवक भी बंद होगा। पहले भी व्यापारियों ने ऑर्डर करना बंद कर दिया था। ऐसे में राज्य में खाद्यान्न संकट होगा। जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। उन्होंने बताया कि रिटेलर दुकानों ने हड़ताल को समर्थन दिया है। लेकिन छोटे राशन दुकानों में राशन के साथ अन्य सेवाएं उपलब्ध होती हैं। जिससे इस पर पूर्ण बंदी नहीं हो सकती। अगर सरकार विधेयक वापस नहीं लेती है तो राज्य में कृषि और खाद्यान्न व्यापार प्रभावित होगा। व्यापारियों का आंदोलन चैंबर ऑफ कॉमर्स के बैनर तले किया जा रहा है।

**स्टॉक होगा खत्म :** मालूम हो कि खाद्यान्न व्यापार बंद होने से राज्य में खाद्यान्न संकट गंभीर हो सकता है। व्यापारियों ने खाद्यान्न आवक भी बंद कर दिया तो एक सप्ताह में राज्य में खाद्यान्न संकट हो सकता है। व्यापारियों की मानें तो राज्य भर में एक सप्ताह का ही खाद्यान्न स्टॉक में रहता है। हर दिन व्यापारी खाद्यान्न ऑर्डर करते हैं। जो प्रतिदिन की आपूर्ति के अनुसार होती है। ऐसे में खाद्यान्न व्यापार बंद होने से सरकार की जवाबदेही बढ़ेगी। राज्य में अधिकांश खाद्यान्न के आपूर्ति अन्य राज्यों से होती है। चावल को छोड़ कर किसी भी खाद्यान्न में राज्य सरकार की पूर्ण निर्भरता नहीं है। यहां हरियाणा, पंजाब, एमपी, यूपी, पश्चिम बंगाल से खाद्यान्न मंगाये जाते हैं।

#### ये रहे उपस्थित :

प्रेस वार्ता में चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, उपाध्यक्ष अमित शर्मा, महासचिव डॉ अभिषेक रामाधीन, सह सचिव रोहित पोद्दार, शैलेष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुनिल केडिया, पूर्व अध्यक्ष मनोज नरेडी, रांची चेंबर के अध्यक्ष संजय माहुरी, आलू-प्याज थोक विक्रेता संघ, वनउपज व्यवसायी संघ के अलावा डेली मार्केट, हरमू मार्केट दुकानदार संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### एयरबस से 250-बोइंग से 290 विमान खरीदेगी एआइ...

टाटा समूह के प्रमुख एन चंद्रशेखरन ने कहा कि एयर इंडिया, एयरबस कंपनी से 250 विमान खरीदेगी। इसमें 40 वाइड बॉडी ए-350 विमान और 210 नैरो बॉडी विमान शामिल हैं। समझौते में ऑर्डर बढ़ाने के विकल्प को भी रखा गया है।

#### कार्यक्रम से जुड़ने के लिए मेरे मित्र इमैनुएल मैक्रॉन को धन्यवाद : पीएम

इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं एयर इंडिया-एयरबस को इस लैंडमार्क समझौता के लिए बधाई देता हूं। इस कार्यक्रम से जुड़ने के लिए मेरे मित्र इमैनुएल मैक्रॉन को मैं विशेष रूप से धन्यवाद करता हूं। यह महत्वपूर्ण डील भारत और फ्रांस के गहरे संबंधों के साथ-साथ भारत के नागरिक उड्डयन की सफलताओं को भी दशार्ती है।

#### देश के सुदूर हिस्से भी एयर कनेक्टिविटी से जुड़ रहे हैं : मोदी

उन्होंने कहा कि हम क्षेत्रीय संपर्क योजना उड़ान के माध्यम से देश के सुदूर हिस्से भी एयर कनेक्टिविटी से जुड़ रहे हैं, जिससे लोगों के आर्थिक एवं सामाजिक विकास को बढ़ावा मिल रहा है। भारत की मेक इन इंडिया - मेक फॉर द वर्ल्ड विजन के तहत एयरोस्पेस मैन्यूफैक्चरिंग में अनेक नए अवसर खुल रहे हैं।

## वाह! शुभमन और सारा तेंदुलकर, क्या यह सिर्फ संयोग है या कुछ और?



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज शुभमन गिल के लिए 2023 बेहतरीन जा रहा है। उनका बल्ला रन उगल रहा है और वह लगातार चर्चा में बने हुए हैं। खेल के साथ ही चर्चा उनके पर्सनल लाइफ की भी हो रही है। शुभमन गिल और उनकी गर्लफ्रेंड को लेकर अलग-अलग तरह की बातें चल रही हैं। इस बीच गिल ने वैलेंटाइन डे पर अपनी फोटो शेयर की है। इस फोटो में वह किसी रेस्टोरेंट या कैफे में बैठे हैं और कुछ पी रहे हैं। इसमें उन्होंने लिखा है- फिर से आज कौन सा दिन है?

### सारा अली खान के साथ भी जुड़ रहा नाम

शुभमन गिल का नाम पिछले कुछ समय से बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान से जुड़ रहा है। दोनों की कई फोटो वायरल हो रहे हैं। कुछ समय पहले तक गिल और सारा तेंदुलकर का नाम जुड़ रहा था। 2020 में गिल और सारा तेंदुलकर ने एक ही समय पर एक ही कैप्शन के साथ फोटो पोस्ट किये थे। तब से ही सोशल मीडिया पर दोनों के रिश्तों को लेकर बात होने लगी थी।

### क्या यह सिर्फ संयोग है?

करीब दो साल पहले यानी जुलाई 2021 में सारा तेंदुलकर ने इंस्टाग्राम पर एक फोटो पोस्ट की थी। उसमें सारा ने लिखा था- हे सिरी, मेरा फूड कहां है? दोनों फोटो के बैकग्राउंड को देखने से पता चल रहा है कि यह फोटो एक ही दिन लिया गया है। सोशल मीडिया पर फैंस भी फोटो पर यही कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने शुभमन गिल की फोटो पर लिखा- सारा तेंदुलकर वाला बैकग्राउंड। एक अन्य यूजर ने लिखा- पीछे लेफ्ट में जो लड़की है वो सेम है गाइज।

## पृथ्वी साव ने वैलेंटाइन डे पर किया प्यार का इजहार, निधि को बताया वाइफ, फिर डिलीट किया पोस्ट




नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेटर पृथ्वी साव ने मंगलवार (14 फरवरी) को मॉडल और एक्ट्रेस निधि तपाड़िया के साथ अपने रिश्ते की पुष्टि की है। वैलेंटाइन डे के मौके पर लवबर्ड्स को एक इंस्टाग्राम स्टोरी में एक साथ पोज देते देखा जा सकता है। उन्होंने लिखा- हैप्पी वैलेंटाइंस डे माय वाइफ हालांकि, दिलचस्प बात यह है कि साव ने कुछ ही मिनटों में पोस्ट को डिलीट कर दिया, लेकिन तब तक स्क्रीनशॉट लिया जा चुका था। इससे पहले भी निधि के साथ पार्टी करने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई थीं, जिसके बाद उनके अफेयर की खबरें चलने लगी थीं। हालांकि, इस बारे में न तो कभी पृथ्वी साव ने और न ही कभी निधि ने कोई बयान दिया। यह पहली बार था जब पृथ्वी साव ने खुलकर इजहार-ए-मुहब्बत की। अभिनेत्री ने हाल ही में साव के इंस्टाग्राम पोस्ट पर कॉमेंट किया था, जिसके बाद इनके रिश्ते को लेकर खबरों ने जोर पकड़ लिया था।

स्पीड न्यूज

### भूकंप से मरने वालों की संख्या 34000 पार

**अंकारा।** तुर्किये- सीरिया में आये भूकंप के एक हफ्ते पूरे हो गये हैं। इस विनाशकारी भूकंप के कारण तबाही किस कदर हुई है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अभी भी मलबों के नीचे दबे लोगों को निकाला नहीं जा सका है। वहीं, मौत का आंकड़ा 34000 के पार हो गया। सीरिया में मरने वालों की संख्या 4,574 होने की पुष्टि हुई है।

### निकोस होंगे साइप्रस के अगले राष्ट्रपति

**निकोसिया (साइप्रस)।** पूर्व विदेश मंत्री निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स ने दूसरा चुनाव जीत लिया है, अब वह साइप्रस के अगले राष्ट्रपति होंगे। निर्दलीय के रूप में चुनाव में खड़े क्रिस्टोडौलाइड्स ने 51.97 प्रतिशत वोट पाकर अपने प्रतिद्वंदी निर्दलीय एंड्रियास मावरॉययनिस पराजित किया है। एंड्रियास मावरॉययनिस को 48.03 फीसदी वोट मिले। मतपत्रों की गिनती के बाद चीफ रिटर्निंग ऑफिसर कोस्टास कॉन्स्टेंटिनो ने यह घोषणा की।

### अडाणी मामले में कांग्रेस सुप्रीम कोर्ट गयी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी की नेता डॉ जया ठाकुर ने सर्वोच्च न्यायालय में एक और रिट याचिका दायर की है, जिसमें अडाणी समूह द्वारा अपने शेयरों की कीमतों में हेरफेर करने के लिए उसके खिलाफ जारी की गयी हिडेनबर्ग रिपोर्ट के मद्देनजर जांच की मांग की गयी है। याचिका में शीर्ष अदालत की निगरानी में विभिन्न जांच एजेंसियों यानी सीबीआइ, ईडी, सेबी, आरबीआई आदि द्वारा सार्वजनिक धन और सरकारी खजाने के धन की ठगी के लिए अडाणी समूह के खिलाफ जांच की मांग की गयी है।

### भारत ने 7 करोड़ की राहत सामग्री भेजी

**नयी दिल्ली।** जब से तुर्किये और सीरिया में भूकंप आया है, तब से भारत सरकार ने इन दोनों प्रभावित देशों को राहत सामग्री भेजी है। इसमें जीवन रक्षक दवाएं, सुरक्षात्मक वस्तुएं और महत्वपूर्ण देखभाल उपकरण शामिल हैं, जिनकी कीमत 7 करोड़ रुपये से अधिक है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा, भारत वसुधैव कुटुम्बकम की अपनी पुरानी परंपरा की भावना से दोनों देशों को सहायता प्रदान कर रहा है। 7 फरवरी की सुबह ट्रक पहुंचने लगे और राहत सामग्री भारतीय वायु सेना (एआईएफ) को सौंप दी। 10 फरवरी को दोनों के लिए एक बड़ी राहत सामग्री की व्यवस्था की गयी थी।

### पाकिस्तान में दूध हुआ 210 रुपये प्रति लीटर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में महंगाई से आम लोगों में त्राहिमाम मचा हुआ है। मुल्क में दूध की कीमत 190 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर 210 रुपये प्रति लीटर पहुंच गई हैं। मुल्क के प्रमुख अखबार डॉन ने इस पर विस्तृत रिपोर्ट छापी है। इस रिपोर्ट के मुताबिक पिछले दो दिनों में जीवित बॉयलर चिकन में 30 से 40 रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि हुई है। देश में अब इसकी कीमत 480 से 500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गयी है।

# बीबीसी के दिल्ली-मुंबई दफ्तरों पर आयकर विभाग का सर्वे

## वित्तीय अनियमितता का मामला, कांग्रेस-भाजपा में आरोप-प्रत्यारोप शुरू

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) के दिल्ली समेत मुंबई दफ्तर पर आयकर विभाग के सर्वे की खबर है। बीबीसी के ठिकानों पर आयकर विभाग के सर्वे वित्तीय अनियमितता के आरोप में हुआ है। करीब 20-22 ठिकानों पर यह सर्वे हुआ है। खबरों के अनुसार, बीबीसी के दफ्तर को सील कर दिया गया है और सभी कर्मचारियों के फोन जब्त कर लिये गये हैं। कर्मचारियों को घर जाने के लिए कह दिया गया है। बीबीसी के लंदन हेडक्वार्टर को भी सर्वे की जानकारी दे दी गयी है। मंगलवार सुबह 11 बजे आयकर विभाग की टीम ने सर्वे शुरू किया। आयकर विभाग के सूत्रों के अनुसार बीबीसी पर इंटरनेशनल टैक्स में गड़बड़ी का आरोप है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 15-20 सदस्यों वाली आयकर विभाग की टीमें बीबीसी के दफ्तर पहुंची और सर्वे शुरू कर दिया। दफ्तर में अंदर आने और बाहर जाने पर भी रोक लगा दी गयी। मामले में बीबीसी की ओर से भी बयान जारी किया गया। बीबीसी न्यूज प्रेस टीम की ओर से कहा गया कि बीबीसी के नयी दिल्ली और मुंबई के दफ्तरों पर आईटी का सर्वे चल रहा है। हम उनका पूरी तरह से सहयोग कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि हम इस स्थिति को जल्द से जल्द सुलझा लेंगे।




### यह अघोषित आपातकाल है : कांग्रेस

वहीं बीबीसी पर आईटी के सर्वे की खबर के बाद कांग्रेस पार्टी ने सरकार पर हमला बोला है। कांग्रेस ने ट्वीट करते हुए लिखा कि 'पहले उन्होंने बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री पर प्रतिबंध लगाया और अब आयकर विभाग ने बीबीसी पर छापा मारा है। यह अघोषित तौर पर आपातकाल है'। बीबीसी के ऑफिसों पर कार्रवाई को कांग्रेस ने मोदी पर बनी उसकी डॉक्यूमेंट्री से जोड़ा है। पार्टी ने अपने ट्वीट में लिखा- पहले बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री आयी, उसे बैन किया गया। अब छापा पड़ गया है। अघोषित आपातकाल है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा- यहां हम अडाणी के मामले में जेपीसी मांग कर रहे हैं और वहां सरकार बीबीसी के पीछे पड़ी हुई है। 'विनाशकाले विपरीत बुद्धि'।

**मोबाइल, लैपटॉप-डेस्कटॉप जब्त :** दिल्ली के केजी मार्ग एरिया में एचटी टावर की पांचवीं और छठी मंजिल पर बीबीसी का ऑफिस है। यहां आयकर की 24 मेंबर्स की टीम ने रेड की है। इधर, मुंबई के सांताक्रूज इलाके में बीबीसी स्टूडियोज पर भी इनकम टैक्स विभाग की टीम पहुंची है। टीम ने फाइनेंस डिपार्टमेंट के लोगों के मोबाइल, लैपटॉप-डेस्कटॉप जब्त किए हैं। अफसरों के मुताबिक, इनका बैकअप लेकर इन्हें वापस कर दिया जायेगा। इनकम टैक्स के अधिकारियों ने बताया कि विभाग ने सिर्फ कंपनी के व्यावसायिक परिसर पर सर्वे किया है। प्रमोटर और डायरेक्टर के घर और अन्य जगहों पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी है।

### भाजपा बोली- भूल गये, इंदिरा ने बैन किया था

भाजपा कहा कि बीबीसी दुनिया का सबसे बकवास और भ्रष्ट कॉरपोरेशन है। भाजपा ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा है। कांग्रेस के बयान पर भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने इंदिरा गांधी का 52 साल पुराना वाकया याद दिलाया। भाटिया ने कहा- कांग्रेस शायद भूल रही है कि 1970 में इंदिरा गांधी ने एक डॉक्यूमेंट्री को लेकर बीबीसी पर बैन लगा दिया था। कांग्रेस को याद रखना चाहिए कि पूर्व पीएम इंदिरा गांधी ने बीबीसी पर प्रतिबंध लगा दिया था। आयकर विभाग ने बीबीसी ऑफिस पर कानूनी रूप से छापे मारे। दुर्भाग्य से बीबीसी का प्रचार और कांग्रेस का एजेंडा एक ही है। कांग्रेस के बयान के बाद भाजपा सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस आपातकाल की बात न करे। प्रेस की आजादी की बात करने वाले खुद आइना देखें। गौरव भाटिया ने कहा कि आयकर ने कानून के तहत ही बीबीसी के दफ्तर पर तलाशी ली है। आईटी विभाग अब पिंजरे का तोता नहीं है, जैसा सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस शासन के दौरान सरकारी संस्थानों के बारे में कहा था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों से मेरा सवाल है कि जब तलाशी किसी निष्कर्ष तक नहीं पहुंची है तो वह किस आधार पर राष्ट्र-विरोधी ताकतों के साथ खड़े हैं? वे रिपोर्ट आने तक धैर्य के साथ इंतजार क्यों नहीं कर सकते? क्यों कांग्रेस हमेशा चीन, बीबीसी और यहां तक कि आतंकवादियों के साथ खड़ी रहती है?

### पुलवामा के शहीदों को देश ने किया नमन

# सर्वोच्च बलिदान को देश कभी नहीं भूलेगा : मोदी



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** देश आज पुलवामा हमले की चौथी बरसी मना रहा है। आज ही के दिन पाकिस्तानी आतंकियों ने जम्मू कश्मीर के पुलवामा में कायराना हमला किया था, जिसमें सीआरपीएफ 40 जवानों शहीद हो गये थे। भारतीय सेना के जांबाज सिपाहियों ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया था। वायु सेना ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकियों के ठिकानों को रातों-रात नेस्तनाबूद कर दिया था। जब भी कभी आतंकियों के सफाये की चर्चा होगी तो भारतीय सेना के इस एयर स्ट्राइक को हमेशा याद किया जायेगा। इस मौके पर पीएम मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तथा कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने मंगलवार को पुलवामा के शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। पीएम मोदी ने अपने ट्वीट में कहा, अपने वीर नायकों को याद कर रहा हूं, जिन्हें हमने इस दिन पुलवामा में खो दिया था। उन्होंने कहा, हम उनके सर्वोच्च बलिदान को कभी नहीं भूलेंगे। उनका साहस हमें एक मजबूत और विकसित भारत बनाने के लिए प्रेरित करता है। श्री शाह ने ट्वीट किया,मैं वर्ष 2019 में आज ही के दिन पुलवामा में हुए भीषण आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि देता हूं। देश उनके बलिदान को कभी नहीं भूल सकता। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में उनकी वीरता और अदम्य साहस हमेशा प्रेरणास्त्रोत रहेगा। श्री सिंह ने कहा अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों को मेरी श्रद्धांजलि। देश इन जवानों के साहस और बलिदान को सलाम करता है।

# अडाणी मामले में कुछ भी छिपाने या डरने जैसा नहीं : शाह

## विपक्ष के पास सबूत है तो कोर्ट जाये, सिर्फ शोर मचाना चाहता है

### कई मुद्दों पर बोले गृह मंत्री

**एजेंसी**

**नयी दिल ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार एक न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में 2023 में कई राज्यों के चुनाव, अडानी-हिंडनबर्ग मामला, पीएफआइ पर प्रतिबंध, संसद व्यवधान, आंतरिक सुरक्षा, 2024 लोकसभा चुनाव और अन्य मुद्दों पर खुल कर चर्चा की। गृहमंत्री अमित शाह ने अडाणी मामले में कहा कि विपक्ष के पास सबूत है तो कोर्ट जाये। विपक्ष केवल शोर मचाना जानता है। गृहमंत्री अडाणी-हिंडनबर्ग प्रकरण के बाद विपक्ष के आरोपों पर कहा है कि कुछ भी छिपाने जैसा या डरने जैसा नहीं है। हिंडनबर्ग रिसर्च की एक रिपोर्ट में अदाणी समूह के संबंध में शेयरों में गड़बड़ी करने और वित्तीय धोखाधड़ी करने के दावे किये गये थे। कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी पार्टियों में सरकार पर अदाणी समूह को मदद पहुंचाने के आरोप लगाये थे।



गृह मंत्री से यह पूछे जाने पर कि कांग्रेस भाजपा पर अडाणी से मित्रता का आरोप लगा रही है। कांग्रेस का आरोप है कि अदाणी को सभी कॉन्ट्रैक्ट मिल रहे हैं। गृह मंत्री ने कहा कि इस मामले में भाजपा को कुछ छिपाने को नहीं है और ना ही डरने की जरूरत है। उन्होंने कहा इससे जुड़े एक मामले में देश के सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान लिया है। ऐसे में देश के कैबिनेट का सदस्य होने के नाते मेरे लिए इस वक्त कुछ भी बोलना ठीक नहीं होगा।

**नक्सलवाद, आतंकवाद खत्म किया :** श्री शाह ने कहा कि बिहार और झारखंड में नक्सवादी उग्रवाद लगभग समाप्त हो चुका है। मुझे विश्वास है कि छत्तीसगढ़ में भी कुछ ही समय में शांति बहाल करने में हम सफल होंगे। त्रिपुरा चुनाव पर कहा कि हमने 'चलो पलटाई' का नारा त्रिपुरा की स्थिति बदलने के लिए दिया था और आज हमने स्थिति को बदला है...हमने बजट अच्छा किया है। हमने हिंसा को समाप्त किया है। नशे के कारोबार पर कठोरता से नकेल कसी है। हमने पीएफआइ को सफलतापूर्वक बैन किया। वह देश में धर्मांधता और कट्टरता बढ़ाने वाला संगठन था। आतंकवाद का एक प्रकार से सामग्री तैयार करने का काम वे लोग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने उत्तर-पूर्व और भारत के बाकी के हिस्सों के बीच जो मन की दूरी थी उसे समाप्त कर दिया है। आज उत्तर-पूर्व के लोगों को मन से लगता है कि बाकी हिस्सों में हमारा सम्मान है। जम्मू-कश्मीर में भी आतंकवाद से संबंधित सभी प्रकार के आंकड़े सबसे अच्छी स्थिति में हैं।

# नेपाल में प्रचंड सरकार पर संकट के बादल

**एजेंसी**

**काठमांडू।** नेपाल में पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' की सरकार पर अनिश्चितता के बादल मंडराते दिख रहे हैं। सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल दोनों प्रमुख दल राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार को लेकर अपने-अपने रुख पर अड़े हुए हैं। प्रधानमंत्री प्रचंड की सीपीएन (एमसी) और पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की सीपीएन (यूएमएल) में से कोई भी पीछे हटने को तैयार नहीं है। राष्ट्रपति पद पर दोनों अपनी-अपनी पसंद का उम्मीदवार चाहते हैं। इस कारण दोनों दलों में दूरी बढ़ती ही जा रही है। सीपीएन (यूएमएल) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली ने मंगलवार को काठमांडू में अपनी पार्टी के छात्र संगठन के एक कार्यक्रम में इशारों-इशारों में कहा कि प्रचंड सरकार कुछ दिन की मेहमान है। यह गठबंधन जैसे बना था, वैसे ही बिखर जाएगा। ओली ने कहा कि संसद में किसी के पास बहुमत नहीं है, हमारे पास भी नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि अंदर और बाहर कई ताकतें इस देश को बर्बाद करने का काम कर रही हैं। नेपाल में राष्ट्रपति चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, ओली और प्रचंड के रिश्तों में दूरी बढ़ती ही जा रही है।



### चीन के हवाई क्षेत्र में कोई भी अमेरिकी गुब्बारा नहीं : व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने सोमवार को कहा कि चीन के हवाई क्षेत्र के ऊपर कोई भी अमेरिकी गुब्बारा नहीं उड़ रहा है। व्हाइट हाउस ने बीजिंग के इस तरह के दावे को खारिज करते हुए यह बात कही। साथ ही व्हाइट हाउस ने यह भी कहा कि हाल ही में अमेरिकी हवाई क्षेत्र में ऊंचाई पर उड़ रही तीन वस्तुओं को मार गिराने के मामले में एलियंस (दूसरे ग्रह के प्राणी) अथवा दूसरे ग्रह की गतिविधि से संबंधित कोई संकेत नहीं मिले हैं।व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के रणनीतिक (संचार)संयोजक जॉन किर्बी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा- 'हम चीन के ऊपर कोई निगरानी गुब्बारा और कोई विमान नहीं उड़ा रहे हैं। बीजिंग का ऐसा दावा बेबुनियाद है।

# बवाल के बाद एचएएल ने एचएलएफटी-42 एयरक्राफ्ट से हटायी बजरंगबली की फोटो

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** एयरो-इंडिया के हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) पवेलियन में प्रदर्शित किये गए स्वदेशी सुपरसोनिक एयरक्राफ्ट एचएलएफटी-42 पर लगी हनुमान जी की फोटो बवाल मचने के बाद मंगलवार को हटा दी गई। विमान की पूंछ से बजरंगबली की फोटो हटाये जाने का फैसला एचएएल की एक आंतरिक बैठक में लिया गया। एचएएल ने अपने पवेलियन में इस लड़ाकू विमान का मॉडल लगाया है। यह एक सुपरसोनिक विमान है, जिसे लड़ाकू पायलटों के प्रशिक्षण के लिए डिजाइन किया गया है। एचएएल के सीएमडी सीबी अनंतकृष्णन ने बताया कि एचएएल ने लड़ाकू पायलटों को प्रशिक्षण देने के लिए स्वदेशी सुपरसोनिक एयरक्राफ्ट एचएलएफटी-42 डिजाइन किया है। बेंगलुरु में शुरू हुए एयरो-इंडिया के पवेलियन में एचएएल ने इस ट्रेनर विमान का मॉडल लगाया है। यह दो इंजनों वाला पहला स्वदेशी ट्रेनर लड़ाकू विमान है, क्योंकि एचएएल के पास अभी जो लड़ाकू विमान है, वह एक इंजन वाला तेजस है। उन्होंने बताया कि विमान की पूंछ पर भगवान हनुमान की तस्वीर उकेरकर एचएएल ने अपनी पुरानी परंपरा को आगे बढ़ाने की कोशिश की, लेकिन सोशल मीडिया पर लोगों ने सवाल खड़ा करना शुरू कर दिया। सीएमडी अनंतकृष्णन ने विमान मॉडल की पूंछ पर भगवान हनुमान की तस्वीर लगाने के पीछे दो तर्क दिए।




# रक्षा मंत्री बोले- आने वाले समय में भारत दुनिया की सैन्य शक्ति और सुपर पावर होगा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** आने वाले समय में दुनिया की सैन्य शक्तियों और सुपर पावर के रूप में भारत का नाम सबसे पहले गिना जाएगा। हमारी सरकार ने 'आत्मनिर्भरता' पर जोर देकर न केवल युद्ध कौशल में बढ़ोतरी के लिहाज से, बल्कि युद्ध के सामानों और हथियारों का भारत में ही निर्माण करने के लिहाज से भी अनेक कदम उठाए हैं। स्वदेशी उपकरणों के उपयोग से हमारे रक्षा बलों का आत्मविश्वास और मनोबल मजबूत होगा। यह विश्वास रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को एयरो इंडिया के दूसरे दिन भारतीय वायु सेना की ओर से आयोजित एक सेमिनार के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए जताया। उन्होंने उल्लेख किया कि भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के कारण भारत अपने रक्षा क्षेत्र को मजबूत करने के लिए कदम उठा रहा है। केंद्र सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा मजबूत करने के लिए रक्षा बलों को सर्वोत्तम उपकरण और मंच उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। राजनाथ सिंह ने कहा कि युद्ध की तैयारी के साथ-साथ सरकार ने रक्षा उत्पादन और तैयारियों में आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित किया है। इसके परिणामस्वरूप भारत रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। राजनाथ सिंह ने कहा कि लंबे समय से भारत एयरक्राफ्ट से लेकर हेलीकॉप्टर, गन, मिसाइल, रडार सिस्टम आदि का आयात करता रहा है, लेकिन अब आकाश हथियार प्रणाली, एलसीए तेजस, लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान और हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर 'प्रचंड' आदि देश में ही बनने लगे हैं।

- हथियारों का भारत में ही निर्माण करने के लिहाज से सरकार ने कई अहम कदम उठाए
- स्वदेशी उपकरणों का इस्तेमाल करने से रक्षा बलों का आत्मविश्वास और मजबूत होगा



# अर्जुन ने मलाइका को किया वैलेंटाइन डे विश

अभिनेता अर्जुन कपूर और अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा के रिश्ते के बारे में सभी जानते हैं। दोनों के बीच की केमिस्ट्री को फैंस भी खूब पसंद कर रहे हैं। मलाइका-अर्जुन एक दूसरे को कई सालों से डेट कर रहे हैं। ऐसे में आज का दिन वेलेंटाइन डे इन दोनों के लिए बेहद अहम है। अर्जुन ने हमेशा की तरह वैलेंटाइन्स डे पर अपनी गर्लफ्रेंड मलाइका को विश किया। सोशल मीडिया पर एक खास फोटो शेयर करते हुए अर्जुन ने मलाइका से अपने प्यार का इजहार किया है। अर्जुन कपूर ने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की है। फोटो में अर्जुन ने मलाइका का हाथ थामे खूबसूरत पोज दिया है। फोटो में दोनों बेहद खुश नजर आ रहे हैं। अर्जुन का ये पोस्ट इस वक्त सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। अर्जुन और मलाइका के रिश्ते की बात करें तो दोनों कई जगहों पर साथ घूमते नजर आते हैं। कई इंटरव्यू में दोनों अपने रिश्ते के बारे में खुलकर बात करते भी नजर आते हैं। और तो और मलाइका-अर्जुन हमेशा फैन्स को कपल गोल्स देते नजर आते हैं। अर्जुन कपूर की अपकमिंग फिल्में... हाल ही में अर्जुन कपूर फिल्म कुत्ते के फैंस से मिलने पहुंचे लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर असफल रही। फिल्म फैन्स का मनोरंजन नहीं कर पाई। अब अर्जुन अभिनेता अल्लू अर्जुन स्टारर पुष्पाः द रूल में नजर आएंगे लेकिन फिल्म निर्माताओं ने इसकी कोई आधिकारिक घोषणा अभी तक नहीं की है।




# पार्टनर का फोन चेक करती थीं कैटरीना

कैटरीना कैफ ने अभी तक अपने वेलेंटाइन डे की योजनाओं का खुलासा नहीं किया है, लेकिन वह अपने दोस्तों मिनी माथुर और करिश्मा कोहली के साथ उनके वेलेंटाइंस डे 2023 समारोह के हिस्से के रूप में एक मजेदार खेल खेलने के लिए बैठीं। कैटरीना के मेकअप ब्रांड के ब्यूटी के इंस्टाग्राम पेज ने नेवर हैव आई एवर गेम खेलते हुए पर्सनल लाइफ से जुड़े सीक्रेट खोले और उनका एक वीडियो साझा किया। वीडियो के कैप्शन में लिखा है, @कैटरीना कैफ @करिश्मा कोहली और @मिनी माथुर को नेवर हैव आई एवर प्ले देखने के लिए हमसे जुड़ें। राज खुलेंगे और दोस्ती का जश्न मनाया जाएगा। पहले सवाल में कि क्या उन्होंने कभी अपने पार्टनर का फोन देखा है, कैटरीना कैफ ने ऐसा करने की बात स्वीकार की। उनकी करीबी दोस्त मिनी माथुर ने तुरंत कहा, विक्की अपना पासवर्ड बदलो। कैटरीना ने कहा, नहीं, मैंने इसे अपने कम समझदार दिनों में किया है। अब जब कि मैं और अधिक समझदार हो गई हूँ, मैं फिर कभी ऐसा नहीं करूंगी। यहां तक कि अगर कोई फोन खोलकर मेरे पास रखता है, तो भी मैं नहीं देखूंगी। कैटरीना ने स्वीकार किया कि एक फिल्म पर काम करने के दौरान चोट लगने का बहाना किया था। इसके साथ ही उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि वह कुछ दिवाली पार्टियों में, सार्वजनिक बाथरूम में रोई हैं।



VP VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT

| Class - VIII | Classes VI & VII |
|---|---|
| Class VIII Today (Combined) ₹ 250 | Class VII Today (Combined) ₹ 240 |
| Class VIII Today (English Medium) ₹ 280 | Class VI Today (Combined) ₹ 240 |
| Mathematics Practical ₹ 60 | |
| Science Practical ₹ 60 | |
| S. Science Practical ₹ 60 | |
| Hindi Vyakaran–I ₹ 60 | Hindi Vyakaran–I ₹ 60 |
| English Grammar–I ₹ 60 | English Grammar–I ₹ 60 |
| Sanskrit Vyakaran–I ₹ 50 | Sanskrit Vyakaran–I ₹ 50 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!